@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
वीरवार, 13 मार्च 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 123 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## नेताओं को सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाले बयान नहीं देने चाहिए: अजित पवार

मुंबई, 12 मार्च। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपने एक बयान में कहा है कि नेताओं को सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाले बयान नहीं देने चाहिए। एनसीपी के प्रमुख अजित पवार ने यह टिप्पणी अपनी ही सरकार के मंत्री



नीतेश राणे के बयान पर की और उन्होंने नीतेश राणे के बयान को गुमराह करने वाला बताया। अजित पवार ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे बयान नहीं दिए जाएं, जो सांप्रदायिक तनाव पैदा करें। दरअसल भाजपा नेता नीतेश राणे ने हाल ही में अपने एक बयान में दावा किया कि मुस्लिम छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना का हिस्सा नहीं थे। बुधवार को अजित पवार कराड में राज्य के पहले सीएम और कांग्रेस के दिग्गज नेता यशवंतराव चव्हाण की जन्म वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। इस दौरान जब उनसे नीतेश राणे के बयान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कुछ लोग, दोनों राजनीतिक पक्षों से, कई बार ऐसे बयान दे देते हैं, जो महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए हानिकारक हैं। अतीत में राज्य के नेताओं ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है और यहां विभिन्न समुदाय शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहे हैं। अजित पवार ने कहा कि एक संप्रभु राज्य की नींव रखते हुए शिवाजी महाराज ने कभी भी किसी के साथ जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया। राजनेता, फिर चाहे वो सरकार में हों या फिर विपक्ष में, उन्हें सावधानी से बयान देने चाहिए ताकि सांप्रदायिक तनाव न बढ़े।

# पीएम मोदी मॉरीशस से स्वदेश हुए रवाना

**सिम्मी कौर बब्बर**

पोर्ट लुईस, 12 मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय मॉरीशस दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार को मॉरीशस को भारत और 'ग्लोबल साउथ' के बीच एक सेतु करार दिया। उन्होंने कहा कि मॉरीशस सिर्फ एक साझेदार देश भर नहीं है, बल्कि भारत के परिवार का हिस्सा है। पीएम मोदी ने पोर्ट लुईस में एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए इस दक्षिण-पूर्वी अफ्रीकी द्वीपीय देश को नए संसद भवन के निर्माण सहित विकास में हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पूरी कर बुधवार को मॉरीशस से स्वदेश रवाना हो गए हैं। बता दें कि, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम उन्हें विदा करने हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। इससे पहले दिन में पीएम मोदी ने मॉरीशस के गंगा तालाब पर पूजा-अर्चना की और प्रयागराज में महाकुंभ मेले में त्रिवेणी संगम का पवित्र जल विसर्जित किया। भारतीय नौसेना के दुर्जेय विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल ने मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के मौके पर स्थानीय लोगों के लिए अपने डेक खोल दिए। यह जहाज 14 मार्च तक स्थानीय लोगों के लिए खुला रहेगा। यह युद्धपोत 10 मार्च को पोर्ट लुईस पहुंचा था। यह भारतीय नौसेना की उस टुकड़ी का हिस्सा है जिसने यहां राष्ट्रीय दिवस परेड में भाग लिया। आईएनएस इंफाल के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन कमल के चौधरी ने कहा, परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करना 'बहुत गर्व और सम्मान की बात' है। यह इस समारोह में भारतीय युद्धपोतों और विमानों की भागीदारी की हमारी दीर्घकालिक परंपरा के अनुरूप है। परेड के अलावा, हम कई प्रशिक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भाग ले रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने मॉरीशस दौरे को लेकर ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा- ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, और वह भी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम, जीसीएसके, एफआरसीपी और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 से 12 मार्च तक मॉरीशस की राजकीय यात्रा के दौरान मॉरीशस और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण दायरे पर व्यापक और उपयोगी चर्चा की। 11



मार्च 2025 को आयोजित द्विपक्षीय बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने पुष्टि की कि मॉरीशस और भारत के बीच एक विशेष और अद्वितीय संबंध है जो इतिहास, भाषा, संस्कृति, विरासत, रिश्तेदारी और मूल्यों के साझा बंधनों को देखते हुए अद्वितीय है। उन्होंने आगे स्वीकार किया कि लोगों से लोगों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर आधारित मॉरीशस-भारत संबंध पिछले कई दशकों में मजबूती से बढ़कर एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं और दोनों देशों, उनके लोगों और व्यापक हिंद महासागर क्षेत्र को लाभान्वित करते हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि, करीब 8 सहमति पत्रों का आदान-प्रदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने मॉरीशस में नए संसद भवन के निर्माण के लिए भारत के सहयोग की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस यात्रा पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के बीच औपचारिक प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई, जिसमें उन्होंने विकास साझेदारी पहल, व्यापार और आर्थिक संबंधों का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने एक बेहतर रणनीतिक साझेदारी के लिए एक संयुक्त दृष्टिकोण अपनाया है।

## बलोच लड़ाकों के कब्जे से 190 यात्री मुक्त कराए गए, 24 अब भी बंधक

**कौमी संवाददाता**

बलूचिस्तान, 12 मार्च। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने अगवा ट्रेन से 190 यात्रियों को बचा लिया है। अभी 24 यात्री बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के कब्जे में हैं, जिन्हें मुक्त कराने के लिए बुधवार को दूसरे दिन अभियान जारी रहा। सुरक्षा बलों ने 30 बलोच लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है। इस घटना में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि पाकिस्तान सरकार ने 200 से अधिक ताबूत क्वेटा भेजे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने घटना की निंदा की है और सभी यात्रियों को जल्द से जल्द रिहा करने का आग्रह किया है। अधिकारियो ने बताया कि क्वेटा से 160 किमी दूर सुरंग में बंधक बनाई गई ट्रेन को मुक्त कराने के लिए बीएलए लड़ाकों और पाकिस्तानी सेना व सुरक्षा बलों के बीच लड़ाई जारी है। बीएलए ने बंधकों के बीच अपने आत्मघाती दस्ते के



सदस्यों को बिठा दिया है, जिन्होंने सुसाइड जैकेट पहन रखी है। इन्होंने महिलाओं और बच्चों को अपने पास बैठने के लिए मजबूर कर दिया है। इससे सुरक्षा बलों के लिए बंधकों को मुक्त कराना मुश्किल हो गया है। बीएलए ने पहले ही सैन्य कार्रवाई पर सभी बंधकों को मार देने की धमकी दी है। मुक्त कराए गए एक यात्री ने कहा कि हमले में कई यात्री घायल हुए हैं और कुछ की मौत भी हो गई है। सरकार की तरफ से अभी यह नहीं कहा गया है कि बीएलए लड़ाकों के कब्जे में अभी कितने यात्री हैं। बीएलए ने मंगलवार को कुल 214 यात्रियों को बंधक बनाने का दावा किया था, जिनमें से 190 यात्रियों को मुक्त करा लिया गया है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि आखिरी यात्री को मुक्त कराने तक अभियान जारी रहेगा। बंधकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बल अत्यधिक सतर्कता बरत रहे हैं। सुरक्षा से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रेन को अगवा करने में कितने लड़ाके शामिल हैं। लेकिन उनमें से कुछ के पास सैटेलाइट फोन हैं जिसके जरिये वे अपने हैंडलरों से संपर्क में हैं। ट्रेन में सवार यात्रियों के परिजनों और रिश्तेदारों को ताजा सूचना मुहैया कराने के लिए पाकिस्तान रेलवे ने पेशावर और क्वेटा में आपातकालीन डेस्क बनाए हैं। पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने के बाद क्वेटा से पेशावर के बीच दोबारा ट्रेन सेवा शुरू की थी। बीएलए ने मंगलवार को धमकी दी थी कि यदि अधिकारी बलूच राजनीतिक कैदियों, कार्यकर्ताओं और लापता व्यक्तियों को 48 घंटे की भीतर रिहा नहीं करती है तो वे बंधकों को मारना शुरू कर देंगे। उनका कहना है कि इन लोगों को सेना ने अगवा कर लिया है। ट्रेन में सवार इसके एक लड़ाके ने एक टेलीग्राम संदेश में कहा, कामरेड आपके लिए, इस मातृभूमि के लिए अपना खून बहा रहे हैं। इस संदेश में खनिज समृद्ध बलूचिस्तान के लोगों से पाकिस्तान सरकार के खिलाफ समूह की लड़ाई में शामिल होने का आग्रह किया गया।

## चांगलांग जिले में सीमा विवाद सुलझाने के लिए असम से करेंगे बातचीत

ईटानगर, 12 मार्च। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द ही चांगलांग जिले में सीमा विवाद को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए असम के साथ बातचीत करेगी। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने 2022 में नामसाई घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। लेकिन इसमें चांगलांग को शामिल नहीं किया गया था। इस घोषणा का मकसद 11 जिलों में विवादित सीमावर्ती गांवों की संख्या 123 से घटाकर 86 करना था। खांडू राज्य विधानसभा में निर्दलीय विधायक लाइसम सिमाई के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चांगलांग के लिए क्षेत्रीय समिति सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपने में विफल रही है, जिसके कारण जिले को समाधान की प्रक्रिया से बाहर रखा गया। उन्होंने आगे बताया कि पांच जिलों में विवादों को सुलझा लिया गया है, जबकि छह जिलों में विवाद सुलझाने बाकी हैं। मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वास्त किया कि चांगलांग के मुद्दे को अलग से असम सरकार के साथ उठाया जाएगा। सिमाई ने इस मुद्दे को उठाते हुए आरोप लगाया था कि जून 2022 में चांगलांग के लिए गठित क्षेत्रीय समिति असम के विरोध के कारण निष्क्रिय हो गई है, क्योंकि 2014 की स्थानीय रिपोर्ट में जिले के किसी भी विवादित गांव का जिक्र नहीं किया गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य का दूसरा सबसे बड़ा जिला चांगलांग असम के साथ लंबी सीमा साझा करता है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं, राज्य के गृह मंत्री मामा नतुंग ने विधायक की चिंताओं पर जवाब देते हुए सदन को बताया कि असम ने विवाद के समाधान की प्रक्रिया में चांगलांग को शामिल करने पर आपत्ति जताई है, क्योंकि 2014 के स्थानीय आयोग की रिपोर्ट में सूचीबद्ध 123 विवादित गांवों में इसका नाम शामिल नहीं है।

# हरियाणा में नौ निगमों में बजा भाजपा का डंका

**सौरभ शर्मा**

हरियाणा, 12 मार्च। हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था। वहीं, भाजपा रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद नगर निगम में मेयर का चुनाव जीत गई है। कांग्रेस सभी निगमों में पिछड़ी गई है। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना की नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा के डॉ. संजय जांग?ा ने जीत दर्ज की है। फतेहाबाद जिले की जाखल मंडी नगर पालिका में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कुमार चेयरमैन बन गए हैं। नगर निगम मेयर के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। तीन बार कलानौर हलके से विधानसभा चुनाव हार चुके पार्टी के मेयर प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि ने कांग्रेस प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45 हजार 191 हजार वोटों के अंतर से मात दी। खास बात यह रही कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट बाहुल्य वार्डों में जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, वहां भाजपा मेयर चुनाव में भारी पड़ी। नॉन जाट बाहुल्य वार्डों में तो कांग्रेस को करारी हार मिली है। 13 राउंड चली मतगणना में कांग्रेस भाजपा को एक भी राउंड में नहीं हरा सकी। निगम चुनाव में भाजपा ने जहां पूरा जोर लगाया,



जबकि कांग्रेस में उत्साह नजर नहीं आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं आए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा व शकुंतला खटक ही अपने हलकों में प्रचार करते दिखे। मुख्यमंत्री नायब सैनी न केवल मेयर प्रत्याशी का नामांकन कराने आए, बल्कि रोहतक से ही निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री अरविंद शर्मा, कृष्णलाल पंवार, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्णलाल मिड्ढा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने प्रचार में भाग लिया। रोहतक शहर की जनता ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। साथ ही केंद्र व राज्य के बाद शहर में भी भाजपा की सरकार बनी है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार शहर का विकास लगातार करवाएगी। जीत की एक वजह केंद्र व राज्य में चल रही भाजपा सरकार की नीतियों व विकास कार्य भी हैं। - रामअवतार वाल्मीकि, नवनिर्वाचित मेयर नगर निगम रोहतक। केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है। इसलिए लोगों के मन था कि भाजपा प्रत्याशी जीतकर काम करवाएं। हालांकि कांग्रेस को भी अच्छे वोट मिले हैं। वे जनता के बीच रहकर लोगों की आवाज उठाएंगे। साथ ही विकास कार्यों में भाजपा मेयर का सहयोग करेंगे। - सूरजमल किलोई, मेयर प्रत्याशी कांग्रेस। खरखौदा नगरपालिका चुनाव में बीजेपी कब्जा जमाने में कामयाब रही है।

# होली पर योगी सरकार का तोहफा

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

लखनऊ, 12 मार्च। क्नह्वद्द तड्डह्य ष्४द्यद्बठ्ठस्रद्गह्व हृद्द2ह्य- होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल



रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा। सीएम ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में 80 हजार राशन डीलर 3 करोड़ 60 लाख राशन कार्डधारकों के जरिए 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं। 2017 में ई-पॉश मशीनों के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता लाई गई, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी। कोविड काल में जब लोग परेशान थे, तब से लगातार लगातार पांच साल हो गये हर महीने देश में 80 करोड़ लोगों को और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश में अब तक 22 लाख बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रति बेटी 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि 4 लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराई गई है। अप्रैल से बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट आने के बाद मेधावी बेटियों को स्कूटी और कामकाजी महिलाओं को अहिल्याबाई होलकर के नामपर आवासीय सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।

## मुंबई के लीलावती अस्पताल में 1500 करोड़ का घोटाला

मुंबई, 12 मार्च। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई स्थित प्रसिद्ध लीलावती अस्पताल में 1,500 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। अस्पताल का संचालन करने वाले चैरिटेबल ट्रस्ट ने पूर्व ट्रस्टियों और उनसे जुड़े लोगों पर घोटाले का आरोप लगाया है। बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पूर्व ट्रस्टियों में ज्यादातर अनिवासी भारतीय हैं और दुबई व बेल्जियम के निवासी हैं। लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट (एलकेएमएमटी) ने इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और बांद्रा पुलिस स्टेशन में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि अस्पताल परिसर में पूर्व ट्रस्टियों और संबंधित व्यक्तियों की ओर से काला जादू भी किया गया था। शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि लीलावती अस्पताल के वित्तीय रिकॉर्ड के फोरेंसिक ऑडिट के दौरान उजागर हुई इस हेराफेरी ने ट्रस्ट के संचालन और अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित किया है। एलकेएमएमटी के स्थायी रेजिडेंट ट्रस्टी प्रशांत मेहता ने कहा कि पूर्व ट्रस्टियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ तीन से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं।

# उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट पेश किया

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 12 मार्च। मध्य प्रदेश में वित्त मंत्रालय संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। विधानसभा में अपने बजट भाषण में देवड़ा ने ज्ञान की राह चलने और 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 250 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाने का खांका साझा किया। एमपी के 2025-2026 के बजट में जनता के लिए राहत की बात है कि देवड़ा के बजट भाषण में किसी नए कर का एलान नहीं किया है और न ही किसी कर की दर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। मध्य प्रदेश विधान सभा में पेश किया गया बजट 2025-26 पिछले वर्ष की तुलना में कितना बड़ा है, कितना पैसा कहां से आ रहा है और कहां जा रहा है, कौन सी नई योजनाओं की शुरुआत हो रही है और किस योजना में कितनी राशि खर्च हो रही है? आइए जानते हैं बजट का पूरा सार। मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण की शुरुआत कविता से की। उन्होंने कहा, यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दूं, जहां अंधेरा है...जनता और जनप्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं, कर सकें हम सब पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं। वित्त मंत्री ने बजट में तड्ढ्ढह्व पर फोकस देने की बात कही। यहां त्र का मतलब-गरीब कल्याण, ङ्घ-युवा शक्ति, ॅ-अन्नदाता और ह्- नारी शक्ति है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा, सरकार का फोकस गरीबों के कल्याण के लिए अंत्योदय की अवधार को सकार करने पर है। आगे उन्होंने बताया कि युवाओं में कौशल का विकास और रोजगारन्मुखी प्रशिक्षण के सरकार प्रतिबद्ध है। देवड़ा ने बजट भाषण में अन्नदाताओं की आय में वृद्धि और नारी शक्ति को सशक्त बनाने की भी बात कही। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में एलान किया कि हमने तड्ढ्ढह्व को प्राथमिकता देकर 2047 तक प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद को 250 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए कुल ?4,21,032 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है, जो पिछले साल की तुलना में 15त्न अधिक है। इस साल सरकार को ?618 करोड़ का राजस्व सरप्लस रहने की उम्मीद है, जिसका मतलब है कि उसकी कमाई उसके खर्च से ज्यादा होगी।



सरकार को कुल 2,90,879 करोड़ रुपये की आमदनी होने का अनुमान है। जिसमें राज्य को अपने कर स्रोतों से 1,09,157 करोड़ रुपये, केंद्र सरकार से करों के हिस्से के रुपय में 1,11,662 करोड़ रुपये, अन्य गैर-कर मदों से 21,399 करोड़ रुपये और केंद्र से मिलने वाली सहायता के रूप में 48,661 करोड़ रुपये राजस्व के रूप में मिलने का अनुमान है। इस साल राज्य को अपने करों से 7त्न राजस्व बढ़ने का अनुमान है और पूंजीगत खर्च 31त्न बढ़ने की बात कही है। इसका मतलब है कि सरकार आने वाले वित्त वर्ष में विकास कार्यों में अधिक निवेश करने वाली है। अनुसूचित जनजाति के लिए ?47,296 करोड़ (23.5त्न) और अनुसूचित जाति के लिए ?32,633 करोड़ (16.2त्न) का बजट रखा गया है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (त्रस्ठक्क) ?16,94,477 करोड़ रहने का अनुमान है, जिसमें से पूंजीगत खर्च 5.02त्न होगा। वहीं, सरकार का राजकोषीय घाटा 4.66त्न और ब्याज भुगतान कुल राजस्व का 9.84त्न रहेगा। इस बजट से बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण पर ज्यादा खर्च किए जाने की उम्मीद है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में इस साल साल शून्य आधारित बजटिंग (ँद्गह्म्श- क्चड्डह्यद्गस्र क्चह्वस्रद्दद्गह्लद्बठ्ठद्द) को पहली बार अमल में लाया गया है। जिससे 15,000 करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है। बजट में गैर-जरूरी खर्चों को कम करने के लिए करीब 2,000 बजट लाइनें हटाई गईं। वित्त मंत्री ने बताया कि डेटा एनालिटिक्स की मदद से सरकार ने संसाधनों के सही आवंटन, खर्च की निगरानी और वित्तीय आवश्यकताओं का सही अनुमान लगाने की कोशिश की है। इसके अलावा, स्न्न-स्क्कक्र॥ प्रणाली लागू की गई है

## ममता ने की मुस्लिम विधायकों पर शुभेंदु की टिप्पणी की निंदा

कोलकाता, 12 मार्च। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के टीएमसी के मुसलमान विधायक वाले बयान पर पलटवार किया। साथ ही सीएम ममता ने भाजपा पर राज्य में नकली हिंदू धर्म का प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नागरिकों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। बता दें कि बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को अपने बयान में कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मुस्लिम विधायकों को पश्चिम बंगाल विधानसभा से बाहर कर देगी। अधिकारी के इस बयान के बाद राजनीतिक सियासत तेज हो गई। साथ ही आरोप-प्रत्यारोप भी बढ़ गए। अधिकारी के बयान पर पलटवार करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि आपका आयातित हिंदू धर्म वेदों या हमारे ऋषियों द्वारा समर्थित नहीं है। आप मुसलमानों के अधिकारों को कैसे नकार सकते हैं? यह धोखाधड़ी के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा असली हिंदू धर्म को नकारते हुए अपनी विचारधारा को बढ़ावा दे रही है। अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ भाजपा के व्यवहार पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मुझे हिंदू धर्म की रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन आपके संस्करण की नहीं। कृपया हिंदू कार्ड न खेलें। साथ ही बनर्जी ने कहा कि अगर आप हमारे नेताओं के बयान पर टिप्पणी कर सकते हैं, तो हमें भी अपनी मान्यताओं का बचाव करने का अधिकार है। उन्होंने भाजपा द्वारा उनकी पार्टी के नेताओं की आलोचना किए जाने की निंदा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएमसी ने अपने कुछ नेताओं, जैसे फिरहाद हकीम, हुमायूं कबीर और मदन मित्रा को अनुचित टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी है। अपने बयान में सीएम ममता ने एकता और धर्मनिरपेक्षता का महत्व पर जोर दिया।

## भारतीय अपराधी को नेपाली नागरिकता दिलाने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू

**काठमांडू।** फरवरी के महीने में फिलीपींस से प्रत्यर्पण करके लाए गए कुख्यात अपराधी जोगिंदर उर्फ जोगा डॉन को नेपाली नागरिकता और पासपोर्ट उपलब्ध कराने में मदद करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है। भारत से अपराध करके नेपाल में दो साल तक रहने वाले जोगा डॉन ने नेपाल के धनुषा जिले से नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र हासिल किया था। इसी आधार पर उसने नेपाली पासपोर्ट बनवाया और फिलीपींस भाग गया था। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम गठन करते हुए इस मामले की जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अपराधी को नागरिकता दिलाने में मदद करने वाले सभी लोग और नागरिकता का प्रमाण पत्र जारी करने वाले सरकारी कर्मचारियों को जांच के दायरे में लाया गया है। इसी तरह पासपोर्ट जारी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि नेपाल पुलिस की जांच से अब तक पता लगा है कि 2018 में जोगा डॉन ने कुछ वर्षों तक नेपाल में रहने बाद धनुषा जिला के जनकपुरधाम से कांति गुप्ता के नाम से नागरिकता हासिल की थी। इसी नागरिकता के आधार पर उसने काठमांडू से पासपोर्ट जारी करवाया था।

## नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसएसबी ने किया गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। भारत-नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाते हुए बिहार में घुसपैठ करते पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिक इस समय बिहार के किशनगंज पुलिस की हिरासत में हैं। किशनगंज जिले के गलगलिया बॉर्डर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया है। किशनगंज के एसपी सागर कुमार ने इन दोनों की गिरफ्तारी पाठामारी सीमा से किए जाने की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बांग्लादेशी नागरिक की पहचान सहरियार सजीब खान और सागर के रूप में हुई है जो नेपाल से भारत में एंट्री करने की फिराक में थे। इनके पास न तो नेपाल का वीजा था, ना ही भारत में घुसने का कोई आधिकारिक दस्तावेज। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशियों की तलाशी लेने पर इनके पास से विदेशी मुद्रा, संदिग्ध दस्तावेज, रेलवे टिकट, होटल बुकिंग, इमिग्रेशन संबंधी कागजात और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। स्लोवेनिया और क्रोएशिया के वीजा व निवास परमिट से जुड़े दस्तावेज भी तलाशी में हाथ लगे हैं।

## डोमिनिकन गणराज्य में लापता भारतीय मूल के छात्र की तलाश में एफबीआई भी शामिल

**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पंटा काना में लापता हुई 20 वर्षीय भारतीय मूल की छात्रा सुदिक्षा कोणांकी की तलाश में अब एफबीआई भी शामिल हो गई है। पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय की यह छात्रा 06 मार्च की सुबह रिउ रिपब्लिक होटल के सामने समुद्र तट पर आखिरी बार देखी गई थी। डोमिनिकन पुलिस ने बताया कि कोणांकी के गायब होने से पहले उनके साथ मौजूद लोगों से दोबारा पूछताछ की जा रही है। होटल प्रशासन के अनुसार, उसी समय क्षेत्र में बिजली गुल हो गई थी, जिसके कारण कई मेहमान समुद्र तट की ओर चले गए थे।डोमिनिकन गणराज्य के राष्ट्रपति लुइस अबिनादेर ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। सोमवार को उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा, हम इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। सभी सरकारी एजेंसियां खोजबीन में जुटी हुई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम बार कोणांकी के साथ मौजूद व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि समुद्र में अचानक एक ऊंची लहर आई, जिससे वे बह गईं। हालांकि, इस दावे की सच्चाई की जांच की जा रही है। कोणांकी के माता-पिता सुब्बारायुडु और श्रीदेवी अपने दो पारिवारिक दोस्तों के साथ पंटा काना पहुंचे हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से जांच को और विस्तारित करने की अपील की है।

## पूर्व नरेश ज्ञानेन्द्र को प्रचण्ड की नसीहत - लोकतांत्रिक दायरे में रहकर अपना स्थान ढूंढे

**काठमांडू।** अपने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करने वाले नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेन्द्र शाह को माओवादी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचण्ड' ने लोकतांत्रिक दायरे में रहकर अपना स्थान ढूंढने की नसीहत दी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है यदि राजा समर्थकों द्वारा लोकतंत्र के बाहर विकल्प ढूंढने का प्रयास किया गया तो देश में फिर से क्रांति की शुरुआत करनी होगी। संसद के प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रचण्ड ने कहा कि नेपाल ही एक ऐसा देश है जहां राजतंत्र के खात्मे के बाद भी पूर्व राजा और उनके परिवार को सरकारी सुरक्षा के साथ इसी देश में सम्मानजनक तरीके से रहने का अधिकार दिया। प्रचण्ड ने पूर्व राजा को अपनी कोई भी गतिविधि आगे बढ़ाने से पहले विश्व इतिहास के पन्नों को अच्छी तरह देखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में जब वहां के तानाशाह शासकों से सत्ता छीनी जाती है तो उसका हश्र क्या होता है, यह नेपाल के राजशाही समर्थकों को अच्छी तरह से स्मरण में रखना चाहिए। प्रचण्ड ने कहा कि नेपाल में फिर से राजतंत्र लौटाने का दिवा स्वप्न कोई न देखे।

# पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक : सुरक्षाबलों ने 155 यात्रियों को बचाया, प्रत्यक्षदर्शी बोले- ब्लास्ट और फायरिंग की आ रही थीं आवाजें

**एजेंसी**

**क्वेटा, पाकिस्तान ।** पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किए जाने के बाद सुरक्षाबलों ने अब तक 155 यात्रियों को आतंकवादियों से सुरक्षित बचा लिया है। सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान अब तक 27 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। साथ ही यह भी पता चला है कि जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले आतंकवादी अफगानिस्तान में अपने मददगारों के संपर्क में हैं। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने कुछ बंधक यात्रियों को अपने पास ही रखा है। बंधकों को छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, उग्रवादी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की कैद से रिहा हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की आपबीती बताई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने



बताया कि जिस समय ट्रेन को हाईजैक किया गया, उसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया और वे चीखने-चिल्लाने लगे। ट्रेन में मौजूद सभी लोग अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन में ही लेट गए थे। इस दौरान हमने ब्लास्ट और फायरिंग की आवाजें भी सुनीं। उन्होंने बताया, मैं और मेरी पत्नी ट्रेन में सवार थे। इसके बाद बंदूकधारियों ने हमें ट्रेन से नीचे उतारा और वहां से सुरक्षित जाने दिया। वहां से निकलने के बाद हम लोग पैदल ही सुरक्षित लौट पाए हैं। बता दें कि पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने सैकड़ों यात्रियों को ले जा रही एक यात्री ट्रेन पर गोलीबारी कर उसे हाईजैक कर लिया था। जाफर एक्सप्रेस की नौ बोगियों में लगभग 400 यात्री सवार थे। यह ट्रेन दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर गोलीबारी की गई। बीएलए ने दावा किया था कि उसने 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया और उसके ऑपरेशन में 6 सुरक्षाकर्मी मारे गए। उसका कहना था कि बंधक बनाए गए लोगों में सुरक्षा अधिकारी भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि बीएलए बलूचिस्तान की आजादी चाहता है। यह कई जातीय विद्रोही समूहों में से सबसे बड़ा है, जिसने दशकों से पाकिस्तान सरकार से लड़ाई लड़ी है। संगठन का कहना है कि सरकार बलूचिस्तान के समृद्ध गैस और खनिज संसाधनों का अनुचित तरीके से दोहन कर रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता से मुलाकात की

**एजेंसी**

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने आज मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और विपक्ष के नेता जॉर्जेस पियरे लेसजॉन्गार्ड से मुलाकात की। इससे पहले पोर्ट लुईस में एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस को ग्लोबल साउथ के बीच एक सेतु बताते हुए कहा कि मॉरीशस सिर्फ साझेदार देश नहीं बल्कि भारत के परिवार का हिस्सा है। उन्होंने नये संसद भवन के निर्माण सहित विकास में हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा के आखिरी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं। आज के कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतजार है, जिसमें समारोह में भाग लेना भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री



डॉ. एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे।उन्होंने विपक्ष के नेता जॉर्जेस पियरे लेसजॉन्गार्ड से भी मुलाकात की। उन्होंने इन दोनों नेताओं से मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर भी साझा की हैं।

## लुइस मोंटेनेग्रो की गिरी सरकार, संसद में नहीं हासिल कर पाए जरूरी मत

**एजेंसी**

**लिस्बन ।** पुर्तगाली प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो संसद में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाए, जिससे उनकी सरकार गिर गई। एक साल से भी कम समय तक चली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा। इसमें भाग लेने वाले 224 सांसदों में से केवल मोंटेनेग्रो की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडी), पीपुल्स पार्टी (सीडीएस-पीपी) और लिबरल इनिशिएटिव ने उनका समर्थन किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोशलिस्ट पार्टी (पीएस), दूर-दराज़ चेगा, लेफ्ट ब्लॉक (बीई), कम्युनिस्ट पार्टी (पीसीपी), लिवरे और पैन के एकमात्र सांसद ने उनके खिलाफ़ मतदान किया। सटीक वोटों की गिनती तुरंत उपलब्ध नहीं थी, लेकिन संसद के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको ने कहा कि केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार हार गई। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडी) के नेतृत्व वाली दो-पक्षीय गठबंधन सरकार, जो एक




साल से भी कम समय से सत्ता में है, के पास मौजूदा 230 सीटों वाली विधायिका में सिर्फ़ 80 सीटें हैं। विपक्षी सांसदों के भारी बहुमत ने इसके खिलाफ़ मतदान करने की कसम खाई थी। पुर्तगाल के संविधान के तहत, विफल विश्वास मत के लिए सरकार को इस्तीफा देना पड़ता है। मोंटेनेग्रो का प्रशासन अब एक कार्यवाहक क्षमता में काम करेगा, जो केवल आवश्यक और ज़रूरी मामलों को संभालेगा। राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा से संसद को भंग करने और अचानक चुनाव कराने की उम्मीद है, जिसके बारे में उन्होंने पहले सुझाव दिया था कि यह 11 मई या 18 मई को हो सकता है।

## पाकिस्तान के लिए बड़ी शर्मिंदगी, राजदूत को एंट्री देने से अमेरिका का इनकार, एयरपोर्ट से ही लौटाया

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** अमेरिका में पाकिस्तान के लिए एक शर्मिंदगी भरी घटना घटी है। यहां शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक को प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया और 'विवादास्पद वीजा संदर्भों' के कारण निर्वासित कर दिया गया। यह जानकारी पाकिस्तान के स्थानीय मीडिया ने दी। तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत केके वागन कथित तौर पर एक निजी यात्रा के लिए लॉस एंजिल्स जा रहे थे, लेकिन वहां पहुंचने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया। अमेरिकी अधिकारियों ने 'विवादास्पद वीजा संदर्भों' के लिए वागन को तत्काल निर्वासित कर दिया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी अधिकारियों ने यह कदम किन विशिष्ट चिंताओं के कारण उठाया।

पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने कहा कि उनके अधिकारी निजी यात्रा पर अमेरिका गए थे। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय अमेरिका से दूत के निर्वासन के मामले की जांच कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा, राजदूत केके वागन को इमिग्रेशन संबंधी आपत्ति के कारण अमेरिका से निर्वासित किया गया। कई रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि वागन को अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए इस्लामाबाद बुलाया जा सकता है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब ऐसी खबरें आ रही हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही पाकिस्तान से आने वाले यात्रियों पर यात्रा प्रतिबंध लगा देंगे। पाकिस्तान के विधि एवं न्याय राज्य मंत्री बैरिस्टर अकील मलिक ने स्वीकार किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नया अमेरिकी प्रशासन




पाकिस्तानी नागरिकों पर कुछ यात्रा प्रतिबंध लगा सकता है। मलिक ने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। इस महीने की शुरुआत में, अमेरिकी विदेश विभाग ने अमेरिकी नागरिकों को एक यात्रा सलाह जारी की। इसमें उन्हें आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की संभावना के कारण पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया।

## यूक्रेन को युद्ध विराम प्रस्ताव स्वीकारने का इनाम, अमेरिका फिर से सैन्य मदद को तैयार

**एजेंसी**

**जेद्दा ।** अमेरिका ने यूक्रेन को सैन्य सहायता प्रदान करने और खुफिया जानकारी साझा करने पर सहमति जताई। वाशिंगटन के 30-दिवसीय युद्ध विराम का समर्थन करने के बाद बाइडेन प्रसाशन ने यह फैसला लिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका अब रूस के समक्ष प्रस्ताव रखेगा, और गेंद मास्को के पाले में है। सऊदी अरब के जेद्दा में यूक्रेनी अधिकारियों के साथ आठ घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद उन्होंने कहा, 'हमारी आशा है कि रूस जल्द से जल्द 'हां' में जवाब देगा, ताकि हम इस मामले के दूसरे चरण में पहुंच सकें, जो वास्तविक वार्ता है। रूस ने तीन साल पहले यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने का हमला किया था। मौजूदा हालात यह है कि रूस लगातार आगे बढ़ रहा है और अब तक यूक्रेन के लगभग पांचवें हिस्से पर कब्जा कर चुका है, जिसमें क्रीमिया भी शामिल है, जिसे उसने 2014 में अपने साथ मिला लिया था। रूबियो ने कहा कि वाशिंगटन रूस और यूक्रेन दोनों के साथ 'जितनी जल्दी हो सके' पूर्ण समझौता करना



चाहता है। उन्होंने कहा, 'हर दिन यह युद्ध जारी रहता है, इस संघर्ष के दोनों पक्षों के लोग मरते हैं, घायल होते हैं।' इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कह चुके हैं कि वे शांति समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने और उनके राजनयिकों ने बार-बार कहा है कि वे युद्धविराम के खिलाफ हैं और इसकी जगह ऐसा समझौता चाहते हैं जो रूस की दीर्घकालिक सुरक्षा की रक्षा करे। पुतिन ने 20 जनवरी को अपनी सुरक्षा परिषद को बताया कि कोई अल्पकालिक युद्धविराम नहीं होना चाहिए, न ही संघर्ष को जारी रखने के उद्देश्य से सेनाओं को फिर से संगठित करने और पुनः शस्त्रीकरण के लिए किसी प्रकार की राहत होनी चाहिए, बल्कि दीर्घकालिक शांति होनी चाहिए।

उन्होंने क्षेत्रीय रियायतों से भी इनकार किया और कहा कि यूक्रेन को रूस के नियंत्रण वाले चार यूक्रेनी क्षेत्रों से पूरी तरह से हट जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक प्रभावशाली रूसी सांसद ने बुधवार को कहा, समझौते की आवश्यकता की पूरी समझ के साथ कोई भी समझौता - लेकिन हमारी शर्तों पर, अमेरिकी शर्तों पर नहीं।

## एक पेड़ मां के नाम : मॉरीशस में पीएम मोदी ने किया पौधारोपण

**एजेंसी**

**पोर्ट लुईस ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस के सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत एक पौधा लगाया। इससे पहले, उन्होंने गुयाना की अपनी यात्रा के दौरान भी इसी तरह एक पौधा लगाया है। पीएम मोदी के निरंतर प्रयासों के कारण, इस पहल के परिणामस्वरूप भारत में 1 बिलियन से अधिक पेड़ लगाए गए हैं।पीएम मोदी ने 5 जून 2024 को दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी। इस पहल का प्रभाव भारत के बाहर के देशों में भी फैल गया है। इसके तहत दुनिया भर के लगभग 136 देशों में कुल 27,500 से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं। पीएम मोदी दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा पर पोर्ट लुईस पहुंचे। सर शिवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया। भारतीय समुदाय की तरफ से पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समुदाय की महिलाओं ने 'गीत गवई' नामक पारंपरिक बिहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उनका सम्मान किया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हूं। भारतीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों से उनका गहरा जुड़ाव वाकई प्रेरणादायक है। इतिहास और दिल का यह बंधन पीढ़ियों से चला आ रहा है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। यहां की संस्कृति में भारतीयता किस तरह रची-बसी है, उसकी पूरी झलक 'गीत-गवई' में देखने को मिली। हमारी भोजपुरी भाषा मॉरीशस में जिस तरह से फल-फूल रही है, वह हर किसी को गौरवान्वित करने वाली है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति और प्रथम महिला को ओसीआई कार्ड सौंपे

**एजेंसी**

**पोर्ट लुईस ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस की अपनी यात्रा के पहले दिन विशेष सम्मान दिखाते हुए राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल और प्रथम महिला वृंदा गोखूल को ओसीआई (विदेशी भारतीय नागरिक) कार्ड सौंपे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक ÷प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में दूसरी बार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से स्थापित स्टेट हाउस में आयुर्वेद गार्डन का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सहित पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आगे बढ़ाने में मॉरीशस भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। वार्ता के बाद राष्ट्रपति गोखूल ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया। यह कुंभ 26 फरवरी को संपन्न हुआ और इसमें 660 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री त्रिवेणी संगम प्रयागराज में एकत्र हुए, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम बन गया। इससे पहले, पीएम मोदी ने पोर्ट लुइस में सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में मॉरीशस के पहले प्रधानमंत्री और संस्थापक पिता सर शिवसागर रामगुलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व प्रधानमंत्री सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को भी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स पर लिखा, मैंने मॉरीशस की प्रगति में अमिट योगदान देने वाले दो महान नेताओं सर शिवसागर रामगुलाम और सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ मिलकर एक पौधा भी लगाया। उन्होंने कहा, 'प्रकृति, मातृत्व और स्थिरता को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मेरे मित्र प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगुलाम के हार्दिक भाव से अभिभूत हूं। उनका समर्थन हरियाली और बेहतर भविष्य के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पीएम मोदी दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा पर पोर्ट लुईस पहुंचे। सर शिवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी। यह प्रधानमंत्री मोदी की 2015 के बाद पहली मॉरीशस यात्रा है।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति यून को पद से हटाने की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने शुरू की भूख हड़ताल

**एजेंसी**

**सोल ।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी दलों के कुछ सांसदों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। इन्होंने राष्ट्रपति यून सूक योल को उनके पद से आधिकारिक रूप से हटाने के लिए संवैधानिक न्यायालय से फैसला सुनाए जाने की मांग की है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी), रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी और प्रोग्रेसिव पार्टी सहित विपक्षी सांसदों के एक समूह ने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने अदालत से यून को तुरंत बर्खास्त करने का आग्रह किया जिन्हें शनिवार को रिहा कर दिया गया। बता दें यून को 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के नाकाम प्रयास के माध्यम से विद्रोह भड़काने के आरोप में जनवरी में हिरासत में लिया गया था। उन्हें शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया, क्योंकि अभियोजन पक्ष ने शुक्रवार के अदालत फैसले के खिलाफ अपील नहीं करने का निर्णय लिया। अदालत ने यून की हिरासत को अवैध बताया था। हालांकि यून के खिलाफ महाभियोग और आपराधिक मुकदमे जारी रहेंगे। भूख हड़ताल पर बैठे सांसदों ने कहा, यून सुक योल को वापस जेल जाना चाहिए। उन्होंने यून को रिहा करने वाले अभियोजक जनरल शिम वू-जंग के इस्तीफे की भी मांग की और कहा कि सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) को भंग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि इसने यून के महाभियोग में बाधा डालने का आरोप लगाया। डीपी प्रतिनिधि पार्क होंग-बे, किम मून-सू और जीन जिन-सूक ने यून को पद से हटाने की मांग करते हुए नेशनल असेंबली की मुख्य इमारत के बाहर अपने सिर मुंडवा लिए। इससे पहले दिन में, डीपी और रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी ने अपनी रैलियों को जारी रखने के लिए सोल के ग्वांगह्वामुन में टेंट लगाए। इस बीच, पीपीपी ने कहा कि विपक्ष के जवाब में रैलियां करने या कोई सामूहिक कार्रवाई करने की उसकी कोई योजना नहीं है। इससे पहले, दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने हिंसा के किसी भी कृत्य के लिए शून्य सहनशीलता का वचन दिया। दरअसल राष्ट्रपति यून के महाभियोग मुकदमे में जल्द फैसले का ऐलान होने वाला है। ऐसा अंदेशा जताया जा रहा है कि फैसले के दिन हिंसक झड़पे हो सकती हैं जिसे देखते हुए सुरक्षा के सख्त बंदोबस्त किए जा रहे हैं। संवैधानिक न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर ली है और वह यह फैसला सुनाएगा कि यून को राष्ट्रपति पद से हटाया जाए या नहीं।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ मार्च के अंत में करेंगे भारत दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस के साथ मार्च के अंत में भारत की यात्रा करेंगे। यह जानकारी पोलिटिको ने योजनाओं से परिचित तीन स्रोतों के हवाले से दी। जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह अमेरिकी उपराष्ट्रपति की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने फरवरी में फ्रांस और जर्मनी की यात्रा की थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पत्नी उषा वेंस के माता-पिता भारत से अमेरिका चले गए थे।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# न्यूयॉर्क में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फिलिस्तीन समर्थकों ने निकाली रैली

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क ।** फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क शहर में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ये प्रदर्शन मध्य पूर्व, कॉलेजों में विरोध और आव्रजन से जुड़ी नीतियों के खिलाफ थे।

समाचार एजेंसी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर वाशिंगटन पार्क से लोअर मैनहट्टन स्थित सिटी हॉल तक मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। पिछले ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क शहर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के लिए 400 मिलियन डॉलर की फेडरल फंडिंग को रद्द कर दिया था। उन्होंने यह फैसला यहूदी-विरोधी गतिविधियों को रोकने के आधार पर लिया था। इसके साथ ही, प्रशासन ने अन्य विश्वविद्यालयों की भी समीक्षा शुरू कर दी है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट छात्र महमूद खलील को शनिवार को विश्वविद्यालय के होस्टल से अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के कर्मचारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

अमेरिका के स्थायी निवासी खलील ने बीते साल अप्रैल में शुरू हुए कोलंबिया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खलील के वकील के अनुसार, खलील की पत्नी एक अमेरिकी नागरिक है और आठ महीने की



गर्भवती है, उन्हें भी आईसीई से धमकियां मिली हैं। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के बाद न्यूयॉर्क शहर में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों की एक नई लहर को बढ़ावा दिया है।

ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, यह आने वाली कई गिरफ्तारियों में से पहली गिरफ्तारी है। हम जानते हैं कि कोलंबिया और देश भर के अन्य विश्वविद्यालयों में ऐसे कई छात्र हैं, जो आतंकवाद समर्थक, यहूदी विरोधी, अमेरिकी विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं और ट्रंप प्रशासन इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।मार्च के दौरान कई प्रदर्शनकारियों ने फिलिस्तीनी झंडे और बैनर लहराए थे, जिन पर लिखा था महमूद खलील को रिहा करो।एक प्रदर्शनकारी रूबी मार्टिन ने कहा, यह पहले संशोधन के खिलाफ है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय अपने छात्रों की गिरफ्तारी में आईसीई की मदद कर रहा है, जो गलत और अस्वीकार्य है। मार्टिन ने कहा कि वह विशेष रूप से इस बात से चिंतित हैं कि कोलंबिया विश्वविद्यालय ने छात्रों को गिरफ्तार करने के लिए परिसर की संपत्ति पर आईसीई को अनुमति दी। वह मंगलवार रात को खलील की रिहाई की मांग करने वाले एक अन्य मार्च में भी भाग लेंगी।

न्यूयॉर्क के दो विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर कैथरीन विल्सन ने कहा, विश्वविद्यालय लंबे समय से इस गड़बड़ी में शामिल है। इसे रोकने का समय आ गया है।

## आग से तीन मजदूरों की मौत पर सीएम ने किया प्रत्येक परिवार के लिए दस लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आनंद विहार स्थित एजीसीआर कॉलोनी के पास की झुग्गी में आग लगने की घटना से तीन मजदूरों की मौत पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज घटना स्थल पर जाकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार पीड़ित परिवार के हुए नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती लेकिन सरकार की तरफ से प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को घटना की जांच के निर्देश भी दे दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। यह तीनों लोग उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के निवासी थे। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर त्वरित करवाई की। यह हादसा बेहद दर्दनाक है और हमे पीड़ितों के परिवार के साथ सांत्वना है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुबह 60 साल के यात्री की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वह चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। हाथ फिसलने से वह गिर गए और ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, डीआरएम दिल्ली समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। रेलवे पुलिस के अनुसार मृतक यात्री की पहचान तिलकराज, निवासी तहसील कैंप, नई रमेश नगर पानीपत हरियाणा के रूप में हुई है। वह शान-ए-पंजाब ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी ये हादसा हुआ। घटना मंगलवार सुबह 6:40 बजे की है। रेलवे पुलिस के मुताबिक मृतक तिलकराज एफओबी से उतरे और भागते हुए ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान उनका हाथ फिसल गया। वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच गिर गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी दुर्घटना कैद हो गई है। ये दुर्घटना नई दिल्ली के प्लेटफार्म नंबर -14 के आखिरी छोर पर हुई।

## होली के दिन अपराह्न 2.30 बजे से चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** होली के दिन अपराह्न 2:30 बजे से मेट्रो ट्रेन सेवाएं शुरू होंगी। यह जानकारी दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने आज यहां दी। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रवक्ता ने बताया कि 14 मार्च को होली वाले दिन मेट्रो सेवा अपराह्न 2 बजकर 30 मिनट से शुरू होगी। उस दिन इससे पहले मेट्रो ट्रेनें नहीं चलेंगी। दिल्ली मेट्रो की सभी लाइन पर मेट्रो इस दिन सुबह के वक्त बंद रहेगी। इस तरह रात साढ़े 11 बजे के बाद दोपहर ढाई बजे तक मेट्रो का रखरखाव किया जाता है। डीएमआरसी के अनुसार सुबह के वक्त रैपिट मेट्रो लाइन से लेकर एयरपोर्ट एक्सप्रेस सर्विस लाइन दोपहर ढाई बजे तक बंद रहेगी। दोपहर ढाई बजे के बाद सभी टर्मिनल स्टेशन से मेट्रो ट्रेन सेवा शुरू होगी।

## लूटपाट के मामले में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के मालवीय नगर इलाके में सड़क पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति से मारपीट कर मोबाइल फोन लूटकर भागे दो लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान ललित और हिमांशु के रूप में हुई है। ये स्कूटी पर सवार होकर पैदल जाने वाले लोगों को अपना शिकार बनाते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मालवीय नगर थाने में सूचना मिली कि पीएसआरआई अस्पताल के समीप एक व्यक्ति से लूटपाट कर दो बदमाश भाग गए हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पेंटर का काम करता है। शाम 6 बजे अपने काम से लौटते समय स्कूटी सवार तीन युवकों ने अचानक उसका रास्ता रोक लिया। तीनों युवकों ने उसके साथ मारपीट करके मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से दी गई छुट्टी

नई दिल्ली, 12 मार्च। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बुधवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने एक बयान में बताया कि धनखड़ के स्वास्थ्य में संतोषजनक सुधार हुआ है। उन्हें हृदय संबंधी बीमारियों के कारण नौ मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हालचाल जाना था। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में एम्स की मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 9 मार्च को भर्ती होने से लेकर 12 मार्च को छुट्टी मिलने तक एम्स (नई दिल्ली) की मेडिकल टीम की देखभाल और पेशेवर रवैये की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं।

# दिल्ली भाजपा के होली मंगल मिलन में जमकर खेली फूलो की होली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा की मीडिया इकाई ने प्रदेश कार्यालय में होली मंगल मिलन का आयोजन किया। इसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं कई मंत्री शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह होली विशेष है जब दिल्ली में हमारी सरकार है। हमको बिना भेदभाव सभी के सेवा का संकल्प दोहराना है और संगठन के साथ मिलकर डबल इंजन सरकार के लाभ जनजन तक पहुंचाना है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की आज खुशी का अवसर है कि 27 वर्ष बाद पार्टी के रंग उत्सव कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री और मंत्री सम्मिलित हुए हैं। इस अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना है की जिस तरह होली के रंग सबको हर्षित करते हैं उसी तरह भाजपा के कार्यकर्ताओं के माध्यम से हमको दिल्ली के नागरिकों के जीवन में हर प्रकार की सुविधाओं के रंग भरने हैं।भाजपा मीडिया विभाग के इस वार्षिक होली मंगल मिलन में पहली बार लाइव संगीत कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान अधिकांश नेता एवं पत्रकार फाग गीत पर थिरके और पुष्प होली का आनंद भी लिया। इस मौके पर मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल ने केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, महासचिव



अरुण सिंह, दुष्यंत गौतम, अनिल बलूनी, डॉ. अल्का गुर्जर, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं आशीष सूद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चांदोलिया, प्रवीण खंडेलवाल एवं निशीकांत दुबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन एवं विजय गोयल, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी का चंदन गुलाल लगा कर अभिनंदन किया।

**इसक साथ**

विधायक हरीश खुराना, नीरज बसौया, राजकुमार भाटिया, अनिल शर्मा, करनैल सिंह, तिलक राम गुप्ता, संजय गोयल, डा. अनिल गोयल, गजेन्द्र यादव, दिल्ली नगर निगम के उपनेता जय भगवान यादव, एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल, सदस्य दिनेश प्रताप सिंह एवं सरिता तोमर आदि भी होली उत्सव में उपस्थित रहे।

## पंजाब की आप सरकार शिक्षा का राजनीतिकरण बद करेः भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए छात्रों के भविष्य को दांव पर लगाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में शिक्षा का राजनीतिकरण बंद हो, वर्ना जनता करारा जवाब देगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मीडिया से कहा कि 36 महीने बीतने के बाद भी आप सरकार ने पंजाब के लिए एक भी नया काम नहीं किया, उल्टा पूरे प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब बोर्ड की 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर आप सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों का वर्णन कीजिए जैसे प्रश्न का उत्तर क्या होगा, पंजाब की चरमराती कानून व्यवस्था, नशे की चपेट में जाता पंजाब का युवा या फिर फिनान्शियल हेल्थ इंडेक्स में आखिरी पायदान पर पहुंच चुकी पंजाब की अर्थव्यवस्था, क्या आप सरकार पंजाब के बच्चों को शराब घोटाला कैसे करना है, कैसे गरीबों के ह को मार कर आम आदमी के टैक्स के पैसों से शीशमहल बनाना है ये सिखाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि पंजाब की महिलाएं अपने 1000 रुपये के वादे को 36 महीनों से याद कर रही हैं, लेकिन भगवंत मान की सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। हर दिन कोई न कोई युवा नशे की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहा है। हर साल हजारों से अधिक युवा नशे की वजह से बर्बाद हो रहा है, लेकिन मान सरकार सत्ता के नशे में इतनी चूर है कि पाठ्यक्रम का हिस्सा न होने के बावजूद बोर्ड परीक्षा में 'आप के स्थापना दिवस' जैसे सवाल पूछे जा रहे हैं। चुघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि भगवंत मान जवाब दें। आखिर किस कारण से 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस प्रकार के राजनीतिक प्रश्न पूछे गए? क्या आपकी सरकार का काम केवल आम आदमी पार्टी का प्रचार करना रह गया है? शिक्षा का राजनीतिकरण बंद होना चाहिए वर्ना जनता करारा जवाब देगी।

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर जनता की राय लेगी सरकार, 17 मार्च को जेपीसी की अगली बैठक - पीपी चौधरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर जारी चर्चा के बीच संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। चौधरी ने कहा कि समिति के समक्ष दो प्रमुख कानूनी विशेषज्ञों, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन ने विस्तृत प्रस्तुति दी।

उन्होंने बताया, दो प्रतिष्ठित कानूनी विशेषज्ञों ने समिति के सामने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय दी। इन विशेषज्ञों की ओर से दी गई प्रस्तुति ने इस विषय को और भी स्पष्ट किया। विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने इस बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई सवाल उठाए, जो समिति के लिए महत्वपूर्ण थे। समिति के



सदस्य राष्ट्रीय हित में काम कर रहे हैं और किसी भी पार्टी की सीमाओं से ऊपर उठकर यह समिति निष्पक्ष और सूचित चर्चा करने का प्रयास कर रही है।

पीपी चौधरी ने स्पष्ट किया कि समिति सभी सवालों का उत्तर देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। उन्होंने कहा कि सभी सवालों का व्यवस्थित रूप से उत्तर दिया जा रहा है और समिति के सदस्य पूरी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं। आगे की प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए चौधरी ने बताया कि समिति विभिन्न विशेषज्ञों को बुलाकर इस मुद्दे पर और भी अधिक जानकारी प्राप्त करेगी। उन्होंने आगे कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पहल पर सार्वजनिक राय प्राप्त करने के लिए विभिन्न समाचार पत्रों और मीडिया प्लेटफार्मों में विज्ञापन दिए जाएंगे।

इन विज्ञापनों में एक क्यूआर कोड होगा, जो नागरिकों को सीधे सरकारी वेबसाइट तक पहुंचने और अपनी राय व्यक्त करने का अवसर देगा। समिति की अगली बैठक 17 मार्च को निर्धारित की गई है, जिसमें इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर और विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, एक समर्पित वेबसाइट भी लॉन्च की जाएगी, जिससे न केवल हितधारक बल्कि आम जनता भी इस राष्ट्रीय विषय पर अपनी राय और सुझाव साझा कर सकेगी।

# यमुना नदी में क्रूज पर्यटन का रास्ता साफ, आईडब्ल्यूएआई और दिल्ली सरकार के बीच एमओयू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोनिया विहार और जगतपुर के बीच यमुना नदी (राष्ट्रीय जलमार्ग 110) में चार किलोमीटर के हिस्से को क्रूज पर्यटन के लिए विकसित किया जाएगा। इसके लिए आज भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), राष्ट्रीय जलमार्गों के लिए बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय की नोडल एजेंसी ने सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली परिवहन निगम(डीटीसी) सहित दिल्ली सरकार की कई एजेंसियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

असिता पार्क में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की औपचारिकता पूरी की गई। इसमें दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के साथ-साथ बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव टीके रामचंद्रन और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अनुकूल क्रूज पर्यटन की शुरुआत इस यात्रा में एक और मील का पत्थर है, जो स्वच्छ, हरित और अधिक कुशल जलमार्गों का मार्ग प्रशस्त करता है, जो दिल्ली के


**NAME CHANGE**
It is for general information that I, DINESH KHANDEKAR S/o UTTAM KHANDEKAR R/o Flat No. B-3, 1st Floor, Gali No.-28, B-Block, Sant Nagar, Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that name of my minor son has been wrongly written as NIKESH in my minor son namely NIKESH KHANDEKAR aged 14 years in his School Record. The actual name of my minor son is NIKESH KHANDEKAR.

**NAME CHANGE**
I, MAJOR SUBHASH YADAV S/o JAGDISH YADAV R/o H No-50, BAGTHALA (47), REWARI, HARYANA-123501, have changed my name from MAJOR SUBHASH YADAV to SUBHASH YADAV for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, KM ANJALI W/o VISHWAJEET SINGH R/o B-1,702,G-21,VATIKA INDIA NEXT,SECTOR-83,GURGAON, HARYANA-122004 I HAVE CHANGED MY NAME TO ANJALI SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I DEEPANJALI SINGH, D/O RAJIV SINGH, R/O D-1/30 B, SANGAM VIHAR, NEW DELHI, Dr. AMBEDKAR NAGAR, DISTRICT SOUTH DELHI, DELHI-110080, do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced BUDDHISM and renounced HINDUISM with effect from 20-12-2024. I have changed only my religion not my name

**NAME CHANGE**
I, Siddharth S/O Kesha Ram R/O EE - 2417 Second Floor E-Block Jahangir puri , Delhi PIN: 110033, DELHI, INDIA , have changed my name and shall hereafter be known as Siddharth Manuver

**NAME CHANGE**
I, Bani Madhwo Pal S/o-Ram Gopal Pal R/O A-206, First floor Karampura Delhi -110015 have changed my name form Bani Madhwo to Beni Madhav Pal for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
Public at large is Hereby Informed that I, ARUN GOEL S/o Late Mam Chand Goel, R/o C-55, S.F., Mahendru Enclave, Delhi is intending to purchase the Ground Floor (Left Hand Side) of Prop. New No. C-55, Old No. C-75, Gali No.3, Measuring 100 Sq.Yds., Khasra No. 351 and 352, Mahendru Enclave, Village Malikpur Chhaoni, Delhi, it is stated that Sh. Puneet Banthia is the sole, absolute, exclusive and rightful owner of the said property and the same is free from all sorts of encumbrances. Anybody holding any right title interest or claim of any nature whatsoever with the aforesaid Property may contact Mobile No.9899722078 or above mentioned address within 15 days from the date of the present publication failing which I shall purchase the said Property free from all sorts of encumbrances charges and liens etc. and no claim will be entertainable thereafter

**NAME CHANGE**
I, Urmilla pal W/o-Beni Madhav Pal R/O A-206, First floor Karampura Delhi -110015 have changed my name from Urmilla pal to Urmila Pal for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Muskan D/O Mohd Yaqub W/O Amir Khan R/O H No-a-31, Welcome seelampur North East Delhi -110053 have changed my name to Muskan Khan for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, NANAK CHAND S/O SULTAN SINGH residing at HOUSE NO-49 WARD NO-8 OLD FARIDABAD HARYANA-121002 have changed my name to NANAK CHAND MITTAL for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, KRISHAN SOMAWAT S/O RAJE RAM R/O RZ-157, R-BLOCK, NEW ROSAN PURA, NAJAFGARH NEW DELHI-110043 have changed the name of my minor son PARTH aged 15 years and he shall hereafter be known as PARTH SOMAWAT.

**NAME CHANGE**
I, GYANENDER PARSAD S/O SH.JOKHU PRASAD R/O HOUSE NO. 70/1, BLOCK-R3A3, NEAR GANDHI CHOWK, MOHAN GARDEN, UTTAM NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110059, have changed my name from GYANENDER PARSAD to GYANENDRA PRASAD for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I PANDU RANGA VENKATESH PAI S/O PANDU RANGA PAI R/O H3/59A H-3 BLOCK MAHAVIR ENCLAVE DWARKA DELHI-110045 I HAVE CHANGE MY NAME TO VENKATESH PAI

**NAME CHANGE**
I, RANJANA SHRIVASTAVA W/O PRADEEP SHRIVASTAVA R/O F-NO-101, UGF B-58, BLOCK B, VISHWAKARMA COLONY, NEAR MOMS PRIDE PLAY SCHOOL, PUL PEHLADPUR MB ROAD, BADARPUR, DELHI 110044, I have changed my name from RANJANA SAXENA TO RANJANA SHRIVASTAVA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, SARADA KOLLI Wife of No-14449855W Rank-HAV Name-MADHAVA RAO MATTA R/o VILL-TALABHADRA, PO-KASIBUGGA, TEH-PALASA, DIST-SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH-532222, have changed my name from SARADA KOLLI to SARADA MATTA for all future purposes vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, ANISH KUMAR Son of No-15491527A, Rank-DFR Name-SURJEET KUMAR Presently residing at VILL-KEHARPURA KHURD, PO-MOHAN PURA, TEH-CHIRAWA, DIST-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333024, have changed my name from ANISH KUMAR to ANISH POONIA for all future purposes vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I,RASHID S/O AAS MOHAMMAD R/O RZ-31/350,GALI NO-16, JAGDAMBA VIHAR,SAGARPUR,NANGAL RAYA,SOUTH WEST DELHI,DELHI-110046,HAVE CHANGED MY NAME TO RASHID SAIFI FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**
I, INDERJEET REXWAL S/O SUNIL KUMAR R/O CN 112 H.NO- 205, MAIN MARKET BADARPUR, JAIT PUR, SOUTH DELHI, DELHI-110044 have changed the name of my minor daughter LAVISHA REXWAL aged 4 year and she shall hereafter be known as ANVI REXWAL.

**NAME CHANGE**
I, IDRESH ALVI S/O ABDUL MAJID R/O H NO. O-46/1, GALI NO-17, BRAHAMPURI, NEW SEELAMPUR, BHAJANPURA, NORTH EAST, DELHI-110053 HAVE CHANGED MY NAME MOHAMMAD IDRIS FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**
I hitherto known as KANCHAN KUMAR alias KANCHAN KUMAR PATEL S/O BASUDEO PATEL R/O FLAT NO A-2, UPPER GROUND FLOOR, C-20/2, CHHATAR PUR ENCLAVE, PHASE-2, CHATTAR PUR, PO CHATTARPUR, DIST SOUTH DELHI, DELHI-110074 have changed my name and shall hereafter be known as KANCHAN KUMAR PATEL.

**NAME CHANGE**
I, MADHURI RASTOGI Mother of No-10136598N Rank-HAV Name-HARISH KUMAR Presently residing at BLOCK-Y, HOUSE NO-60, MANGOLPURI, DELHI-110083, have changed my name from MADHURI RASTOGI to MADHURI for all future purposes vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No. 1601648M, Rank-HAV, Name-PRAVEEN KUMAR Residing at VILL-BHORA KHURD, PO-BHORA KALAN, TEHSIL-BUDHANA, DISTT-MUZAFFARNAGAR, U.P-251319 have changed my mother's name from SOHARBIRI DEVI to SOHANVIRI DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, GHOLI DEVI Mother of No. 16117439M, Rank-HAV Name-DESH RAJ Presently residing at VILLAGE-MASERAN, PO-MAJHWAR, TEHSIL-SADAR, DISTT-MANDI, HIMACHAL PRADESH-175001, have changed my name from GHOLI DEVI to GIRESH KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 25/02/2025 before Executive Magistrate, Himachal Pradesh.

**NAME CHANGE**
I, GOWRIKUTTYAMMA Mother of No-15669181L, Rank-HAV Name-BINU R KURUP residing at MURALEE MANDIRAM, ANGADIKKAL NORTH, PO THALAYIRA, ANGADICKAL, PATHANAMTHITTA, KERALA-689648, have changed my name from GOWRIKUTTYAMMA and GOURIKUTTIAMMA for all future purposes and in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1945 instead of my correct date of birth as 01/01/1941 vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, ASTAMI DAS Mother of No. 4577865N Rank-HAV Name-RUP KUMAR DAS Residing at VILL-MADHPUR, PO-MOLLABALIA, TEHSIL-HARINGHATA, DISTT-NADIA, WEST BENGAL-741249, have changed my name from ASTAMI DAS to ASHTAMI DAS for all future purposes and in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 10/11/1955 instead of my correct date of birth as 05/07/1957 vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, GHAN SHYAM VERMA Father of JC-389397H Rank-NB SUB, Name-MAHENDRA KUMAR VERMA Presently residing at HOUSE NO-01, NARSINGH KHEDA, SEHORE, MADHYA PRADESH-466115, have changed my name from GHAN SHYAM VERMA and GHANSHYAM VERMA for all future purposes and in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 17/04/1958 instead of my correct date of birth as 19/07/1958 vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SWATHI Daughter of JC NYA-2608028Y, Rank- HAV (NOW NB SUB) Name-M VENKATESAN, Father of SWATHI residing at VPO- MEILMAYIL, TEHSIL-K V KUPPAM, DISTT-VELLORE, TAMIL NADU-632203, have changed my name from SWATHI to SWATHI V for all future purposes vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No-15669181L, Rank-HAV Name-BINU R KURUP Father of ADVAITH BK residing at MURALEE MANDIRAM, ANGADIKKAL NORTH, PO THALAYIRA, ANGADICKAL, PATHANAMTHITTA, KERALA-689648, have changed my minor son's name from ADVAITH BK to ADVAITH B for all future purposes vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No. 1601648M, Rank-HAV, Name-PRAVEEN KUMAR Residing at VILL-BHORA KHURD, PO-BHORA KALAN, TEHSIL-BUDHANA, DISTT-MUZAFFARNAGAR, U.P-251319, have changed my father's name from NIRANJAN SINGH to NIRANJAN for all future purposes vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, RAM KISHAN S/O NANAK CHAND MITTAL residing at HOUSE NO-246 SECTOR-19 FARIDABAD HARYANA-121002 have changed my name to RAM KISHAN MITTAL for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client Mrs. Poonam Rawat & Mrs. Priya Darshan are purchasing Third Floor , without roof rights, admeasuring 76.66 Sq. yards, built on plot no. 19,out of Khasra no. 508, situated in the revenue estate of village Nawada Delhi, Colony Known as Bhagwati Garden, Uttam Nagar , New Delhi-110059. from Mrs. Veena Gogia who is the owner of the abovementioned property vide General Power of Attorney, Agreement to Sell & WILL dated 05.09.2008 and intend to get the financial assistance from Motilal Oswal Home Finance Limited. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 15 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**
I, P JAYALAKSHMI Wife of JC NYA-2608028Y, Rank- HAV (NOW NB SUB) Name-M VENKATESAN, residing at VPO-MEILMAYIL, TEHSIL-K V KUPPAM, DISTT-VELLORE, TAMIL NADU-632203, have changed my name from P JAYALAKSHMI to V JAYALAKSHMI for all future purposes and in my husband's service record my date of birth wrongly mentioned as 07/07/1985 instead of my correct date of birth as 07/06/1985 vide Affidavit dated 12/03/2025 before Notary Public Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Neetu Shah D/O P.L.Sharma EX.Wife of Shri Sachin Shah residing at House No.5/45, Ring Road Near PGDAV College,Nehru Nagar,Lajpat Nagar Dist: South Delhi Delhi - 110065 declare that I, got divorce from my husband vide Court decree No. HMA- 319/2025 dated 04/03/2025, Further I, have changed my name and shall hereafter be known as Neetu Sharma for all future Purposes. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Prema Lohiya W/O: Deepak Kumar, R/O PERMANENT Adress Chhera, Pithoragarh, Uttarakhand, 262501, Present adress F- 195, Lado Sarai, mehrauli ,Delhi 110030, declare that name of mine has been wrongly written as Ayush Lohiya in my Aadhar card no 3163 2814 2717.The actual name of mine is Prema Lohiya,Which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I KAMLA BHATT W/O RAMESH CHANDRA PERMANENT RESIDENCE- BHETE, PO: CHHANA DISTRICT ALMORA, UTTARAKHAND-263645, PRESENT RESIDENT- P-15/1, CHITRAL LINE DELHI CANTT, DELHI-110010, declare that name of mine has been wrongly written as KAMLA DEVI in my minor son namely AYUSH BHATT aged 14 years in his school record. The actual name of mine is KAMLA BHATT which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client FARDEEN KHAN is purchasing the Second Floor Back Side without roof rights, Property bearing No. 11-E(old No. 2/19-A), admeasuring 100 sq. yds. out of Khasra No. 270, Situated at Village Babarpur, in the Abadi of Prem Gali, Babarpur, Illaqa Shahdara, Delhi-110032 from Sh. Inder Pal who is the owner of the abovementioned property from vide Relinquishment Deed dated 10.05.2019 as doc no. 2705, and Intend to mortgage the said property with SMFG India Home Finance Company Limited. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Contact no.- 49774545

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform/known to all that the Original Title/Ownership documents i.e. WILL executed by Sh. Vinod Kanwar in favour of Ms. Deepti Sharma, pertaining to Flat No. J-1/62, Third Floor, Without Roof Rights, Area Measuring 40 Sq. Yds., DDA Flats, Situated at Kalkaji, New Delhi-110019. (hereinafter referred to as 'said property') Which is owned and Possessed by Seller i.e. Ms. Deepti Sharma who has agreed to Sell the 'said property' to Smt. Asha Devi and same shall be funded/ Mortgaged by My Client "AADHAR HOUSING FINANCE Ltd., GOVINDPURI BRANCH" has been lost / Misplaced Somewhere and are not traceable. Anybody who find the above said original document(s) please inform the undersigned within 7 days from the date hereof, failing which the claim(s) shall be considered to have been waived and/or abandoned and my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of Mortgage on the Property. Also, If any person misuses the same for any purpose whatsoever, She / he shall be liable for the appropriate legal action against him/her at his /her own risk, cost and consequences.
Dated : 12-03-2025
Place : Delhi
Advocate Ghanshyam Singh,
Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Kamla Devi W/o Mr. Randhir Singh is the owner of Freehold Residential Plot No. 205-A, area measuring 35 Sq. Yds., Total area measuring 50 Sq. Yds., Out of Khasra No. 171, Situated at Village- Bindapur Delhi area abadi known as Nand Ram Park, Block-A, Uttam Nagar, Delhi-110059. by virtue of Regd. GPA along with ATS & Regd. WILL dated 07.07.2006., in the chain documents below mentioned documents not available i.e. Original Regd. GPA dated 07.07.2006 executed by Mr. Subhash Wadhrora in favour of Mrs. Kamla Devi., Our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold to be Mr. Rahul Kumar which is to be financed by SMFG India Home Finance Company Limited Subhash NAGAR, DELHI. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**PUBLIC NOTICE**
BE IT KNOW TO ALL CONCERNED THAT MY CLIENTS MR. AVTAR SINGH S/O LATE S. SADHU SINGH AND MRS. HARJEET KAUR W/O S. AVTAR SINGH BOTH R/O FE-5, SHIVAJI ENCLAVE, NEAR HANUMAN MANDIR, NEW DELHI-110027 HEREBY DECLARE THAT THEY HAVE EXPELLED, DISOWNED AND DIS-INHERITED THEIR SON I.E. MANJOT SINGH DUE TO MISBEHAVIOUR OF THEIR ABOVE MENTIONED SON FROM THEIR ALL MOVABLE, IMMOVABLE PROPERTIES WHATSOEVER / WHEREEVER SITUATED & BANK DEPOSITS ETC. THEY HAVE ALSO RELEASED ALL THEIR RELATIONS WITH THEIR ABOVE MENTIONED SON FOR ALL INTENTS AND PURPOSES, AND MY CLIENTS HEREBY DECLARE THAT THEY SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY OF ACTS AND OMISSIONS OF THEIR ABOVE MENTIONED SON FROM HERETO. ANYBODY DEALING WITH HIM SHALL DO SO AT HIS/HER/THEIR OWN PERIL.
**ADVOCATE GULSHAN CHANANA**
Corporate off: Shop No-1, Flat No-773, Four Storey, Opp. P.S. Rajouri Garden, New Delhi-110027

**PUBLIC NOTICE**
It is for the information of general public that my client Sh. Bijender (Aadhar Card No. 6863 3502 3485) S/o Chander Bhan & Smt. Kamlesh (Aadhar Card No. 7975-8172-9426) W/o Sh. Bijender, both R/o A-66, Camp No.4, Jwala Puri, West Delhi, Delhi-110087, has disowned his daughter Kajal (Aadhar Card No. 6165-4839-8023) D/o Bijender, R/o and her family, from all her moveable and immoveable properties. It is informed that my client already gave appropriate share in property to Kajal D/o Bijender and her family. My client shall not be liable for any acts and deeds etc. occurred by her above said elder daughter and her family in future.
**NASREEN IMRAN Advocate**
Chamber No. 941, Patiala House Courts, New Delhi-110001

**NAME CHANGE**
I, BHOBANI CHARAN SWAIN Father of No. 15498724L Rank-HAV (INT GD) Name-MANOJ KUMAR SWAIN Presently residing at VILL-NALANGA, PO-BODAL, TEH-NAUGAON, DIST-JAGATSINGHPUR, ODISHA-754113, have changed my name from BHOBANI CHARAN SWAIN to BHOBANI SWAIN vide Affidavit dated 12/03/2025 before the Notary Public, Shillong.


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जाहिद खान उर्फ राजू** पुत्र **अब्दुल हमिद** निवासी **म.नं. शमशाद गार्डन, बी–127, गांव पसौंडा, थाना साहिबाबाद, जिला गाजीयाबाद, उत्तर प्रदेश** ने case **FIR No. 112/2007 U/s 364/307/302/120B IPC, थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **जाहिद खान उर्फ राजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जाहिद खान उर्फ राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 112/2007 U/s 364/307/302/120B IPC, थाना सीमापुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जाहिद खान उर्फ राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अतुल अहलावत**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश**
**कमरा नं. 31, शाहदरा**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3025/SHD/2025(Court Matter)**

## रंग यात्रा में विभिन्न मंडलों के रंग कर्मियों ने होली के बिखरे रंग

**नारनौल।** दक्षिणी हरियाणा सांस्कृतिक मंच का अब की बार 25वां स्थापना दिवस (रजत जयंती) होने के कारण कार्यक्रम होली महोत्सव का शुभारंभ 11 मार्च को दोपहर बाद तीन बजे पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस से रंग यात्रा से हुआ। रंग यात्रा में घोड़ी नृत्य, ढैंफ वादन, ढप्प, चंग, मृदंग, मजीरा, झांझ, ढोल के साथ नृत्य धमाल करते हुए रंग बिरंगी पोशाकों, पगड़ी और कमरबंद पहनकर लोक कलाकार होली गाते हुए और नाचते हुए प्राचीन लोक संस्कृति का वृहद प्रदर्शन करते हुए रंग यात्रा में लुप्त हुए फाग्ण के रंगों प्रेम, भाईचारा, मनोरंजन को बरसाते हुए रंगकर्मी शहर की सड़कों से गुजरे। इस रंग यात्रा में इलाके को मंडलियों ने भाग लिया, जिसमें सुप्रसिद्ध रंगकर्मी कुलदीप, भूपसिंह भारती, लखमीचंद, प्रवक्ता धर्मसिंह, मनीष उर्फ मुंशी, रोहताश, रामजीलाल, जय नारायण, बेघराज, बाबूल, अमर सिंह, दूड़ाराम, घनश्याम, महेंद्र सिंह आदि ने भाग लेकर रंग यात्रा को सफल बनाया। मंच के संस्थापक रंगकर्मी मास्टर संतलाल व उपाध्यक्ष वासुदेव ने संयुक्त रूप से बताया कि इसी श्रृंखला में 12 मार्च को होली लोकोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें इलाके की बेहतरीन टीमें छंद, धमाल, सांग आदि का शानदार प्रस्तुति देंगे। इस होली लोकोत्सव का आयोजन अपने स्थाई स्थान रेडियो अरावली पार्क, इंडस्ट्रियल एरिया निजामपुर रोड नारनौल में दोपहर सवा 12 बजे से सायं पांच बजे तक होगा।

## होली सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का पर्व : उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ

**पलवल।** शिवहर शिक्षा संस्कृति न्यास पलवल एवं हरियाणा साहित्य व संस्कृति अकादमी पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में शिव विहार पलवल में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ मुख्य अतिथि के तौर पर दीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह की अध्यक्षता निदेशक हरियाणा साहित्य व संस्कृति अकादमी पंचकूला धर्मदेव विद्यार्थी ने की। समारोह में श्याम सुंदर शर्मा, पदम अलबेला, डा. जंग बहादुर पांडे, सुनीता रैना, सुखदेव पांडे सरल, गोविंद भारद्वाज, मोहित मनोहर वीरपाल परसु, चंद्र प्रताप सैनी आदि नामचीन कवि और कवयित्रियों ने श्रोताओं को अपनी कविताओं और व्यंग्यों से मंत्रमुग्ध कर दिया। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी को रंगों के त्यौहार होली व दुल्हेंडी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रंगों के इस पावन पर्व होली को आपसी भाईचारा का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व पर लोगों का उमंग व उल्लास देखते ही बनता है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता का संदेश देता है। इस त्यौहार को हम सब आपकी प्रेम और सौहार्द से मनाते हैं। रंगों का यह त्यौहार सभी को सद्भाव के साथ रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि वे बृज की होली से वे बहुत प्रभावित हैं।

## हरियाणा की आंगनबाड़ियों में हेल्पर, वर्कर के हजारों पद खाली

**चंडीगढ़।** हरियाणा में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में इस समय कर्मचारियों के हजारों पद रिक्त पड़े हुए हैं। राज्य सरकार केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार इन पदों को भरने के लिए नियमावली को तैयार कर रही है। विधानसभा में कांग्रेस विधायक पूजा ने यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से आंगनबाड़ी केंद्रों में हेल्पर, वर्करों तथा सुपरवाइजरों के रिक्त पदों के बारे में जानकारी मांगी। इसके जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि प्रदेश में इस समय आंगनबाड़ी वर्कर के 25 हजार 962 स्वीकृत पद हैं। इनमें से 23 हजार 413 पद भरे हुए तथा 2549 पद रिक्त हैं। आंगनबाड़ी हेल्पर के 25 हजार 450 पद स्वीकृत हैं, जिसकी एवज में 21011 पद भरे हुए हैं तथा 4439 पद रिक्त हैं। सुपरवाइजन के लिए 1016 पद स्वीकृत हैं। इनमें 898 भरे हुए तथा 118 पद रिक्त हैं। सरकार के अनुसार इन पदों को भरने के लिए केंद्र के निर्देशानुसार नियम तय किए जा रहे हैं। यह नियम बहुत जल्द फ्रेम हो जाएंगे। इसी वर्ष के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भर लिया जाएगा। सरकार के अनुसार सुपरवाइजरों के रिक्त पदों को भरने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को मांग भेजी जा चुकी है।

## पुगथला में नकल की पर्ची बनाते चार पकड़े, कार जब्त

**सोनीपत।** सोनीपत में 10वीं बोर्ड का विज्ञान का पेपर हुआ। इस दौरान गांव पुगथला सरकारी स्कूल में नकल करवाने का मामला सामने आला अधिकारियों ने सूचना मिलने पर छापा मार कर चार को को काबू किया और पुलिस थाना गन्नौर ले जाया गया। सोनीपत गांव पुगथला में सरकारी स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां तीन युवक स्कूल से 200 मीटर दूर गाड़ी में बैठकर पर्चियां बनाते दिखाई दिए। इनके पास मोबाइल में प्रश्न भेजे गए थे, जिन्हें देखकर ये प्रश्नों के उत्त तैयार कर पर्चियां बना रहे थे। इन पर्चियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए छह बाइक राइडर लगाए गए थे। यह परीक्षा केंद्र के चारों तरफ परिक्रमा करते मौका मिलते ही पर्चियां फेंक रहे थे। स्कूल प्रशासन ने कंटीले तार लगाए थे, लेकिन युवकों ने इन्हें प्लास से काट दिया था। परीक्षा खत्म होने से करीब पांच मिनट पहले गन्नौर के एसडीएम प्रवेश कादियान और उनकी टीम ने छापा मारकर पुगथला स्कूल के पास नकल करा रहे इन में से चार युवकों को काबू कर लिया।

# 54वीं हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक

**कृष्णावती नदी की आंतरिक निकासी को किया जाएगा दुरुस्त ● अमरपुर जौरासी बांध की मरम्मत व नवीनीकरण होगा**

एजेंसी

**नारनौल।** जिला महेंद्रगढ़ में पानी के अधिक से अधिक संवर्धन के लिए कृष्णावती नदी की आंतरिक निकासी को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए खुदाई भी की जाएगी। इसके अलावा नारनौल शहर को बाढ़ से बचाने के लिए जौरासी बांध की मरम्मत और नवीनीकरण किया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त डा. विवेक भारती ने आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई 54वीं हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की बैठक के बाद दी। इस बैठक के दौरान प्रदेश में बाढ़ एवं सूखा के प्रबंधन तथा जल संरक्षण एवं उसके पुनरुपयोग को लेकर जिला महेंद्रगढ़ के लिए 4 विभिन्न परियोजनाओं पर विचार- विमर्श हुआ।

जिला महेंद्रगढ़ में जल संरक्षण के लिए चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

डीसी ने बताया कि जल संरक्षण एवं पुन- उपयोग के लिए कृष्णावती



नदी की आंतरिक निकासी दुरुस्त करने के साथ-साथ नदी की गहराई की जाएगी। इससे नदी की वहन क्षमता और पुनर्भरण दर में वृद्धि होगी। नारनौल शहर की आबादी की बाढ़ से सुरक्षा के लिए भी परियोजना तैयार की जा रही है। गांव अमरपुर जौरासी में बांध की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह नारनौल शहर के दक्षिणी तरफ स्थित है। इस बांध का निर्माण वर्ष 1954 में हुआ था। अब इसमें कुछ मरम्मत और नवीनीकरण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि निजामपुर खंड में बाढ़ के मौसम के दौरान नहर के पानी की अतिरिक्त आपूर्ति का उपयोग करके स्प्रिंकलर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न गांवों में नहर भंडारण टैंक बनाए जा रहे हैं।

इसके अलावा नांगल नूनिया गांव के बांध में रिचार्जिंग उद्देश्य और सिंचाई सुविधाओं में सुधार के लिए दबाव वाली पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही कार्य शुरू करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बैठक में सिंचाई विभाग के एसई राजेश खत्री, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल तथा सिंचाई विभाग के एक्सईएन आशुतोष यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# लिंगानुपात सुधार पर सीएम ने की महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन की सराहना

**कार्यक्रम अधिकारी ने सीएम की ओर से मिला प्रशस्ति पत्र व 3 लाख का चेक डीसी को सौंपा**

एजेंसी

**नारनौल।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लिंगानुपात सुधार में महेंद्रगढ़ जिला को दूसरे स्थान पर आने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला प्रशासन की सराहना की और इस उपलब्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन को सम्मानित किया। यह सम्मान पाने के बाद पंचकूला से नारनौल पहुंची जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने उपायुक्त डा. विवेक भारती से मुलाकात कर सम्मान स्वरूप मिला प्रशस्ति पत्र तथा 3 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस मौके पर लिंगानुपात सुधार को लेकर जिला प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को जिला महेंद्रगढ़ में लगातार गति दी जा रही है। इसके लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करते हुए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा



है। इसके अलावा लिंग जांच पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। जहां भी ऐसी सूचना मिलती है जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाती है।

उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में लिंगानुपात 869 से 903 हो गया है। इसमें और अधिक सुधार के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास करता रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि लिंग जांच व भ्रूण हत्या के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (अ) के गुरुग्राम कार्यालय का उद्घाटन

एजेंसी

**गुरुग्राम।** अजय तोमर ऱ्हरियाणा प्रदेश सचिव श्री मुकेश सिरोही जी ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (अ) के गुरुग्राम कार्यालय का उद्घाटन पार्टी सुप्रीमो व केंद्रीय मंत्री श्री रामदास अठावले जी के कर कमलों से किया गया। मंत्री जी के नेतृत्व में पार्टी का विस्तार हरियाणा में बड़ रहा है। मंत्री जी हमेशा दलित वंचित समाज की लड़ाई हमेशा लड़ते आए है और हमेशा लड़ते रहेंगे। वाटिका सिटी होम्स ऋ्क की टीम व् सोसाइटी में रह रहे लोगों से क्लब में मुलाकात की और उनकी समस्या सुनी और आश्वस्त किया आपके द्वारा जो भी समस्या है उनका समाधान करने का प्रयास करेंगे। मंत्री जी ने कहा कि हमारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि कुंडली जी के नेतृत्व में हरियाणा तरक्की करेगा हमारा एक एक कार्यकर्ता हमेशा आपकी सेवा में है हमेशा करेगा 7 आज पार्टी के गुरुग्राम कार्यालय के साथ साथ प्रदेश के हर जिले में पार्टी का विस्तार करेंगे और पार्टी कार्यालय भी खोलने का प्रयास करेंगे। ताकि हर दलित पिछड़े व अहसहाय लोगों की मदद की जा सके। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जी का कहना है कि हम सब जनता के लिए काम करते है और करते रहेंगे आम जनता का है उनके लिए पार्टी के कार्यालय के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। कोई भी आकर अपनी समस्या को बता सकता है उसकी समस्या का संविधानिक तरीके से उसका हल निकालने का पर्यास



हम जनता सेवा करने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे। पार्टी के प्रदेश महासचिव एडवोकेट ओमवीर जी का कहना है कि हम बाबासाहेब भीमराव के द्वारा दिखाए गए रास्ते को मंत्री जी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाने का काम करेंगे। पार्टी के प्रदेश सचिव मुकेश सिरोही जी का कहना है कि ये कार्यालय पार्टी के साथ साथ किया जाएगा 7 कार्यालय के उद्घाटन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री एडवोकेट रवि कुंडली जी, प्रदेश महासचिव एडवोकेट ओमवीर जी, प्रदेश प्रवक्ता विश्वजीत जी, खेल प्रकोष्ट अध्यक्ष जसविंदर जी, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष इमरान जी व हरियाणा की पूरी टीम ने इस शुभ अवसर पर उपस्थित रहे।

# हरियाणा जल्द ही कांग्रेस मुक्त हो जाएगा : बड़ौली

एजेंसी

**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सनातन संस्कृति की रक्षा और गौ सेवा को प्राथमिकता दी है। गौमाता की सुरक्षा के लिए प्रदेश में गोशालाएं और नंदीशालाओं का निर्माण कराया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को मेवात में वीर भगत सिंह गौशाला पहुंचे और वार्षिक महोत्सव में शिरकत की। इस मौके पर श्री बड़ौली ने प्रदेश के लोगों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस व अन्य पार्टियों से आए लगभग 20 लोगों को भाजपा में शामिल कराया और उनका भाजपा में स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार गौसेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि 2014-15 में हरियाणा गौ सेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपये का बजट था। हरियाणा की देवतूल्य जनता ने भाजपा की सरकार बनाई और हमारी सरकार ने बजट



को बढ़ाकर 510 करोड़ रुपये कर दिया। श्री बड़ौली ने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 74 हजार गोवंश थे। लेकिन इस समय प्रदेश में 683 पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिनमें लगभग 4 लाख 50 हजार बेसहारा गोवंश का पालन-पोषण हो रहा है। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार किसान समर्पित सरकार है। पिछले 10 सालों में भाजपा सरकार ने खेती-किसानी को बढ़ावा देने के साथ-साथ पशुपालन को बढ़ावा दिया है। किसान समृद्ध हो इसके लिए भाजपा सरकार ने अनेकों योजनाएं चलाई जिनका लाभ देश और प्रदेश के करोड़ों किसानों को मिल रहा है। श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार किसानों की सभी फसलों को एमएसपी खरीद रही है।

प्रदेश में भाजपा सरकार से युवा, किसान, महिलाएं और गरीब व्यक्ति खुश है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग के हितों के लिए योजनाएं बनाकर उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचा रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से सेवा करना है। नायब सरकार 24 घंटे जनहित के कार्यों में लगी हुई है। इस मौके पर जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा, शिव कुमार आर्य, रमेश, सुरेंद्र, कीरा गौशाला के अध्यक्ष योगेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन औरंगजेब आदि उपस्थित रहे।

# महेंद्रगढ़ जिले को 10 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से इसी वर्ष पशुओं के लिए मिलेगा नया मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल

एजेंसी

**नारनौल।** नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा में महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल में पशुओं के लिए मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाए जाने की मांग की उनकी मांग पर प्रदेश के पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने सदन को बताया कि महेंद्रगढ़ जिले की नारनौल विधानसभा में स्थित सीमन बैंक परिसर में लगभग 7 एकड़ जमीन पर 10 करोड़ 81लाख रुपए की लागत से इसी वर्ष पशुओं के लिए मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का शुभारंभ कर दिया जाएगा।

मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लगभग 10 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से बनेगा। जिसमें पशुओं से संबंधित बीमारियों के आधुनिक उपकरणों से ऑपरेशन चिकित्सकों की टीम द्वारा किए जाएंगे। पशु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल दक्षिणी हरियाणा का पहला हॉस्पिटल होगा इससे पहले दक्षिण हरियाणा का किसान व अन्य पशुपालक अपने पशुओं को ऑपरेशन के लिए हिसार लेकर जाता था। उक्त पशु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल से महेंद्रगढ़ जिले के साथ-साथ राजस्थान प्रदेश के साथ लगते जिले अलवर, कोटपुतली, झुंझुनू एवं सीकर के किसानों व पशुपालकों को भी फायदा मिलेगा। पिछले दो वर्षों से नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव नारनौल में मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाने के लिए प्रयासरत थे आखिर उनका प्रयास सफल हुआ। सोमवार को हरियाणा के पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने नारनौल में 10 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से पशु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाने की सदन में जानकारी दी।

# विशेष उड़नदस्ता टीम ने ओपन स्कूल परीक्षा केंद्रों का किया दौरा

**● राजकीय मिडल स्कूल सौंख में पांच नकली परीक्षार्थी पकड़े**

### एक नकली परीक्षार्थी उड़नदस्ता टीम ने और चार नकली परीक्षार्थियों को स्टाफ ने पकड़ा

एजेंसी

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की ओर से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक (नियमित/पुन- प्रकट/मुक्त विद्यालय) व डी.एल.एड की परीक्षाओं को जिला के परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित करवाने के लिए एसीयूटी अनिरूद्ध यादव की अध्यक्षता में विशेष उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। इस विशेष उड़नदस्ता टीम के अध्यक्ष अनिरूद्ध यादव एवं सदस्य एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक ने ओपन स्कूल के परीक्षा केंद्र राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तावडू के बी-1 व बी-2 तथा राजकीय मिडल स्कूल सौंख का निरीक्षण किया। इस दौरान इस उड़नदस्ता टीम ने राजकीय स्कूल सौंख में बने परीक्षा केंद्र पर चेकिंग के दौरान एक नकली परीक्षार्थी को पकड़ा और उसे मौके पर ही केंद्र अधीक्षक को सौंपा तथा पुलिस कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एसीयूटी अनिरुद्ध यादव ने परीक्षा केंद्र का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि विशेष उड़नदस्ता टीम ने अब तक



करीब 8 फजी परीक्षार्थी पकड़े हैं। इस टीम ने चेकिंग में आज गांव सौंख के परीक्षा केंद्र पर एक बच्चा, किसी दूसरे बच्चे के स्थान पर परीक्षा देता पकड़ा है। इसके अलावा सौंख स्कूल के ही परीक्षा केंद्र में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने चार अन्य बच्चों को भी दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा। इससे पहले इस उड़नदस्ता टीम ने 6 मार्च को भी करीब पांच बच्चों को हाजीबख्शी व अन्य स्कूलों के परीक्षा केंद्रों पर पकड़ा था। इस उड़नदस्ता टीम ने बीते दिन गांव बीवां के स्कूल में नकली परीक्षार्थी लड़की को किसी दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा था। इन सभी बच्चों के खिलाफ जरूरी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा द्वारा जिला के सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए सख्त व स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल के प्रति जीरो टोलरेंस नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है। विशेष उड़नदस्ता की टीम अधिकतर ओपन स्कूल के परीक्षा केंद्रों का दौरा कर रही है, ताकि इन परीक्षा केंद्रों पर नकल की सभी संभावनाओं को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला व पुलिस प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पूरी सख्ती की हुई है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व नोडल अधिकारी, ड्यूटी मजिस्ट्रेट आदि की नियुक्ति की हुई है।

# गरीब व आवासहीन परिवारों की पहचान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना: सीईओ प्रदीप अहलावत



एजेंसी

**नूंह।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण-2.0 के तहत सर्वे शुरू कर दिया गया है। इस योजना में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पक्का मकान दिया जाएगा जिसके लिए लाभपात्र ग्रामीण परिवार अपने मोबाइल से आवेदन करने के साथ खुद ही अपने घर का सर्वे करके योजना का लाभ ले सकते हैं। उक्त कार्य हेतु जिला नूंह में 219 सर्वेयर नियुक्त किए गए है। जो कि घर-घर जाकर सर्वे का कार्य करेंगे। सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत लघु सचिवालय के सभागार में खंड तावडू व इंडरी के सर्वेयर की बैठक में स्थित सर्वेयर को संबोधित कर रहे थे। बैठक में आवास प्लस मोबाईल एप् के बारे में बताया गया तथा निर्देश दिए है कि यह कार्य 21 मार्च तक पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वे का उद्देश्य 2024-25 से 2028-29 तक उन पात्र परिवारों को मकान उपलब्ध कराना है, जिनके पास मकान नहीं है। मोबाइल ऐप के जरिए भी आवेदन किया जा सकता है। अनुसूचित जाति और जनजाति के ऐसे परिवार जिनके पास मकान नहीं है, उनको इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्वे और पहचान सत्यापन के लिए लाभपात्र परिवार के मुखिया को आवास प्लस-2024 ऐप डाउनलोड करनी होगा। इसके माध्यम से फिर आधार फेस आरडी ऐप इंस्टॉल करें और ऐप खोलकर सेल्फ सर्वे का विकल्प चुनना होगा।

# सफाई कर्मचारियों के प्रति मानवीय व्यवहार रखें अधिकारी : अंजना

**नूंह।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने सफाई कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारी सफाई कर्मचारियों के प्रति मानवीय व्यवहार रखते हुए उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। विकसित भारत के संकल्प पथ पर स्वच्छ भारत बनाने के निर्धारित लक्ष्यों को इनके सहयोग के बिना पूरा नही किया जा सकता। बैठक में उपाध्यक्ष के द्वारा निकाय के सफाई कर्मचारियों को लेकर अहम दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने निगम अधिकारियों से नगर निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत सीवर सफाई का मैनुअल वर्क पूरी तरह बंद है। उन्होंने सफाई कमर्चारियों की मृत्यु के संदर्भ में उन्होंने उनके आश्रितों को दिए जाने वाले आर्थिक व अन्य लाभों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित एजेंसी अथवा निगम द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों को उनके आईकार्ड उपलब्ध कराए जाएं। जिसमें उनका ब्लड ग्रुप व पीएफ नंबर स्पष्ट रूप से अंकित हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए और सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि समय-समय पर हर साल वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा कि स्वस्थ भारत मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने खुद प्रयागराज में सड़क सफाई कर्मचारियों के सम्मान में उनके साथ बैठकर भोजन किया। सफाई कर्मचारी ने कोरोना काल में अपनी जान पर खेल कर सफाई की तथा उनका देश के प्रति सफाई में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि सफाई कमर्चारियों के आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक उत्थान व उनके पुनर्वास के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आयोग निरन्तर देश के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस अवसर पर उपयुक्त विश्राम कुमार मीणा, सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, डीएमसी सुशील मलिक सहित होने अधिकारी उपस्थित थे।

# श्याम बाबा के नारों से गूंजा चुलकाना धाम, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत के समालखा स्थित चुलकाना धाम में फाल्गुन एकादशी पर श्री श्याम बाबा का तीन दिवसीय मेला आयोजित किया गया है। इस दौरान स्थानीय विधायक मनमोहन भड़ाना ने हेलिकॉप्टर से मंदिर की 11 परिक्रमा कर श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। मेले में देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु चुलकाना धाम में बाबा श्याम के दर्शन के लिए पहुंचे रहे है। हारे के सहारे की जय और श्याम प्यारे की जय के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर कमेटी ने मंदिर और आसपास के क्षेत्र में भव्य सजावट की हुई है। मंदिर को जाने वाले सभी रास्तों को रोशनी से जगमगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। समालखा थाना प्रभारी दीपक ने बताया कि श्रद्धालुओं



की सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिसर में बने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। मंदिर कमेटी के प्रधान रोशन लाल खुद निकासी द्वार पर सुरक्षा कर्मियों के साथ भीड़ नियंत्रण में जुट रहे हैं। चुलकाना मंदिर दरबार में हाजिरी लगाकर श्रद्धालु बाबा श्यामजी की निशान पदयात्रा कर रहे हैं। मंदिर कमेटी प्रधान रोशन छौक्कर के अनुसार फाल्गुन एकादशी मेला अपने चरम पर है। भक्तगण बाबा के दरबार में अपनी मनोकामनाएं मांग रहे हैं। आने वाले श्रद्धालुओं का जगह-जगह पर स्वागत किया जा रहा है, कमेटी की तरफ से भी लाइन में आने वाले श्रद्धालुओं पर गुलाब के फूलों की वर्षा करवाई जा रही है और गर्मी को देखते हुए मंदिर के अंदर लाइनों में लगे श्रद्धालुओं के लिए पानी की व्यवस्था करवाई गई है।

## किसानों के विरोध के एक दिन बाद नासिक के लासलगांव बाजार में प्याज की नीलामी शुरू

**नासिक/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नासिक में स्थित एशिया में प्याज के सबसे बड़े थोक बाजार में प्याज की नीलामी एक बार फिर शुरू हो गई है। एक दिन पहले प्याज की कीमत में गिरावट के विरोध में किसानों ने कुछ समय के लिए इसकी नीलामी रोक दी थी। किसानों ने कीमतों में गिरावट के खिलाफ पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध-प्रदर्शन किया था। लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) के सूत्रों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने प्याज पर लागू 20 फीसदी का निर्यात शुल्क हटाए जाने की मांग की। उनका दावा है कि निर्यात शुल्क के कारण कीमतों में गिरावट हो रही है। प्याज की कीमतों में गिरावट के विरोध में करीब 15 किसान पानी की टंकी पर चढ़ गए थे, जिसकी वजह से कुछ समय के लिए इसकी नीलामी भी रोक दी गई थी। लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति में एक दिन पहले नीलामी के लिए 11,500 क्विंटल प्याज मंडी में लाया गया था। प्याज की ग्रीष्मकालीन फसल के लिए भाव न्यूनतम 1,000 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम 2,201 रुपये प्रति क्विंटल और औसत 1,800 रुपये प्रति क्विंटल थीं। मंडी में लाल प्याज की कीमतें न्यूनतम 800 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम 2,005 रुपये प्रति क्विंटल और औसत 1,700 रुपये प्रति क्विंटल थीं, जबकि पांच दिन पहले ये कीमतें 2,250-2300 रुपये थीं। इसी के खिलाफ किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

## केंद्र ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। घरेलू उत्पादन में कमी के कारण यह कदम उठाया गया है। इससे पहले यह मियाद 31 मार्च 2025 तक थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि उड़द की मुफ्त आयात नीति 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही डीजीएफटी ने जारी अन्य अधिसूचना में पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की समय-सीमा को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने की जानकारी दी। सरकार के इस इस कदम से घरेलू बाजार में दलहन की कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उड़द का आयात अप्रैल से नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा है, जिसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यांमार से किया गया है। भारत, म्यांमार के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। उल?लेखनीय है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता भी है। देश में मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र उड़द के प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। भारत मुख्य रूप से अपने पड़ोसी देश म्यांमार से उड़द का आयात करता है।

## दूरसंचार क्षेत्र में शीघ्र उपयोग में आयेगी सैट जी टेक्नोलॉजी : मित्तल

**नयी दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने सैटेलाइट और टेलीकॉम उद्योग वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत को मिलाने का आह्वान करते हुये कहा है कि दूरसंचार उद्योग के लिए, सैटेलाइट तकनीक को जोड़ना अपने ग्राहकों के लिए नई तकनीक लाने से अलग नहीं होना चाहिए। श्री मित्तल ने आज यहां जारी बयान में कहा हाल ही में बार्सिलोना में संपन्न मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2025 में अपने उद्घाटन भाषण में, मैंने टेलीकॉम और सैटेलाइट दोनों कंपनियों से एक साथ काम करने, अपनी ताकत को जोड़ने और समुद्र और आसमान के साथ-साथ दुर्गम क्षेत्रों को कवर करते हुए असंबद्ध को जोड़ने के मिशन को पूरा करने का आह्वान किया। मुझे खुशी है कि सैटेलाइट कंपनियों और टेलीकॉम ऑपरेटरों के बीच भागीदारी की सक्रिय घोषणाओं के साथ इसका पालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री मित्तल की दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने कल अमेरिकी अरबपति एलेन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की है जो देश में उपग्रह संचार सेवा देने वाली स्टारलिंक की सेवायें देश में शुरू करेगी। इसी क्रम में जियो प्लेटफॉर्म ने भी आज स्पेसएक्स के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है।

## उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाओं के लिए जियो ने स्पेसएक्स से हाथ मिलाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी की जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) और एलन मस्क की स्पेसएक्स ने भारत में स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया है। इस समझौते के बाद अब भारत के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों सहित पूरे देश में उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड सेवाएं मिलने लगेंगी। इससे उन दुर्गम इलाकों को भी आसानी से कनेक्ट किया जा सकेगा जहां कनेक्टिविटी पहुंचाना मुश्किल काम है। समझौते में शामिल कंपनियों में से एक जियो जहां दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल ऑपरेटर है तो वहीं स्टारलिंक दुनिया का अग्रणी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन ऑपरेटर है। जियो के ग्राहकों को स्टारलिंक के सॉल्युशन्स जियो-स्टोर्स के साथ ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। जियो ने अपने बयान में कहा है कि स्पेसएक्स के साथ समझौते से विश्वसनीय इंटरनेट पूरे भारत में सभी उद्यमों, छोटे और मध्यम व्यवसायों और समुदायों को सुलभ कराया जा सकेगा।

# सर्राफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी का भाव भी टूटा

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को गिरावट का रुख बना हुआ है। सोना आज 320 रुपये से लेकर 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी भी आज 1 हजार रुपये किलोग्राम तक कमजोर हुई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,480 रुपये से लेकर 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,190 रुपये से लेकर 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## भारत और कतर के बीच वित्तीय और आर्थिक सहयोग को मंजूरी : वित्त मंत्रालय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और बढ़ाने की दिशा के रूप में भारत और कतर के बीच वित्तीय एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ाने पर हुए समझौते को पूर्ववर्ती तिथि से मंजूरी दे दी गई है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि भारत और कतर के बीच वित्त मंत्रालयों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को पूर्वव्यापी मंजूरी दे दी गई है। दोनों देशों के बीच वित्तीय और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की 18 फरवरी, 2025 को भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन से दोनों देशों में निवेश के लिए नए और उभरते क्षेत्रों और अवसरों की खोज होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव बलदेव पुरुषार्थ और कतर में भारत के राजदूत मोहम्मद हसन जाबिर अल-जाबिर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू से दोनों देशों में निवेश के लिए नए एवं उभरते क्षेत्रों और अवसरों की तलाश होने की उम्मीद है। इस समझौता का उद्देश्य



आर्थिक नीतियों, वित्तपोषण साधनों, सार्वजनिक-निजी भागीदारी ढांचे और निवेश में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और विकसित करना है। यह सहयोग कतर के पारस्परिक रूप से लाभकारी और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार के लिए प्रतिबद्धता को संस्थागत रूप देगा।

## क्रिजैक लिमिटेड को 1000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कोलकाता स्थित अग्रणी छात्र भर्ती समाधान प्रदाता क्रिजैक लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी की योजना इस इश्यू के जरिए 1000 करोड़ रुपये जुटाने की है।

कंपनी ने 18 नवंबर, 2024 को सेबी के समक्ष अपने आईपीओ के कागजात फिर से दाखिल किए थे। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटरों पिंकी अग्रवाल और मनीष अग्रवाल के बिक्री के लिए प्रस्ताव (ओएफएस) के रूप में होगा। इसमें कोई फ्रेश इश्यू शामिल नहीं होगा। क्रिजैक लिमिटेड का 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटर द्वारा शेयरधारकों को बेचने वाले 1,000 करोड़ रुपये तक की बिक्री का प्रस्ताव है। बिक्री के प्रस्ताव में पिंकी अग्रवाल द्वारा 841 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों और मनीष अग्रवाल द्वारा 159 करोड़



रुपये तक की बिक्री शामिल है। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। कोलकाता स्थित छात्र भर्ती समाधान प्रदाता क्रिजैक लिमिटेड एजेंटों और उच्च शिक्षा के वैश्विक संस्थानों के लिए एक बी2बी शिक्षा प्लेटफ़ॉर्म है। ये कंपनी यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, आयरलैंड गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में उच्च शिक्षा के वैश्विक संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय छात्र भर्ती समाधान प्रदान करता है। इसका भारत में एक आधार के साथ-साथ लंदन, यूनाइटेड किंगडम में सह-प्राथमिक संचालन भी है। इसके अलावा इसके कैमरून, चीन, घाना और केन्या सहित कई देशों में सलाहकार हैं।

## स्विगी ने डिलीवरी पार्टनर के लिए सुलभ इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ने सुलभ इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत समझौते स्विगी के डिलीवरी पार्टनर दिल्ली एनसीआर, मुंबई, ठाणे, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में सुलभ शौचालय का निःशुल्क उपयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही स्विगी ने 2030 तक शत प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपने डिलीवरी बेड़े में शामिल करने का ऐलान किया है। देश का अग्रणी ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म स्विगी के राजधानी दिल्ली स्थित ट्रांवणकोर पैलेस में आयोजित स्विगी सस्टेनेबिलिटी समिट 2025 का सांसद शशि थरूर ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्विगी के एमडी और समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्रीहर्ष मजेटी ने सुलभ इंटरनेशनल के अध्यक्ष कुमार दिलीप के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसके अलावा 2030 तक 100 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) डिलीवरी बेड़े में बदलाव करने का लक्ष्य घोषित किया।स्विगी सस्टेनेबिलिटी समिट 2025 के उद्घाटन के मौके पर घोषित यह साझेदारी मुंबई, ठाणे, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु चेन्नई और दिल्ली एनसीआर के शहरों सहित प्रमुख शहरों में स्विगी के डिलीवरी पार्टनर्स को स्विगी ऐप पर पंजीकरण दिखाने के बाद सुलभ शौचालय का निःशुल्क उपयोग करने में सक्षम बनाएगी। इसके अलावा स्विगी ने 8 प्रमुख स्तंभों में लक्ष्यों की घोषणा की। इसमें उत्सर्जन में कमी, परिपत्र परिवर्तन प्रदान करना, नेटवर्क और समुदायों का पोषण करना, आजीविका को समृद्ध करना और एक समावेशी कार्यबल का निर्माण करना, पाक विविधता और खाद्य अखंडता को बढ़ावा देना, डिलीवरी पार्टनर सुरक्षा और कल्याण को आगे बढ़ाना, कॉर्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता और डिजिटल स्थिरता को गति देना शामिल है। भारत का अग्रणी ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म ने स्विगी ने आज स्विगी सस्टेनेबिलिटी समिट में 2030 तक 100 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) डिलीवरी बेड़े में बदलाव करने का लक्ष्य घोषित किया। कंपनी ने यह भी साझा किया कि 2030 तक वह अपने शत प्रतिशत रेस्तरां भागीदारों को जिम्मेदार पैकेजिंग विकल्पों में बदलाव करने में सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य हासिल करेगा। इसके अलावा कंपनी अपने मूल्य श्रृंखला में बेहतर प्रक्रियाओं और स्वचालन के माध्यम से अपने प्रत्यक्ष संचालन में साल-दर-साल 25 फीसदी तक खराब होने वाले कचरे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध जताया। स्विगी यह सुनिश्चित करेगी कि 2025 तक हर स्थानीय रूप से उपलब्ध फसल शत प्रतिशत स्वदेशी रूप से प्राप्त हो, जिससे किसानों का उत्थान हो और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत हों। इसने स्विगी स्किल्स जैसे कार्यक्रमों के साथ 2030 तक हमारे मूल्य श्रृंखला में 1 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ अपस्किल, रीस्किल करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया।

## एयरटेल ने एलन मस्क के स्पेसएक्स के साथ किया समझौता, भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लाने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक समझौते पर हस?ताक्षर किया है। हालांकि, ये डील तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारत सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि उसने भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एयरटेल इस समझौते के तहत स्पेसएक्स के सैटेलाइट इंटरनेट डिवीजन स्टारलिंक के जरिए भारत में अपने ग्राहकों तक हाई-स्पीड




इंटरनेट सेवाएं पहुंचाएगी। एयरटेल के मुताबिक इस साझेदारी के जरिए दूरदराज और इंटरनेट कनेक्टिविटी से वंचित क्षेत्रों में विश्वसनीय ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य है। कंपनी के मुताबिक यह समझौता भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को एडवांस इंटरनेट सर्विस उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने बताया कि इस समझौते के तहत एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के रिटेल स्टोर में स्टारलिंक उपकरण ऑफर करने की संभावनाओं को तलाशेंगे। एयरटेल के जरिए बिजनेस कस्टमर्स को स्टारलिंक सर्विसेज ऑफर करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इसके साथ अलावा समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने और ग्रामीण इलाकों में सर्विस देने की संभावना तलाशेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टारलिंक दूर-दराज के इलाकों को सैटेलाइट के जरिए तेज इंटरनेट से जोड़ने का काम करती है। इसमें कंपनी एक किट उपलब्ध करवाती है जिसमें राउटर, पावर सप्लाई, केबल और माउंटिंग ट्राइपॉड दिया जाता है। हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए डिश को खुले आसमान के नीचे रखा जाता है। इसके अलावा आईओएस और एंड्रॉइड पर स्टारलिंक का ऐप मौजूद है, जो सेटअप से लेकर मॉनिटरिंग करता है।

## आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी होंगे

**एजेंसी**

**मुंबई/ नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक के पहले जारी 100 और 200 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने जारी बयान में बताया कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान है। रिजर्व बैंक के मुताबिक पहले जारी किए जा चुके 100 और 200 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। गौरतलब है कि संजय



मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में शक्तिकांत दास की जगह आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था।

# डॉलर इंडेक्स की कमजोरी से संभली भारतीय मुद्रा, 13 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट में बने दबाव के बावजूद मुद्रा बाजार में आज रुपये ने मजबूती दर्ज की। डॉलर के मुकाबले रुपया आज दिन भर के कारोबार के बाद 13 पैसे की मजबूती के साथ 87.21 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 87.34 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।

भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 4 पैसे की कमजोरी के साथ 87.38 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया कमजोर होकर 87.39 के स्तर तक पहुंचा। बाद में इसने रिकवरी करके 87.17 रुपये प्रति डॉलर तक के स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल की।



हालांकि कारोबार के आखिरी वक्त भारतीय मुद्रा ने सर्वोच्च स्तर से 4 पैसे गिरकर 87.21 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।डॉलर इंडेक्स में भी आज 0.50 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई। डॉलर इंडेक्स आज कमजोर होकर 103.46 के स्तर पर पहुंच गया। डॉलर इंडेक्स ने आज 0.07 अंक की कमजोरी के साथ 103.91 के स्तर से कारोबार की शुरुआती की थी। दिन के कारोबार में ये सूचकांक कमजोर होकर 103.33 के स्तर तक पहुंचा, लेकिन बाद में इसने मामूली रिकवरी के साथ 103.46 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। जानकारों का कहना है कि डॉलर इंडेक्स की कमजोरी से रुपये समेत दूसरी अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं की स्थिति में भी सुधार हुआ है। इसके साथ ही 10 इयर ट्रेजरी यील्ड में आई गिरावट की वजह से भी मुद्रा बाजार में रुपया पॉजिटिव रुझान के साथ कारोबार करता रहा। कैपेक्स गोल्ड एंड इनवेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजार में वैश्विक दबाव के बावजूद हुई रिकवरी ने भी मुद्रा बाजार में रुपये को काफी सहारा दिया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवाली करके अपना पैसा निकालना जारी रखने के कारण रुपये की कीमत में ज्यादा सुधार नहीं आ सका।

## देश को 15 से 20 वर्षों में 30 हजार पायलटों की होगी जरूरत : राममोहन नायडू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि भारत को अगले 15 से 20 साल में 30 हजार पायलट की जरूरत होगी। इसकी वजह घरेलू एयरलाइनों ने अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 1,700 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर देना है, जबकि वर्तमान में 800 से अधिक विमान हैं।केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयरो क्लब ऑफ इंडिया और शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के बीच 200 प्रशिक्षक विमानों के ऑर्डर के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। नायडू ने कहा कि फिलहाल 6,000 से 7 हजार पायलट काम कर रहे हैं। देश को अगले 15 से 20 साल में 30 हजार पायलटों की आवश्यकता होगी। राममोहन नायडू ने कहा कि एयरो क्लब ऑफ इंडिया और शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर मुख्य अतिथि बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अधिकारी 38 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के विभिन्न पहलुओं का सत्यापन कर रहे हैं और इन संगठनों की रेटिंग की जाएगी। उन्होंने भारत को प्रशिक्षण केंद्र बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि मंत्रालय विमानन उद्योग के लिए सामूहिक दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक हवाई अड्डों को वर्गीकृत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें कार्गो और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए अलग हवाई अड्डे बनाये जाने की संभावना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सहयोग भारत के एफटीओ को स्वदेशी रूप से निर्मित प्रशिक्षक विमान प्रदान करेगा, जिससे आयात निर्भरता कम होगी और हमारा विमानन प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण विमान पायलट विकास की रीढ़ हैं, ये पहल भारत में कुशल पायलटों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने में एक गेम-चेंजर साबित होगी। इस अवसर पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और एयरो क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजीव प्रताप रूडी और शक्ति एविएशन के अध्यक्ष डॉ. एम. मणिकम भी मौजूद रहे। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है।

## एलआईसी के समूह और व्यक्तिगत प्रीमियम में 28.29 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2025 के पहले 11 महीनों में समूह वार्षिक नवीकरणीय प्रीमियम और व्यक्तिगत प्रीमियम दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। एलआईसी ने बयान जारी कर बताया कि समूह वार्षिक नवीकरणीय प्रीमियम में 28.29 प्रतिशत और व्यक्तिगत प्रीमियम में 7.90 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। फरवरी 2025 तक एलआईसी का कुल प्रीमियम संग्रह 1.90 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1.86 लाख करोड़ रुपये से 1.90 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, फरवरी 2025 में व्यक्तिगत प्रीमियम संग्रह 1.07 प्रतिशत घटकर 4,837.87 करोड़ हो गया जबकि फरवरी 2024 में यह 4,890.44 करोड़ था। इस दौरान समूह प्रीमियम के तहत कुल 4,898 पॉलिसियां जारी की गईं, जो पिछले वर्ष की 4314 पॉलिसियों की तुलना में 13.53 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2025 में एलआईसी ने व्यक्तिगत श्रेणी में 12.02 लाख पॉलिसियां जारी कीं और समूह वार्षिक नवीकरणीय खंड में 1430 पॉलिसियां जोड़ीं, जिससे कुल पॉलिसियों की संख्या 12.04 लाख हो गई।

# शुरुआती कमजोरी के बाद संभला शेयर बाजार, सपाट स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने आज निचले स्तर से शानदार रिकवरी की। आज के कारोबार की कमजोर शुरुआत हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के बाद ज्यादातर समय खरीदार बाजार पर हावी नजर आए। लगभग पूरे दिन हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार आज सपाट स्तर पर मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ने 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। वही निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, हेल्थ केयर और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और टेक सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 394.53 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393.85 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 68 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,091 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,490 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,479 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 122 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,639 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 856 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,783 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए।बीएसई का सेंसेक्स आज 371.29 अंक की कमजोरी के साथ 73,743.88 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक गिर कर 73,663.60 अंक तक चला गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने का थोड़ी देर पहले यह सूचकांक निचले स्तर से 530 अंक से अधिक की छलांग लगा कर 80 अंक की मजबूती के साथ 74,195.17 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि आखिरी कुछ मिनट में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स 12.85 अंक की गिरावट के साथ 74,102.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 114.35 अंक टूट कर 22,345.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट शुरू, टैरिफ को लागू होने में समय लगेगा

## ओपेक+ को अब एक उच्च-दांव संतुलन कार्य का सामना करना पड़ रहा है- सदस्य राज्यों को अधिक राजस्व की आवश्यकता है



ओपेक+ को अब एक उच्च-दांव संतुलन कार्य का सामना करना पड़ रहा है- सदस्य राज्यों को अधिक राजस्व की आवश्यकता है, लेकिन यदि आपूर्ति मांग से अधिक हो जाती है, तो कीमतों पर और भी अधिक दबाव आ सकता है। आने वाले हफ़्तों में व्यापक आर्थिक संकेतक बाज़ार के लिए दिशा-निर्देशक होंगे। मुद्रास्फीति के रुझान, ब्याज दर के निर्णय और वैश्विक जीडीपी वृद्धि यह निर्धारित करेगी कि मांग मजबूत होगी या कमजोर।

तेल की कीमतें गिरकर अक्टूबर 2024 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयी हैं और सभी संकेतों से लगता है कि गिरावट अभी खत्म नहीं हुई है। ब्रेंट पहले ही 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर चुका है क्योंकि बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है। ओपेक+ बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला सकते हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लग सकती है।

यह इस तथ्य के बावजूद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रतिबंधों और टैरिफ से प्रत्याशित आपूर्ति घाटे को अभी तक प्रशासन के उतार-चढ़ाव को देखते हुए गंभीर नहीं माना गया है। कीमतों का एशियाई उपभोक्ताओं पर पहले से ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सऊदी अरब ने एशिया की कीमतों में और कटौती की घोषणा की है, क्योंकि वह उत्पादक कीमतों में गिरावट के बावजूद अपने बाजार शेयरों की रक्षा करना चाहता है।विश्लेषकों ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि ओपेक+ द्वारा बैरल की क्रमिक वापसी और अमेरिकी टैरिफ के अनिश्चित प्रभावों के कारण तेल बाजार मंदी की भावनाओं से जूझ रहा है। नीति अनिश्चितता और अधिक आपूर्ति के बीच संवेदनशील संतुलन से पता चलता है कि जब तक मांग में सुधार नहीं होता या उत्पादन में कटौती नहीं की जाती, कीमतों में सुधार के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

अमेरिकी टैरिफ की शुरुआत, विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रम्प की उतार-चढ़ाव वाली टैरिफ नीतियों ने बाजार में महत्वपूर्ण अस्थिरता और निवेशक अनिश्चितता पैदा की है। अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ, जिससे यूरो में वित्तीय संकट के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक वृद्धि हुई। यूरोप में, शेयर बाजारों में गिरावट आई, जो जर्मनी में नरम फैक्टरी डेटा और टैरिफ-संबंधी चिंताओं से बढ़ी व्यापक आर्थिक चिंताओं को दर्शाती है। वैश्विक व्यापार तनावों ने चीन को भी प्रभावित किया है, बढ़ते व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच इसके आयात में काफी गिरावट आई है, जिससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर और असर पड़ा है।रूस के उप प्रधानमंत्री की टिप्पणियों के बाद कीमतों में थोड़ी तेजी देखी गयी, जिसमें सुझाव दिया गया कि ओपेक+ तेल उत्पादन बढ़ाने के अपने फैसले को पलट सकता है। अप्रैल में अधिक तेल पंप करने की योजना के बावजूद, ब्रेंटक्रूड की कीमतें 71 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गयीं। अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को फिर से भरने के लिए 20 बिलियन डॉलर का तेल खरीदने के अमेरिकी इरादे ने भी कीमतों को बढ़ाया। अपने उत्पादन में वृद्धि के बाद उत्पादन में कटौती करने की कजाकिस्तान की प्रतिज्ञा ने बाजार की जटिलता को और बढ़ा दिया।

लेकिन यह बरकरार नहीं रह सका क्योंकि संभावित तेल की अधिकता और अमेरिकी आर्थिक स्वास्थ्य और व्यापार शुल्कों के प्रभाव को लेकर चिंता बनी रही। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी विकास और चीनी मांग अनिश्चित हैं। 2025 की शुरुआत में चीन के तेल आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आयेगी। इसके बावजूद, एक छोटा चीनी भंडार कीमतों में महत्वपूर्ण गिरावट को रोक सकता है।

ईरान के खिलाफ हाल ही में अमेरिकी नीतिगत उपायों के बावजूद, जिसमें उसके तेल निर्यात को रोकने की योजना भी शामिल है, ओपेक+ और गैर-ओपेक उत्पादकों से आपूर्ति में वृद्धि के कारण बाजार में गिरावट का जोखिम है। ओपेक+ ने अप्रैल से प्रतिदिन 138,000 बैरल उत्पादन वृद्धि की घोषणा की, जिससे आपूर्ति की अधिकता की चिंता बढ़ गयी।

मेक्सिको और केनडा पर अमेरिकी टैरिफ की धमकियों और ओपेक+ द्वारा अप्रैल में उत्पादन फिर से शुरू करने की योजना की पुष्टि के कारण कीमतों में गिरावट आई है। टैरिफ, जो शुरू में प्रभावी होने वाले थे, अब स्थगित कर दिये गये हैं, जिससे कीमतों में थोड़ी तेजी आई है, लेकिन कच्चे तेल पर दबाव बना हुआ है।केनडा के जवाबी टैरिफ अभी भी लागू हैं और चीन अगले सप्ताह जवाबी टैरिफ पर कार्रवाई करेगा।बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है, जबकि ओपेक+ बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला रहे हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लगी हुई है।

ओपेक+ मांग के स्थिर रहने पर भरोसा कर रहा है, लेकिन इस समय और अधिक तेल आपूर्ति बढ़ाने से बाजार का संतुलन बिगड़ने का जोखिम है और बाजार के कंटैंगो (कोमोडिटीफ्यूचर्स का मूल्य स्पॉट मूल्य से अधिक होने की स्थिति) में पलटने का जोखिम है।टैरिफ़ की धमकियों ने बाज़ारों में हलचल मचा दी, न केवल संभावित व्यापार व्यवधानों के कारण, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति शृंखलाओं में भी जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के कारण।जबकि टैरिफ़ में देरी ने थोड़ी राहत की सांस दी है, बाज़ार अभी भी नीति अनिश्चितता और अति आपूर्ति चिंताओं के बीच एक कठिन राह पर चल रहा है।ओपेक+ को अब एक उच्च-दांव संतुलन कार्य का सामना करना पड़ रहा है- सदस्य राज्यों को अधिक राजस्व की आवश्यकता है, लेकिन यदि आपूर्ति मांग से अधिक हो जाती है, तो कीमतों पर और भी अधिक दबाव आ सकता है।आने वाले हफ़्तों में व्यापक आर्थिक संकेतक बाज़ार के लिए दिशा-निर्देशक होंगे। मुद्रास्फीति के रुझान, ब्याज दर के निर्णय और वैश्विक जीडीपी वृद्धि यह निर्धारित करेगी कि मांग मजबूत होगी या कमजोर।अभी के लिए, कच्चे तेल की स्थिति नाजुक बनी हुई है, और जब तक मांग में वृद्धि नहीं होती या ओपेक+ द्वारा उत्पादन पर लगाम नहीं लगायी जाती, कीमतों को ठोस आधार पाने में संघर्ष करना पड़ सकता है।

# चेहरे से होली के जिद्दी रंग हटाने के लिए घर पर इस तरह बनाएं उबटन



**होली के दिन सभी एक दूसरे को रंग लगाते हैं. वहीं कुछ रंग पक्का होते हैं. जिनका रंग आसानी से स्किन से नहीं जाता है. ऐसे में इन्हें हल्का करने के लिए घर पर मौजूद कुछ चीजों का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा सकते हैं.**

होली का त्योहार हर कोई उत्साह के साथ मनाता है. लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं. गुलाब, कई तरह के रंगों से रंगीन हुए नजर आते हैं. लेकिन होली के बाद इन रंगों को छुड़ाना मुश्किल हो जाता है. वहीं कई रंग तो पक्के होते हैं जिन्हें निकाल पाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. बहुत कोशिशें करने के बाद भी होली के ये रंग आसानी से नहीं जाते हैं.

इन जिद्दी रंगों को अपनी स्किन से हटाने के लिए घर पर मौजूद कई चीजों का उपयोग किया जा सकता है. कुछ नेचुरल चीजें इन रंगों को हटाने में मदद कर सकती हैं. आप उन चीजों को मिलाकर एक सॉफ्ट पेस्ट या फिर उबटन बनाकर भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं. इससे रंग को हल्का करने में मदद मिल सकती है.

चावल का आटा

चावल का आटा एक नेचुरल स्क्रब की तरह काम करता है. इससे डेड स्किन सेल्स को हटाने में भी मदद मिल सकती है. वहीं ये पक्के रंग को हल्का करने में भी फायदेमंद हो सकता है. इसलिए चावल को दरदरा पीस लें और फिर उसमें शहद मिला लें. इसके बाद इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे और गर्दन पर लगाएं. 10 से 15 मिनट बाद पानी से साफ कर लें.

बेसन

बेसन स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है. ये नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है, साथ ही स्किन को पर निखार लाने में भी मदद करता है. वहीं पक्के रंग को हल्का करने में भी ये फायदेमंद हो सकता है. इसके लिए दूध-हल्दी और बेसन का पेस्ट बनाएं. अब नहाते समय पहले साबुन से रंग उतारने के बाद में इसे लगाकर हल्के हाथों से स्क्रब करें और पानी से इसे साफ कर लें.

कच्ची पपीता और दूध

पपीता और दूध दोनों ही स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं. कच्चे पपीते में एंजाइम पेपेन पाया जाता है, स्किन के डेड सेल्स को हटाने और स्किन में निखार लाने में मदद करता है. ऐसे में कच्चे पपीते को पीसकर उसमें दूध मिलाएं. इसमें मुलतानी मिट्टी और थोड़ा सा बादाम का तेल भी मिला सकते हैं. इसे पेस्ट को चेहरे पर 15 से 20 मिनट तक लगाएं रखने के बाद फेस वॉश करें.

लेकिन ध्यान रखें अगर किसी चीज से एलर्जी है, तो उसे लगाने से बचें. इसके अलावा इस उबटन को ज्यादा तेजी से चेहरे या स्किन पर न रगड़ें क्योंकि इससे स्किन को नुकसान पहुंच सकता है और रेडनेस जैसी समस्या देखने को मिल सकती है. इसलिए पहले पैच टेस्ट जरूर करें. वहीं अगर इन्हें लगाने से खुजली या जलन जैसी समस्या हो रही है तो तुरंत पानी से इसे साफ करें और क्रीम लगाएं.

संपादकीय

## चैंपियंस ट्राफी, मैदान के बाहर की कुछ बातें

12 साल के लंबे इंतजार के बाद 9 मार्च को भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया तीन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम ने यह जीत दर्ज की, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा ने यादगार पारी खेली। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने 10 महीने के अंदर दूसरे आईसीसी खिताब पर कब्जा जमाया है। इससे पहले जून 2024 में भारत ने बारबाडोस में टी-20 विश्वकप भी जीता था। इस टूर्नामेंट में खास बात यह रही कि भारतीय टीम को कोई शिकस्त नहीं दे पाया, उसने अपना हर मैच जीता। इस तरह 2002 में सौरव गांगुली और 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियन बनने के बाद भारत ने अब रोहित शर्मा की कप्तानी में कमाल किया है। भारतीय टीम की इस शानदार जीत पर पूरे देश में जश्न का माहौल रहा, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान ऐसे कई वाकये हुए, जो कड़वी यादें छोड़ गए।देश में एक बड़े तबके के लिए क्रिकेट धर्म की तरह बन चुका है और अब इस धर्म पर भी राजनीति होने लगी है। रविवार को ही जब दुबई के मैदान से लेकर देश में तमाम जगहों पर लोग खुशियां मना रहे थे, तब मध्यप्रदेश के महू में यह खुशी हिंसा में बदल गई। बताया जा रहा है कि कुछ युवाओं ने भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए महू में एक रैली रात को निकाली थी। यह रैली जब जामा मस्जिद क्षेत्र के पास पहुंची तो उत्तेजक नारों और तेज संगीत के बीच वहां पथराव शुरू हो गया। उस समय जामा मस्जिद के अंदर लोग तरावीह की नमाज अदा कर रहे थे। पथराव से स्थिति बेकाबू हो गई। इस बीच जामा मस्जिद के सामने खड़ी बाइकों, कारों और अन्य वाहनों में आग लगाई गई, जिससे तनाव और बढ़ गया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू कर लिए, और अब जांच की जा रही है कि आखिर हिंसा भड़कने की नौबत क्यों आई। हालांकि अनुमान लगाया जा सकता है कि जब मस्जिद में नमाज हो रही हो, तब बाहर किस किस्म के नारे लगे होंगे या गाने बजे होंगे, जिससे स्थिति बिगड़ गई।यह पहली बार नहीं है जब मस्जिद के सामने इस तरह का अप्रिय शोर किया गया है। दुबई में जो जीत मिली, उसमें सारे खिलाड़ियों ने धर्म, जाति या ओहदे से परे एक टीम की तरह प्रदर्शन किया है। और यह केवल क्रिकेट में नहीं होता है, सारे खेलों में इसी तरह टीम और खेल भावना के साथ ही जीत सुनिश्चित होती है। मगर देश में अब क्रिकेट में धर्म और राष्ट्रवाद का अनावश्यक घालमेल कर माहौल बिगाड़ा जा रहा है।इसी टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने सेमीफाइनल मैच के दौरान पानी या जूस पीया तो उस पर भी बेवजह विवाद खड़ा हो गया। रमजान के पवित्र माह में एक मुसलमान के पानी पीने पर धर्म की दुहाइयां दी जाने लगीं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा कि रमज़ान के दौरान ऐसी हरकत अपराध है। हालांकि बहुत से लोग शमी के समर्थन में आए, इनमें से एक जाने-माने गीतकार और लेखक जावेद अख़्तर ने कहा, %शमी साहब आप उन कट्टर मूर्खों की परवाह मत कीजिए, जिन्हें क्रिकेट मैच के दौरान मैदान पर आपके पानी पीने से परेशानी है।% वहीं अब इस मामले पर पाकिस्तान से भी प्रतिक्रिया आई है। पूर्व पाक कप्तान इंजमाम उल हक ने कहा कि खेलते हुए रोज़ा रख[illegible] मुश्किल है। हम लोगों का भी अपना अनुभव है। रो[illegible] के दौरान मैच होता था तो वाटर ब्रेक के दौरा[illegible] पाकिस्तान की टीम स्क्रीन के पीछे चली जाती थी। व[illegible] पानी पी लेते थे। इसी तरह पूर्व पाक क्रिकेटर सक़लै[illegible] मुश्ताक़ ने कहा, %मुझे समझ में नहीं आता है कि इ[illegible] चीज़ों पर क्यों ध्यान देते हैं। हमें इस पर ध्यान दे[illegible] चाहिए कि अच्छे इंसान बनें और सकारात्मक चीज़ों क[illegible] लेकर आगे बढ़ें। हम आजकल सोशल मीडिया पर ऐ[illegible] बातों पर बहस कर रहे हैं, जिनसे रत्ती भर भी फ़ायद[illegible] नहीं है। न केवल पाकिस्तान में बल्कि इंडिया के साइ[illegible] में भी ऐसी चीज़ें बढ़ रही हैं।वैसे मोहम्मद शमी क[illegible] लेकर अनावश्यक विवाद पहले भी खड़े करने क[illegible] कोशिश की गई है, उसका कारण यही है कि वे ए[illegible] मुसलमान हैं। पहले भी भारतीय टीम में मुस्लि[illegible] खिलाड़ी होते थे, लेकिन तब बातों का बतंगड़ बनाने [illegible] लिए सोशल मीडिया नहीं था, न ही दिमाग में इस कद[illegible] नफरत भरी थी। हालांकि अब भी खिलाड़ी नफरत प[illegible] मोहब्बत की इबारत लिख रहे हैं।

# एकता का स्वांग, बंटवारे की भाषा!

## भाषा के प्रश्न पर और खासतौर पर क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर, दक्षिण भारत एक बार फिर गर्म हो रहा है

कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शुरू से आखिर तक, ऐसी मनमानी का ही उदाहरण है। संघ-भाजपा के विशेष एजेंडे और हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ को आगे बढ़ाने के स्पष्ट उद्देश्य के साथ, इस शिक्षा नीति को सूत्रबद्ध करने की कई साल लंबी कसरत से, राज्यों को बाहर ही रखा गया था, जो अन्य चीजों के अलावा इस कसरत का स देश ी समृद्ध विविधता से विमुख बने रहना ही सुनिश्चित करता था।

भाषा के प्रश्न पर और खासतौर पर क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर, दक्षिण भारत एक बार फिर गर्म हो रहा है। इसका उबाल तमिलनाडु में खासतौर पर ज्यादा है, जहां पहले भी 1960-70 के दशकों में, भाषायी प्रश्न पर उग्र विरोध सामने आया था। बहरहाल, कम से कम इस बार भाषा विवाद का जोर पकड़ना इस अर्थ में अनावश्यक था कि यह विवाद केवल केंद्र सरकार के इकतरफा कदमों और इकतरफा फैसलों पर प्रतिक्रिया के रूप में भड़का है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि साठ-सत्तर के दशकों को पीछे छोड़कर देश अगर बाद के दशकों में भाषायी अशांति से बहुत दूर निकल आया था, तो इसमें भाषायी विवाद में सामने आयी संवेदनाओं के प्रति, बाद में आयी केंद्र सरकारों के संवेदनशीलता प्रदर्शित करने का भी हाथ था। लेकिन, मोदी राज में इस तरह की संवेदनशीलता की जगह, मराठी की संज्ञा का उपयोग करें तो केंद्र और सत्ताधारी ताकतों की ठोकशाही ने ले ली है। इसका नतीजा साठ-सत्तर के भाषायी विवाद के साए फिर से सिर पर मंडरा रहे होने के रूप में सामने है।

जैसाकि सभी जानते हैं, विवाद के वर्तमान चक्र की शुरूआत केंद्र सरकार द्वारा इकतरफा तरीके से तमिलनाडु के शिक्षा से संबंधित फंड रोके जाने के साथ हुई थी। इस सिलसिले को चलते करीब दो साल हो जाने और राज्य का इस तरह रोका गया फंड दो हजार रुपए से ऊपर निकल जाने के बाद, अब तक शिष्टता से इस मुद्दे को उठाती रही तमिलनाडु सरकार को, विरोध का अपना स्वर ऊंचा करना पड़ा। लेकिन, मोदी सरकार को इस तरह के किसी विरोध की सुनवाई करना तो दूर रहा, विरोध की ऐसी आवाज को बर्दाश्त करना भी मंजूर नहीं होता है। राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, कहने की रस्म-अदायगी के फौरन बाद, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने फंड रोके जाने के लिए तमिलनाडु को ही यह कहकर दोषी ठहराना शुरू कर दिया कि समस्या उसके ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू न करने में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो, फंड खुद ब खुद आ जाएंगे!कहने की जरूरत नहीं है कि यह केंद्र के हाथों से निकलने वाले, केंद्रीय कार्यक्रमों के फंड को, राज्यों पर नीतिगत मामलों में बड़ी नंगई से केंद्र सरकार की मनमर्जी थोपे जाने का औजार बनाए जाने का ही मामला है। यह देश की संघीय व्यवस्था के खिलाफ है, जिसकी इजाजत देश का संविधान नहीं देता है। कोई भी स्वाभिमानी राज्य, केंद्र के इस तरह मनमर्जी थोपने का विरोध करेगा। और शिक्षा जैसे मामलों में, जो संविधान की समवर्ती सूची में आने के बावजूद, मुख्यतः राज्य के अधिकार का विषय बना हुआ है, केंद्र की ऐसी मनमानी तो हर्गिज स्वीकार नहीं की जा सकती है। लेकिन, मोदी राज में तो केंद्र के इस तरह की मनमर्जी चलाने को ही सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है।कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शुरू से आखिर तक, ऐसी मनमानी का ही उदाहरण है। संघ-भाजपा के विशेष एजेंडे और हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ को आगे बढ़ाने के स्पष्ट उद्देश्य के साथ, इस शिक्षा नीति को सूत्रबद्ध करने की कई साल लंबी कसरत से, राज्यों को बाहर ही रखा गया था, जो अन्य चीजों के अलावा इस कसरत का इस देश की समृद्ध विविधता से विमुख बने रहना ही सुनिश्चित करता था। दूसरी ओर, संबंधित कमेटी में शुरू से ही कारपोरेट नजरिए का बोलबाला सुनिश्चित किया गया था। इस तरह सरासर गैर-प्रतिनिधि तरीके से, संघ-कारपोरेट गठजोड़ के आग्रहों को आगे ले जाने का पूरा बंदोबस्त करने और छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों आदि, शिक्षा में सबसे ज्यादा हित-रखने वाले सभी तबकों की आवाजों को बाहर रखने के बाद, एक दक्षिणपंथी विचारधारात्मक आग्रहों से लदा मसौदा तैयार करने के बाद, रस्मअदायगी के तौर पर लोगों की राय लेने के लिए रखा जरूर गया, लेकिन जैसाकि पहले से अनुमान लगाया जा सकता था, विभिन्न हितधारकों की रायों को और तमाम आलोचनात्मक रायों को, सिरे से अनसुना कर दिया गया।इसके ऊपर से, 1968 तथा 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के विपरीत, इस शिक्षा नीति को सीधे केंद्र द्वारा इकतरफा तरीके से देश पर थोप दिया गया। इस नीति पर न सिर्फ राज्यों की कोई राय नहीं ली गयी, राज्यों को साथ लेकर चलना तो उसकी दृष्टि में भी नहीं था। उल्टे केंद्र ने पूरे देश की ओर से नीति बनाने का अधिकार खुद ब खुद अपने को दे दिया था। इसके ऊपर से, संसद को भी इस प्रक्रिया में



कोई भूमिका नहीं दी गयी और इस तरह वृहत्तर राजनीतिक राय को इस समूची प्रक्रिया से दूर ही रखा गया। केंद्र सरकार ने ही कमेटी का गठन किया और उसी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनी मंजूरी से, देश पर थोप भी दिया।

हैरानी की बात नहीं है कि गैर-भाजपायी राज्यों में इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनेक पहलुओं को विभिन्न स्तरों पर उपेक्षा, असहयोग से लेकर प्रतिरोध तक का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु में यह विरोध सबसे बढ़कर, त्रिभाषा फार्मूले के लागू किए जाने के नाम पर, हिंदी के थोपे जाने के विरोध के रूप में सामने आया है। बेशक, इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा पर, खासतौर पर प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जोर दिए जाने की बात कही गयी है। लेकिन, इसके साथ ही इसमें छोटे बच्चों के बीच बहुभाषिकता को पोसने पर भी काफी जोर दिया गया है, जिसकी शिक्षा-विज्ञानी वैज्ञानिकता पर सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, इसमें भी विशेष रूप से समस्यापूर्ण है, त्रिभाषा फार्मूले के नाम पर तमिलनाडु में तमिल और अंग्रेजी के अलावा, हिंदी थोपने का आग्रह। वैसे तो मोदी सरकार जब से सत्ता में आयी है, केंद्र द्वारा हिंदी थोपे जाने की शिकायतें उठती ही रही हैं। बहरहाल, त्रिभाषा फार्मूले के लागू किए जाने के केंद्र के फरमान और इस फरमान को थोपने के लिए शिक्षा के लिए राज्य के फंड तक रोकने की उसकी दादागीरी ने, चीजों का विस्फोटक बिंदु तक पहुंचा दिया है।बेशक, त्रिभाषा फार्मूला जिसका तमिलनाडु प्रतिरोध कर रहा है, 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ही खोज नहीं है। तीन भाषाओं पर आधारित फार्मूला पहले से शिक्षा नीति का हिस्सा रहा था। लेकिन, एक तो उसे इस तरह अनिच्छुक राज्यों पर थोपने की कोशिश पहले नहीं की गयी थी। इसके ऊपर से, 2020 की शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले में भी तरह-तरह के बदलाव कर दिए गए हैं, जो इस फार्मूले के जरिए वास्तव में किसी बड़े पैमाने पर तथा सही मायने में बहुभाषिकता सुनिश्चित करने के बजाय, इसे किसी न किसी प्रकार से गैर-हिंदीभाषी राज्यों पर हिंदी लादे का जाने ही फार्मूला बना देता है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि किस तरह संस्कृत की पढ़ाई की ओट लेकर, त्रिभाषा फार्मूले में विश्वास के पाखंड के बावजूद, हिंदी भाषी क्षेत्र के अधिकांश हिस्से को अन्य कोई आधुनिक भारतीय भाषा सीखने से दूर रखा जाता रहा है।हैरानी की बात नहीं है कि पिछले ही दिनों आया एक अध्ययन यह दिखाता है कि हिंदीभाषी क्षेत्र 90 फीसदी एकल-भाषी है और सबसे कम बहुभाषिक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस असंतुलन को और बढ़ाने ही जा रही है। नयी नीति में इसी छल को विदेशी भाषाओं की पढ़ाई का प्रावधान जोड़ने के जरिए और आगे बढ़ाया गया है। वास्तव में मातृभाषा में शिक्षा के पहलू से भी आरंभिक शिक्षा को आज बढ़ती चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। आल इंडिया स्कूल एजूकेशन सर्वे के आठवें चक्र से, जो एनसीईआरटी द्वारा किया गया भाषायी माध्मम पर आखिरी अखिल भारतीय सर्वे है, पता चलता है कि वास्तव में मातृभाषा में पढ़ाने वाले स्कूलों का अनुपात घटने के बजाय बढ़ ही रहा है। आठवें सर्वे के समय 86.62 फीसदी स्कूल मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा दे रहे थे, जबकि सातवें सर्वे के समय यही अनुपात 92.07 फीसदी था।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, दोनों में यह हिस्सा घट रहा था। इससे इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्राथमिकताओं का ही पता चलता है कि यह नीति तमिलनाडु से त्रिभाषा फार्मूला लागू कराने के लिए झगड़ रही है, न कि मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा के अनुपात में गिरावट के खिलाफ कोई अभियान चला रही है, क्योंकि यह गिरावट तो शिक्षा के उस बढ़ते निजीकरण तथा व्यापारीकरण का ही नतीजा है, जिसे यह शिक्षा नीति बड़ी नंगई से प्रमोट करती है।हैरानी की बात नहीं है कि तमिलनाडु राज्य ने भी केंद्र की मनमानी की चुनौती को स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कह दिया है कि केंद्र कितने ही फंड रोक ले, तमिल झुकेंगे नहीं। इस तरह, जिस हिंदी के पूरे भारत को जोड़ने वाली भाषा होने का दावा किया जाता है, उसे केंद्र की रीति-नीति ने तोड़ने वाली भाषा बनाकर रख दिया है। देश को और ज्यादा एकजुट करने के दावे के साथ, ऐसे ही तोड़ने का काम जम्मू-कश्मीर से लेकर मणिपुर तक के मामले में किया गया है।

होली रंगों से मनाया जाने वाला एक बाहरी उत्सव भर नहीं है, यह आंतरिक उत्सव भी है। होली की पूर्व-रात्रि में जलने वाली होलीका जीवन से बोझिलता को भस्म कर देने का प्रतीक है तो अगला दिन रंगों के साथ जीवन में एक नए आनंद से खिल उठने का प्रतीक

# खिल उठें नए रंगों के साथ



होली रंगों का त्योहार है। यह संसार कितना रंग भरा है। प्रकृति की तरह ही हमारी भावनाओं तथा संवेदनाओं का रंगों से संबंध है- क्रोध का लाल, ईर्ष्या का हरा, आनंद और जीवंतता के लिए पीला, प्रेम का गुलाबी, नीला विस्तृतता के लिए, शांति के लिए श्वेत, त्याग का केसरिया और ज्ञान का जामुनी। प्रत्येक मनुष्य रंगों का फव्वारा है। पुराण अनेक सुंदर उदाहरणों एवं कथाओं से युक्त हैं और यहां होली की एक कहानी है। राजा हिरण्यकश्यपु चाहता था कि सभी उसकी पूजा करें। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भक्त था भगवान विष्णु का, जिनका वह राजा कट्टर शत्रु था। क्रोधित राजा चाहता था कि उसकी बहन होलिका, प्रह्लाद से छुटकारा दिलाए। अग्नि को सहन करने की शक्ति से युक्त होलिका, प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि के कुंड में बैठ गई। लेकिन होलिका जल गई, प्रह्लाद सुरक्षित रहा। हिरण्यकश्यपु स्थूलता का प्रतीक है तो प्रह्लाद भोलेपन, श्रद्धा एवं आनंद की प्रतिमूर्ति। चेतना को केवल भौतिकता के प्रेम तक ही सीमित नहीं रखा जा सकता।

हिरण्यकश्यपु चाहता था कि सम्पूर्ण आनंद भौतिक संसार से ही प्राप्त हो, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जीवात्मा सदैव सांसारिक वस्तुओं के बंधन में नहीं रह सकती। स्वभावत-

वह 'नारायण', अपने उच्च की ओर आगे बढ़ेगी ही।

होलिका भूतकाल की बोझिलता की प्रतिनिधि है, जो प्रह्लाद के भोलेपन को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। किंतु प्रह्लाद नारायण की भक्ति में इतनी गहराई से स्थित है कि अपने सभी पुराने संस्कारों को, प्रभावों को मिटा देता है और आनंद से खिल उठता है नए रंगों के साथ। जीवन एक उत्सव बन जाता है। भूत की छाप को मिटा कर आप नई शुरुआत के लिए उद्यत होते हैं। आपकी भावनाएं आपको अग्नि की तरह जलाती हैं, किंतु जब वह रंगों की फुहार-सी हों तो आपके जीवन में रंग भर देती हैं। अज्ञानता में भावनाएं कष्टकारी हैं। ज्ञान में यही भावनाएं जीवन के भिन्न रंग हैं। होली की तरह जीवन भी रंगों से भरा होना चाहिए, न कि उबाऊ। जब सभी रंग स्पष्ट देखें जाएं, तब वह रंग भरा है, जब सभी रंग घुल जाते हैं, वह हो जाता है- 'काला'।

जीवन में हम विभिन्न भूमिकाएं निभाते हैं। प्रत्येक भूमिका एवं भावना स्पष्ट रूप से परिभाषित होनी चाहिए। अस्पष्ट भावनाएं कष्ट उत्पन्न करती हैं। जब आप एक पिता हैं, आपको पिता का पात्र निभाना है। कार्यस्थल पर आप पिता नहीं हो सकते। जब आप जीवन की विभिन्न भूमिकाओं को मिश्रित करते हैं, तब आप से गलतियां होनी शुरू होती हैं। आप अपने जीवन में जो भी पात्र निभा रहे हैं, पूर्ण रूप से उस ही में हों। विविधता में समन्वयता जीवन को अधिक जीवंत व रंग भरा बनाती है। जीवन में आप आनंद का जो भी अनुभव करते हैं, वह आपको स्वयं से ही प्राप्त होता है- जब आप वह सभी छोड़ कर शांत हो जाते हैं, जिसे आपने जकड़ा हुआ है।

यही ध्यान कहलाता है। ध्यान कोई क्रिया नहीं है, यह कुछ भी न करने की कला है। ध्यान में आपको गहरी नींद से भी अधिक विश्रम मिलता है, क्योंकि आप सभी इच्छाओं के पार होते हैं। यह मस्तिष्क को गहरी शीतलता देता है। यह मस्तिष्क शरीर तंत्र को पुनर्जीवन देने के समान है। उत्सव चेतना का स्वभाव है और वह उत्सव, जो मौन से प्राप्त होता है, वही वास्तविक है। यदि उत्सव के साथ पवित्रता को जोड़ दिया जाए तो पूर्ण हो जाता है। केवल शरीर तथा मन ही उत्सव नहीं मनाते, चेतना भी उत्सव मनाती है और उस स्थिति में जीवन रंगयुक्त हो जाता है।

**मनुष्य और प्रकृति का सनातन रिश्ता रहा है। वर्ष भर अलग-अलग ऋतुएं उसके जीवन में तरह-तरह के रंग भरती रही हैं। इन सभी ऋतुओं में बसंत का खास महत्व है क्योंकि इस दौरान प्रकृति नवश्रृंगार कर जीवजगत में भी नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर देती है। खेतों में सरसों की पीली चादर बिछ जाती है, बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। समस्त जीवन उल्लास से परिपूर्ण हो जाता है। खेतों में गेहूं की बालियां इठलाने लगती हैं। संकोच और रूढ़ियों की दीवारें टूट जाती हैं। ढोलक-झांझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रं गों में डूब जाते हैं। चारों तरफ रंगों की फुहार फूट पड़ती है, खुशियों की बहार छा जाती है**

# मदमाता मदनोत्सव



प्रकृति ने मनुष्य को कई सौगातें दी हैं उन्हीं में मौसम भी एक है। प्रत्येक मौसम हमें प्रकृति के अनेक रूप दिखाता है और हमें नए सं देश भी देता है। वैसे तो हर मौसम अपने आप में विशेष होता है लेकिन उन सभी में वसंत के मौसम का अपना एक अलहदा अदांज होता है। फागुन का महीना और वसंत का मौसम जब साथ होते हैं, तो धरती की तुलना सजी-धजी दुल्हन से की जाने लगती है।

### फागु न का खुमार

मीलों तक फैले पीली सरसों के खेत देख ऐसा लगता है कि जैसे धरती ने पीली चुनर ओढ़ रखी हो। पीले रंग से सजी संवरी यह दुल्हन रूपी वसंत अपने पति के आगमन की सूचना देती है। फागुन के महीने में आम की बौरों की मदमस्त गंध और पलाश के पेड़ों के साथ तन-मन बौरा जाता है। हर वर्ष फागुन का महीना आते ही सारा वातावरण जैसे रंगीन हो जाता है और हो भी क्यों न, खेतों में पीली सरसों लहलहाती है, पेड़ों पर पत्तों की हरी कोपलें और पलाश के केसरिया फूल। इन सब को देखकर मन भी अनायास ही रंगीन हो जाता है। ऐसा होता है फागुन का खुमार।

### इंद्रधनुषी त्योहार

इस दौरान हिंदू धर्मावलंबी फाग महोत्सव भी मनाते हैं। जो इस मास की महिमा और बढ़ा देता है। रंगों का त्योहार होली भी फाल्गुन मास की पूर्णिमा को रंग, उत्साह, मस्ती और उल्लास का त्योहार मनाया जाता है। वसंत की हवा के झोंके, फागुन की मस्ती और रंगों का सुरूर जीवन को उत्साहित कर देता है। ऐसा लगता है कि प्रकृति भी हमारे साथ-साथ फागुन का मजा ले रही हो। फागुन का यही उत्सवी माहौल इसे अन्य महीनों से जुदा बनाता है और खास भी। कालजयी होते हैं पर्व, सदियों के बाद भी उनकी चमक और खनक कायम रहती है। होली एक ऐसा ही इन्द्रधनुषी त्योहार है, जिसका रंग वक्त के कैनवास पर अब तक चटक बना हुआ है।

दरअसल, आज जिसे हम होली के रूप में मनाने लगे हैं राजा-महाराजाओं के जमाने में वह मदनोत्सव बतौर आयोजित होने वाला भव्य-समारोह हुआ करता था। मदनोत्सव आखिर कब से होली बन गया, यह शोध का विषय है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सातवीं सदी तक संपूर्ण प्राचीन भारत में होली शब्द का नामोनिशान तक नहीं था। वस्तुत- जो भी था वह वसंतोत्सव या मदनोत्सव ही था।

मध्यकालीन युग के प्रारंभ होते ही संस्कृत भाषा अपना महत्व खोने लगी और भाषा के सरलीकरण के उन्हीं युगों में मदनोत्सव होली बन गया। शिव द्वारा कामदेव-दहन के प्रकरण को होलिका-दहन में बदल दिया गया। यद्यपि प्रह्लाद आख्यान तो बहुत प्राचीन है और होलिका जो बाद में पूतना बनी, उसका प्रकरण भी ज्ञात था तथापि प्राचीन भारत में होली त्योहार का और उससे होलिका का प्रह्लाद संबंध स्पष्ट नहीं था। संभवत- वैष्णव धर्म की लोकप्रियता के समय सातवीं-आठवीं सदी में इस संपूर्ण शैव- आख्यान यानी शिव द्वारा कामदेव-दहन को वैष्णव-जामा पहनाने के लिए नृसिंह या विष्णु-होलिका दहन के रूप में इस कथा का रूपांतरण कर दिया गया।

### रघुवंश में ऋतु- उत्सव

कालिदास ने अपने रघुवंश में इसे ऋतु-उत्सव कहा। बसंत का आगमन ही एक नशा है, उन्माद है, सम्मोहन है। सम्राट हर्षवर्ध न ने अपने नाटक रत्नावली में मदनोत्सव का बड़ा ही नयनाभिराम वर्णन किया है- सातवीं सदी में धानेश्वर (हरियाणा) में यह मनाया जाता था। इसमें सभी नगरवासी आयु, स्तर, वर्ण के भेदभाव भूलकर विशाल राजकीय उद्यान में एकत्र होते थे, जहां नृत्य, संगीत, वाद्य एक अवर्णनीय समां बांध देते थे। सम्राट राजभवन में हाथी पर सवार होकर आते थे और उद्यान में अपनी पट्ट महिषी व अन्य रानियों के साथ प्रवेश करते थे। विविध वाद्यों का तुमुल घोष और रंगों की वष मन मोह लेती थी। इसके बाद न कोई सम्राट रह जाता था, न महारानी, न सेनानायक। नारियां निहत्थे पुरु षों को पकड़-पकड़कर उन पर पिचकारियों से सुगंधित जलयुक्त रंग डालती थीं। पुरु ष कृतकृत्य होते थे और केसर, गुलाल या अन्य सूखे रंगों की धूलि उन ललनाओं पर बिखेरते थे। यही वह अवसर था जब ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र की सीमा रेखाएं एकदम विलीन हो जाती थीं और उन्हीं के साथ समाप्त हो जाते थे मनुष्य से मनुष्य को अलग करने वाले धन, पद, सम्मान के रिश्ते। सभी रंगमय हो जाते थे।

### विविध हास-परिहास


सम्राट हर्षवर्धन ने अपने दूसरे नाटक 'नागानंद' में भी मदनोत्सव का वर्णन किया है, जो रत्नावली जैसा ही है। हर्ष के राजकवि बाणभट्ट ने हर्षचरित में मदनोत्सव के समय विविध हास-परिहास का जिक्र किया है। दंडी ने अपने नाटक 'दशकुमारचरित' में मदन की पूजा के विधान का विधिवत उल्लेख किया है। इसके लिए अशोक वृक्ष को खूब सजाया जाता है। कामदेव की पूजा में पुष्पों का विशेष महत्व है साथ ही गन्ना, हरिद्रा, चंदन, इत्र, चावल, रेशम सहित उन वस्तुओं का अर्पण करना जो नर-नारी श्रृंगार-प्रसाधनों के लिए करते हैं। विशेष रूप से जिस रूप में कामदे व की दिन में पूजा की जाती, सधवा स्त्रियों से अपेक्षा थी कि रात्रि में अपने घर के एकांत में उसी तरह अपने पति की अभ्यर्थना करें, क्योंकि प्रत्येक पति एक कामदेव है, प्रत्येक पत्नी एक रति।

### सिगमंड फायड का चिंतन

विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित महापर्व बसंत पंचमी के उपरांत दस्तक देने वाला ऋतुराज से मदमाता मदनोत्सव ही अपने परिवर्तित रूप में आज रंगपर्व होली बनकर प्रचलित हो गया है। इस पर्व के प्रतीक देवता कामदेव के अनेक नाम हैं मसलन-मदन, मन्मथ, कन्दर्प, प्रद्युम्न, अनं ग, मकरध्वज, रतिपति, पुष्पधन्वा, रति नायक आदि। कमोवेश ये ही यूनानी दंतकथा के 'क्यूपिड' हैं। ये ही बौद्ध परंपरा के 'मार' हैं। ये ही सिगमंड फायड का संपूर्ण चिंतन हैं। ये ही हमारे चार पुरु षार्थों में से एक हैं, ये ही हमारी प्राणवायु हैं, हमारी मेधा-शक्ति हैं। उनकी आराधना का महापर्व मदनोत्सव यानी होली मैथुनी-सृष्टि की रचनाधर्मिता के प्रति अहोभाव का प्रतीक है। इस चराचर ब्रह्मांड में केवल दो प्रजातियां हैं- एक कामदेव और दूसरी रति।

आश्चय है कि प्रत्येक नर-नारी के अंतर्मन में हर समय कोलाहल मचाते रहने वाले, यौनाचार से परिप्लावित इस विश्व के अधिष्ठाता कामदेव स्वयं एकनिष्ठ, एक पत्नीव्रत और सदाचारी हैं। इसीलिए नमनीय हैं , वंदनीय हैं। वाल्मीकि रामायण में सर्वप्रथम कामदेव की स्तुति में मदनोत्सव मनाए जाने का उल्लेख आया। जिसे भारत के प्राचीनतम और गौरवमयी त्योहारों में से एक माना गया। तब न होली थी और न होलिका, केवल यही बसंतोत्सव था। चैत्र की पूर्णिमा यानी मार्च-अप्रैल में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता था। यह खु शियों की बहार का बेजोड़ समय होता है, जब शीतल मंद सुगंध पवन, हरियाली के भार से दबे पेड़, पीले सरसों से लहलहाते खेत, फूलों से लदे-फदे पौधे, सभी पशु-पक्षी, फूल-भंवरे, प्रकृति-ऋतु एक बारगी जवान हो उठते हैं। एक अजीब मादकता छा जाती है वातावरण में।

# उपाय जिनसे बालों में लाये जान



**हेयर थैरेपी** – आज आधुनिकता के नाम पर अनेक विकृतियां उत्पन्न हो गई हैं। जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। बाल भी इससे अछूते नहीं है। विभिन्न शोधों से यह साबित हो चुका है कि बालों का असमय सफेद होना, झड़ना आदि समस्याओं की उत्पत्ति हमारे दोषपूर्ण आहार–विहार के फलस्वरूप स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभाव के कारण होती है। बालों की इन समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए निम्न प्राकृतिक थैरेपी आजमाकर देखिए।

**रिफ्लेक्सोलॉजी** – मानसिक तनाव, प्रदूषण, असंतुलित हार्मोन्स, विटामिन 'बी' और 'सी' की कमी, प्रोटीन की न्यूनता, पित्त प्रकृति, अनिद्रा आदि कारणों से बाल असमय सफेद होने लगते हैं। लगातार बालों के झड़ने से अंत में सिर गंजा हो जाता है। आहार में दूध, फल, शाक, सब्जियां आदि उचित आहार लेने से बालों की इन समस्याओं से बचा जा सकता है। आवश्यक हो, तो योग्य चिकित्सक की सलाह से औषधियों द्वारा उपचार करें। दोनों हाथ के नाखूनों को आपस में पांच मिनट तक रगड़ें। प्रतिदिन रात को सोने से पहले नाक के दोनों छिद्रों में दो–दो बूंद गाय का घी डालने से बालों की जड़ें मजबूत होंगी तथा बालों का झड़ना बंद हो जाएगा।

**ध्यान** – ध्यान मानसिक तनाव दूर करने में मदद करता है। ध्यान साधना करने वाले कभी भी विचलित नहीं होते। इसके लिए प्रातः का समय सबसे उपयुक्त रहता है। सुखासन में शांत चित्त से बैठकर दोनों हथेली खुली आकाश की ओर करके घुटनों पर रखें। आंखें बंदकर मांसपेशियों को ढीला छोड़ दें फिर आई ब्रो को पूरी ताकत से ऊपर उठायें 20 सेकण्ड बाद पूरी ताकत से नीचे लाये। प्रतिदिन 40 बार करें धीरे–धीरे अपनी क्षमतानुसार समय बढ़ाते जायें।

**मालिश** – बालों के लिए जितने जरूरी पोषक तत्व है उतना ही आवश्यक है तेल द्वारा मालिश। सप्ताह में कम से कम दो बार नारियल तेल, जवाकुसुम तेल या किसी आयुर्वेदिक तेल से बालों की जड़ों में अच्छे से मालिश करें। इससे रक्त संचार सुचारू होगा। बालों को काला, घना मजबूत और चमकीला बनाए रखने के लिए यह उपयोगी उपचार है। हमेशा स्वयं की कंघी इस्तेमाल करें। सीधी दिशा में कंघी करके विपरीत दिशा में भी कंघी करें। जाड़े में सरसों के तेल से और ग्रीष्म में तिल के तेल से मालिश करें।

**योग** – शीर्षासन और सर्वांगासन जैसे आसन नियमित करने से सिर के बालों को चमत्कारिक लाभ होता है। इन आसनों से रक्त संचरण की क्रिया में त्वरित गति आती है और बालों तथा सिर के स्नायुओं को पोषण मिलता है। अगर युवावस्था में उपर्युक्त दोनों आसन नियमित रूप से किए जाएं तो बालों को भरपूर पोषण और स्वास्थ्य प्राप्त होता है।

**बालों को मजबूत बनाने के उपाय** – बालों को धीमें हाथों से मसलकर व्यायाम दें, इससे आप ऊबेंगे नहीं, बालों को थोड़ा विभाजित करते जाएं। विभाजित बालों को पकड़कर धीरे–धीरे खींचे। धीमें हाथों से सिर के बालों को ठोकिए, थपथपाइए। ऐसा करने से बाल की जड़ों के रोम छिद्र खुल जाते है। रक्त संचरण की गति तेज हो जाने से बालों की जड़ों के, समीपवर्ती सूक्ष्म अवयवों में पर्याप्त रक्त प्रवाह होता है और उनकी रोग प्रतिकारक शक्ति बढ़ जाती है।

## गेहूं की खीर



**सामग्री :** 1 कप गेहूं, 1/2 कप गुड़, 1/2 लीटर दूध, 1 चम्मच घी, इलायची पाउडर और ड्राईफ्रूट।

**विधि :** सब से पहले गेहूं 4 घंटे पानी में भीगने दें। उस के बाद गेहूं पानी से निकाल कर कपड़े पर सुखाएं। (थोड़ा सा गीला ही रहने दें।) गेहूं मिक्सी में दरदरे पीस लें। इस से गेहूं के छिलके निकल जाएंगे। इस के बाद कड़ाही में घी डाल कर गेहूं भून लें। फिर इस में 2 कप गरम पानी डाल तक पका लें। गेहूं के पकने पर इस में गुड़ और दूध डाल कर चलाते रहें। खीर गाढ़ी होने पर आंच से उतारें और उस में ड्राईफ्रूट मिलाएं।

# अधिक उम्र पर भी बचें झुर्रियों से



**प्रदूषण,** धूल–मिट्टी, तनाव, धूप और दौड़भाग न जाने कितनी चीजों का सामना हमारी त्वचा को प्रतिदिन करना पड़ता है। ऐसे में समय रहते उचित देखभाल न करने से उम्र के पहले ही चेहरे पर झुर्रियों पड़ जाती हैं। चिरयुवा बने रहने तथा सौंदर्य कायम रखने में सबसे बड़ी बाधा हैं झुर्रियों की समस्या। बढ़ती उम्र के निशान सबसे पहले चहरे पर ही नजर आते हैं। यदि त्वचा की उचित तरीके से देखभाल की जाए तो वर्षो तक चेहरा स्निग्ध व कमनीय बना रहेगा।

नैसर्गिक रूप से महिलायें अपने सौंदर्य के प्रति सचेत रहती हैं, कभी–कभी असमय ही झाईयां–झुरियां होने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। आमतौर पर झुर्रियां बढ़ती उम्र की निशानी मानी जाती है लेकिन जिस तरह से हमारे खानपान व जीवनशैली में बदलाव आया है, उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगी है। झुर्रियां अक्सर शरीर के भागों में होती हैं जो अक्सर खुला, नाजुक और कोमल रहता है।

### कैसे पड़ती है झुर्रियां –

झुर्रियों का प्रमुख कारण त्वचा की खुश्की है। त्वचा की प्राकृतिक चिकनाई होने लगती है। जिसके कारण त्वचा और आंखों के आसपास लकीरें होने लगती है। क्रोध, चिंता, शोध, झुंझलाहट, तनाव आदि का असर त्वचा पर पड़ता है। तनावयुक्त रहने पर हमारे माथे पर सलवटें पड़ती है जिससे वहां की त्वचा में ढीलापन आकर त्वचा लटक जाती है और झुर्रियां पड़ने लगती है।

अधिक धूप आंतरिक त्वचा के लिये नुकसानदायक है। तीव्र धूप त्वचा की स्कीन को सोखकर उसे सिकोड़ देती है जो अंखों के नीचे झुर्रियों का कारण होते हैं। ठंड के प्रकोप से भी त्वचा कठोर हो जाती है और झुर्रियां नजर आने लगती है।

साबुन में मौजूद कॉस्टिक सोडा त्वचा के रहे– सहे तेल को भी सोख लेता है। जिससे कम उम्र में ही हमारे चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती हैं। कॉस्मेटिक का अधिक उपयोग भी त्वचा के लिए हानिकारक है।

कॉस्मेटिक्स त्वचा के भीतर जाकर उसके रोमछिद्रों को अवरूद्ध कर देते है। जिससे त्वचा की सही तरीके से सफाई नहीं हो पाती और धीरे–धीरे हमारे चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती है।

### कहां होती है झुर्रियां –

झुर्रियां अक्सर हमारे चेहरे और गर्दन पर होती है। चूँकि ये शरीर के वे भाग हैं, जो सबसे ज्यादा धूप व बाहरी वायु के सम्पर्क में होते है। आंखों के नीचे से शुरू होकर झुर्रियां गर्दन के आसपास भी होने लगती है।

### झुर्रियों से बचाव तथा उपचार–

झुर्रियों से मुक्ति पाने का एकमात्र व सर्वश्रेष्ठ उपाय है, इससे बचाव। झुर्रियों से त्वचा को बचाने के लिए हमें अपने खानपान व जीवनशैली पर विशेष ध्यान देना होगा।

- प्रोटीन तथा तैलीय तत्वों से युक्त भोजन लें, किन्तु वह गरिष्ठ न हो इसका भी ध्यान रखें। बादाम, गाजर व आंवले का सेवन अत्यंत लाभप्रद है।
- नियमित व्यायाम करें। योग अभ्यास से भी त्वचा कसावदार व कांतिपूर्ण होती है।
- त्वचा को रूखा न रहने दें मलाई या माइश्चराइजर का प्रयोग करें। चेहरे के लिए हमेशा ग्लिसरीनयुक्त साबुन का प्रयोग करें।
- नियमित रूप से चेहरे की मालिश झुर्रियां रोकने में सहायक है।
- तनाव चिंता से दूर रहें दैनिक व्यवहार में सौम्य व प्रसन्न रहें।
- पानी भरपूर पिएं।

### झुर्रियां समाप्त करने के नुस्खे:

- कच्चे दूध से चेहरा साफ करने तथा फेस पैक में शहद और संतरे का रस मिलाकर लगाने से त्वचा में निखार आता है।
- नीम, पुदीना, तुलसी की पत्ती का पाउडर और मेथी पाउडर एंटीसेप्टिक का काम करता है। लाल चंदन शीतलता और चिकनाहट प्रदान करता है।
- टमाटर और नीबू का रस मिलाकर शरीर पर लगाएं। नहाते समय इस लेप को रगड़कर छुड़ा दें। कुछ सप्ताह तक ऐसा करने से त्वचा कोमल हो जाती है।
- शहद में मलाई और नीबू का रस मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर चेहरे व आंखों के नीचे लगाएं। इससे आंखों के नीचे का कालापन दूर होकर झुर्रियां समाप्त होती है।
- मूली कसकर रस निकालें व समान मात्रा में मक्खन मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगाएं, एक घण्टे बाद कुनकुने पानी से धो लें।
- गरम पानी में संतरे के छिलके डाल दें, रात भर पड़ा रहने दें। सुबह इसी पानी से चेहरा धोएं । ऐसा करने से त्वचा में कसाव आता है।
- पपीते का गुदा मसलकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर बाद चेहरा साफ कर लें। कुछ दिन लगातार ऐसा करने से झुर्रियों से मुक्ति मिलती है।
- आधा चम्मच मलाई में नींबू की चार- पांच बूंदे मिलाकर सोने से पहले चेहरे पर अच्छी तरह मलें। दोनों हाथों से मलाई तब तक मलते रहें जब तक कि मलाई घुलकर त्वचा में एकसार न हो जाए।
- खीरे को कद्दूकस कर चेहरे पर लगाने से त्वचा कांतिमय होती है।
- त्वचा की झुर्रियां मिटाने के लिए गाजर, टमाटर और चुकंदर का रस नियमित पिएं।
- ई और ओ बोलते हुये एक बार चेहरे को फैलाएं और फिर सिकोड़ें। इससे गालों का अच्छा व्यायाम होता है। जिसमें गालों की पुष्टि होती है और झुर्रियों से बचाव।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) – कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक–5–6–9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) – अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक–2–6–8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) – यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक–4–7–9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) – लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक–1–3–5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) – दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक–2–6–8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) – विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला–खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक–3–7–8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) – शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक–3–5–7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) – आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन–पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक–5–6–8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) – व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री–संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक–2–6–8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) – समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक–4–6–7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) – मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक–3–5–8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) – जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक–2–5–7

## काकुरो पहेली - 2017




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 2016 का हल



## लॉफिंग जोन

एक शराबखोर पति अपने क्लब की मीटिंग में गया हुआ था। आधी रात बितने के बाद घर पहुँचा तो पत्नी ने उसका आदर के साथ स्वागत किया। इससे पति खुश हो गया और बोला– पता है! आज क्लब में शराब की प्रतियोगिता हुई थी।

पत्नी– अच्छा तो पहले नंबर पर कौन रहा?

पति बोला– मेरे अलावा कौन जीत सकता था भला।


एक शादीशुदा शायर की मुलाकात अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड से हुई। शायर ने कहा– मुलाहिजा फरमाएँ : ये चाँद तारे अब अच्छे नहीं लगते, रोज–रोज के बहाने अब अच्छे नहीं लगते। खुदा करे इस साल हो जाए आपकी शादी, क्योंकि अब आप कुँवारे अच्छे नहीं लगते।

गर्लफ्रेंड ने कहा– वाह वा..! वाह वा...! क्या आप करेंगे मुझसे शादी।

गीता अपनी सहेली सीता से बोली– पता है मेरे पति के अलावा आज तक किसी गैरपुरुष ने मुझे एक किस तक नहीं किया।

सीता– अरे वा! तो तुम खुद पर गर्व कर रही हो या अफसोस?

## फिल्म वर्ग पहेली - 2017



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म–३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म–३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म–२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म–३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?–२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म–२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म–३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म–२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म–२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म–३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म–३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म–४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म–२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म–२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म–४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म–३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म–३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म–२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी–२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म–२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म–२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म–२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका–२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म–३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म–३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म–४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म–१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म–२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म–३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म–२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म–३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?–३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था–२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म–३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म–२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म–३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म–३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म–३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म–२

फिल्म वर्ग पहेली- 2016



## सूडोकु -2017


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2016 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## शब्द पहेली - 2017




**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता–निर्देशक –2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता–4
7.जीत, फतेह–2
8.आकाश रेखा, छोर–3
9.तल, पैंदा–2
10.थाती, धरोहर–4
11.मोटा आटा–2
13.सलाह, मशवरा–4
14.अन्य, वो, तिन–2
16.घर,गृह–3
18.धावक (अंग्रेजी–3)
19.नाम रखना–2,3
21.परामर्शदाता–5
24.सुनसान, नीरव–3
26.वन, जंगल–3
28.मिट्टी, रेत–2
29.चेतनाहीन–4
30.पराग कण–2
32.भयभीत होना–4
33.छोटी सवारी गाड़ी–2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी–3
36.द्वार,किवाड़–2
37.जनता की राय–4
38.नाटक लिखने वाला–5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह–2
2.करतब–4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो–3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा–3
5.लीन, मग्न–2
6.जलाऊ लकड़ी–4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू–4)
12.बांया–2
15.आनंदित होना–4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म–3
18.योद्धा–4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म–3
22.मुआवजा–4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया–3,2
25.राज वंश–2,3
26.काम, कार्य–4
27.मादा का विलोम–2
29.उपद्रव फैलाने वाला–4
31.दुनिया, जहान–3
34.क्रिकेट में बनते हैं–2
36.पंख, पराया–2

शब्द पहेली -2016 का हल



## जयपुर के अन्य क्षेत्रों में भी मेट्रो के विस्तार की बनाए प्रभावी योजना : मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा (गोनेर मोड़) से अंबाबाड़ी (टोडी मोड़) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य 31 मार्च, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के सिविल कार्यों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी हो और परियोजना का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइमेंट के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि भविष्य के आवश्यकता को देखते हुए जयपुर के सभी क्षेत्र मेट्रो से कनेक्ट हो। मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अंतर्गत सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक मेट्रो संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस परियोजना से प्रतापनगर, टोंक रोड़, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और बड़ी संख्या में आमजन को मेट्रो की सुगम एवं द्रुतगामी परिवहन सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन्स पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यात्री सुविधा के दृष्टिगत स्टेशन्स को पोड टैक्सी सिस्टम्स से कनेक्ट करने के निर्देश भी दिए। श्री शर्मा ने मेट्रो रूट के अलाइमेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## संभल जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की इजाजत, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दिया आदेश

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है। इसके अलावा, हाईकोर्ट ने कहा कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए। मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने एक सप्ताह के भीतर इस कार्य को कराने का आदेश दिया और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। यह आदेश इस तर्क पर आधारित है कि मस्जिद की बाहरी दीवारों का सौंदर्यीकरण किया जा सकता है, बशर्ते इसमें कोई संरचनात्मक बदलाव न किया जाए या किसी ऐतिहासिक ढांचे को नुकसान न पहुंचे।इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मस्जिद की रंगाई-पुताई करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष ने रंगाई-पुताई की मांग की थी। दरअसल, मस्जिद कमेटी की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

## दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार, ऑरेंज अलर्ट जारी

**चेन्नई ।** मौसम विभाग ने दक्षिणी तमिलनाडु के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने बताया कि दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार हैं। बारिश का कारण बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र है, जो तमिलनाडु के तट के पास है और समुद्र से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इसके चलते, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के साथ-साथ तेनकासी जिले में भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। साथ ही चक्रवाती तूफान के खतरे के कारण मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, तमिलनाडु और पुडुचेरी में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान चेन्नई और उसके आसपास के इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और शहर के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की भी संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के बाद मंगलवार को तमिलनाडु में भारी बारिश हुई थी, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ, जबकि दालों, मूंगफली और मक्का जैसी गर्मियों की फसलों को लाभ भी हुआ है।

## दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नही, मांग के आधार पर डेयरी बूथ खोले जाएं- जोराराम कुमावत

**जयपुर।** प्रदेश के पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य की सहकारी डेयरियों में उत्पादित सरस दूध की गुणवत्ता ही इसकी पहचान है और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री कुमावत आर एल डी बी सभागार में राज्य की सहकारी डेयरियों के निर्वाचित अध्यक्ष और एम डी के साथ पिछली बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा और नई बजट घोषणा की क्रियान्विति की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। कुमावत ने पिछली बजट घोषणा के लंबित कामों को प्राथमिकता से पूरा करते हुए नई बजट घोषणा के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में आम जन को मिलावट रहित दूध और दूध से बने उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और राज्य भर की सहकारी डेयरियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करना पाप का काम है।

# नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा : अमित शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित नॉर्थ-ईस्ट छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के अंदर नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें नॉर्थ ईस्ट में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और नॉर्थ-ईस्ट के छात्रों को 2047 तक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने, शैक्षिक पहल को बढ़ावा देने और नॉर्थ-ईस्ट के युवाओं के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में शांति नहीं होती है, वहां विकास नहीं हो सकता और मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। वर्ष 2027 तक नॉर्थ-ईस्ट की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी। शाह ने कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा, ड्रग, बंद और प्रांतवाद ने नॉर्थ-ईस्ट को अनेक



टुकड़ों में बांट दिया। इसके कारण पिछले 40 साल जब देश विकास के रास्ते पर चल रहा था, नॉर्थ-ईस्ट पिछड़ता गया। शाह ने कहा कि भाजपा शासन में हमेशा नॉर्थ-ईस्ट को वरीयता दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में पूर्वोत्तर के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम योजनाओं के केंद्र में पूर्वोत्तर को रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में नस्लीय हिंसा की घटना को छोड़ दें तो केवल 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है। वर्ष 2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुई और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं। यानी 70 प्रतिशत की कमी हुई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है।

हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहे वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नगालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं और 10,500 से अधिक विद्रोही अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। हमारी सरकार ने 10 वर्षों में 12 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए बहुत बड़ा बजट दिया है। दस साल में प्रधानमंत्री ने नॉर्थ-ईस्ट को अपना मानते हुए इसके विकास का इतना ध्यान रखा है कि उन्होंने तय किया है कि हर महीने कोई न कोई मंत्री नॉर्थ-ईस्ट के किसी न किसी राज्य में रात्रि निवास करेगा।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि आजादी के बाद से अब तक सभी प्रधानमंत्रियों की नॉर्थ-ईस्ट की यात्राओं की कुल संख्या असम को छोड़कर 21 है और अकेले नरेन्द्र मोदी की नॉर्थ-ईस्ट की यात्राओं की संख्या 78 है, जो दर्शाता है कि नॉर्थ ईस्ट को कितना महत्व दिया गया है।

## बिहार के भोजपुर में एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, 3 की मौत 2 की हालत गंभीर

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में भोजपुर जिले के बिहिया थाना के बेलवानीय गांव में बीती रात एक ही परिवार के 5 लोगों के कीटनाशक खाने से तीन लोगों की मौत हो गई, दो की हालत गंभीर है। बिहिया थाने के सब इंस्पेक्टर भगत यादव ने बताया कि बेलवानीया गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों ने कीटनाशक दवा खा ली जिससे तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे तभी इन सभी ने जहर खाया। घटना के बाद घर के बाकी के सदस्य जब शादी समारोह से घर पहुंचे तो दरवाजा खुलवाने लगे लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिसके बाद दरवाजे को तोड़ा गया और देखा कि पिता सहित उनके चारों बच्चे गंभीर हालत में पड़े है। जिसके बाद परिजनों ने उन पांचों को आनन फानन में सदर अस्पताल लाया। जहर खाने वालों में अरविंद कुमार, उनकी पुत्री नंदनी कुमारी (12



वर्ष), डॉली कुमारी (5 वर्ष), आदर्श कुमार (10 वर्ष) एवं टोनी कुमार (6 वर्ष) शामिल हैं। इनमें नंदनी कुमारी, डॉली कुमारी और टोनी की मौत हो गयी।

घटना के कारणों का अभीतक पता नहीं चला है। परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे है। हालांकि पत्नी की मौत के बाद से पिता अपने बच्चों को लेकर काफी परेशान चल रहे थे।

## धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके पर किया पलटवार, पीएम-श्री स्कूलों पर संसद में दिए बयान को दोहराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु स्कूल शिक्षा विभाग का सहमति पत्र साझा करते हुए स्पष्ट किया कि वे संसद में दिए अपने बयान पर पूरी तरह कायम हैं। उन्होंने कहा कि डीएमके सांसदों और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उन पर संसद को गुमराह करने का झूठा आरोप लगाया, लेकिन अब सच्चाई सबके सामने है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, मैंने संसद में जो कहा था, वह तथ्यात्मक रूप से सही है। 15 मार्च 2024 को तमिलनाडु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिया गया सहमति पत्र इसका प्रमाण है। डीएमके सरकार जितने भी झूठ फैलाना चाहे, लेकिन सच को बदला नहीं जा सकता। जब सच्चाई सामने आती है, तो वे उसे दबाने की कोशिश तक नहीं करते। उन्होंने डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्टालिन को तमिलनाडु की जनता के सामने



जवाब देना होगा। प्रधान ने आरोप लगाया कि डीएमके सरकार भाषा के मुद्दे को एक रणनीति के तहत उछाल रही है ताकि असल मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने कहा, सरकार अपनी सुविधा के अनुसार तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है, लेकिन इससे उनकी प्रशासनिक विफलताएं छिप नहीं सकतीं। प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर डीएमके सरकार के रुख में अचानक आए बदलाव पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, डीएमके का यह विरोध केवल राजनीतिक स्वार्थों और अपने राजनीतिक भविष्य को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। यह प्रतिगामी राजनीति तमिलनाडु के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को नुकसान पहुंचा सकती है।

## कलेक्टर ने महू उपद्रव के दो आरोपितों पर लगाई रासुका, दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के आदेश

**एजेंसी**

**इंदौर।** इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त दो व्यक्तियों पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक इंदौर (ग्रामीण) के प्रतिवेदन के आधार पर मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने पुलिस अधीक्षक इंदौर (ग्रामीण) के प्रतिवेदन के आधार पर सोहेल पुत्र साहिद कुरैशी निवासी बतख मोहल्ला महू, जिला-इन्दौर और एजाज पुत्र मोहम्मद रफीक खान निवासी बंडा बस्ती, हाल निवास कंचन विहार खान कालोनी महू जिला इंदौर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने के आदेश जारी किये हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत के जीतने के बाद महू में आमजन द्वारा भारतीय टीम की जीत की खुशी में मोटर साइकिल



पर तिरंगा लेकर विजय जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में बच्चे व युवा लोग सभी साथ में सम्मिलित थे, तभी अनावेदकों द्वारा मोती महल चौराहे पर एक मत होकर अपने साथियों के साथ मिलकर षडयंत्र पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द खराब करने की नियत से ईंट पत्थर आदि से जुलूस पर रूकावट करने हेतु पथराव किया गया। जिससे लोगों को चोट पहुंची और साम्प्रदायिक सौहार्द को तहस नहस किया गया। चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर निकल रहे जुलूस पर अनावेदकों द्वारा आमजनों को गालियां देते हुये षड्यंत्र पूर्वक एक मत होकर ईंट पत्थर से पथराव किया गया एवं साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया।

आदेश में कहा गया है कि दोनों ही आरोपी अपराध जगत में सक्रिय है। इनके विरूद्ध आम जनों को अश्लील गालियां देने, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने, तोडफोड कर नुकसान पहुंचाने, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा कर दंगे करने, लोक व्यवस्था भंग करने जैसे विभिन्न आपराधिक मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध हैं। अनावेदकों के कृत्यों से क्षेत्र की लोक व्यवस्था प्रभावित होने की प्रबल संभावना होने तथा जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये इनके विरूद्ध रासुका के तहत कार्रवाई की गई है। इधर, चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत की जीत के बाद रविवार रात को महू में हुए उपद्रव का का नया वीडियो भी मंगलवार की शाम सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि मैच के बाद कुछ लोग बाइक पर बैठकर हाथ में तिरंगा लेकर जामा मस्जिद के सामने से निकल रहे हैं। इस दौरान वे भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों के हाथ में ढोल भी हैं। इसी समय मस्जिद के गेट पर खड़ा एक शख्स दोनों हाथ उठाकर अंदर से लोगों को बुला रहा है। मस्जिद के अंदर से कुछ लोग तेजी से निकलकर बाहर आए और नारेबाजी कर रहे लोगों पर हमला कर दिया।

## छत्तीसगढ़ जिला खनिज निधि घोटाला: निलंबित आईएएस रानू साहू और अन्या चार आरोपितों की न्यायिक हिरासत 19 मार्च तक बढ़ी

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित जिला खनिज निधि घोटाला मामले में गिरफ्तार और जेल में निरुद्ध आरोपित निलंबित आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी की न्यायिक रिमांड एसीबी-आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की विशेष कोर्ट ने 19 मार्च तक बढ़ा दी है। आज उन्हें रायपुर में विशेष न्यायालय में पेश किया गया था।



ईडी की रिपोर्ट के आधार पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। केस में यह तथ्य सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40 प्रतिशत सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में दिया गया है। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि आईएएस अफसर रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया।

## तृतीय ट्रॉयल रन में अब तक जलाया गया यूनियन कॉर्बाइड का 6570 किलो अपशिष्ट

**एजेंसी**

**इंदौर।** भोपाल गैस त्रासदी 40 साल बाद यूनियन कार्बाइड में डम्प पड़े जहरीले कचरे का निष्पादन पीथमपुर में किया जा रहा है। यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट को दहन करने के लिए फिलहाल तीसरा तृतीय ट्रॉयल रन चल रहा है, जिसमें रात आठ बजे तक 6570 किलोग्राम अपशिष्ट का दहन किया जा चुका है। इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि मप्र उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, पीथमपुर के ग्राम-तारपुरा स्थित रामकी कंपनी में यूनियन कॉर्बाइड के अपशिष्ट (रासायनिक कचरे) के दहन का तृतीय ट्रायल रन सायं 07:41 बजे प्रारंभ किया गया था। संयंत्र में 270 किलोग्राम प्रति घण्टे की दर से अपशिष्ट का दहन किया जा रहा है। मंगलवार रात आठ बजे तक 6570 किलोग्राम अपशिष्ट का दहन किया जा चुका है। दहन के



दौरान चिमनी से होने वाले उत्सर्जन की मॉनिटरिंग ऑनलाईन कन्टीन्युअस इमीशन मॉनिटरींग सिस्टम से की जा रही है, जो निर्धारित मानकों के भीतर है। ग्राम-तारपुरा, चीराखान एवं बजरंगपुरा में परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन में परिवेशीय वायु गुणवत्ता निर्धारित मानक के भीतर पाई गई है।इससे पूर्व पहला ट्रायल रन 28 फरवरी से तीन मार्च तक हुआ था, जिसमें 10 टन कचरा जलाया गया था। इसके बाद छह से नौ मार्च तक दूसरे ट्रायल रन में भी 10 टन जहरीले कचरे का दहन किया गया। तीसरा ट्रायल रन 12 मार्च तक चलेगा, जिसमें 10 टन जहरीले कचरे का दहन होगा। इसके बाद तीनों ट्रायल रन की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर

> **● ग्राम-तारपुरा, चीराखान एवं बजरंगपुरा में परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन में परिवेशीय वायु गुणवत्ता निर्धारित मानक के भीतर पाई गई है।**

कोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी। कचरा जलाने के साथ ही चिमनी से निकलने वाले धुएं व कण की निगरानी व मॉनिटरिंग मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 20 अधिकारी-कर्मचारी कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश की 18 यूनेस्को विश्व धरोहर में 15 टेंटेटिव और 3 स्थाई सूची में शामिल

**एजेंसी**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि यूनेस्को ने प्रदेश की चार ऐतिहासिक धरोहरों को सीरियल नॉमिनेशन के तहत टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया है। सम्राट अशोक के शिलालेख, चौसठ योगिनी मंदिर, गुप्तकालीन मंदिर और बुंदेला शासकों के महल और किलों को यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में घोषित होना प्रमाणित करता है कि मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के कारण देश में विशेष स्थान रखता है। उक्त बातें मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहीं। दरअसल, सीएम डॉ. यादव यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में मप्र की नई धरोहरों को जोड़ने के अवसर पर अपनी



खुशी जाहिर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी यूनेस्को ने प्रदेश की छह धरोहरों, ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खुनी भंडारा, चंबल घाटी के शैल कला स्थल, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, मंडला स्थित रामनगर के गोंड स्मारक और धमनार का ऐतिहासिक समूह को टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर एमपी टूरिज्म बोर्ड, संस्कृति विभाग, पुरातत्वविदों, इतिहास प्रेमियो, संस्थाओं और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है जिन्होंने ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने में अमूल्य योगदान दिया हैं। डॉ. मोहन यादव का कहना है कि यह उपलब्धि मध्यप्रदेश को विश्व पर्यटन मानचित्र पर एक नए आयाम तक पहुंचाएगी और हमारे गौरवशाली अतीत को नई पहचान दिलाएगी। उन्?होंने इसके साथ ही प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर अपनी धरोहरों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध रहें और मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में अब यूनेस्को द्वारा घोषित 18 धरोहरों है। जिसमें से तीन स्थाई और 15 टेंटेटिव सूची में है। यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में प्रदेश के खजुराहो के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची स्तूप यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल स्थायी सूची में शामिल है।

## बुंदेलखंड भरेगा बीडा से विकास की रफ्तार, 200 एकड़ में बनेगा फार्मा पार्क : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।**

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के एक दिवसीय दौरे में बुंदेलखंड के विकास का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) 56,000 एकड़ भूमि पर बन रहा है। अभी से ऑफर आने लग गए हैं। फार्मा पार्क के लिए 2,000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके साथ ही बुंदेलखंड का विकास रफ्तर भरेगा। युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अब युवा जॉब के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि युवाओं के पीछे जॉब भागेगी। एक-एक युवा आठ से 10 युवाओं को रोजगार देगा। अकेले बुंदेलखंड में 1000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने यह बात मंगलवार को युवा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों को रोजगार शुरू करने के लिए पांच-पांच लाख के चेक वितरित करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने वीरांगना महालक्ष्मीबाई के शौर्य और वीर भूमि को में नमन करते हुए युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है।

## लगातार प्रधानमन्त्री मोदी मोटापा के प्रति लोगों को जागरूक कर रहेः आनंदी बेन पटेल

**एजेंसी**

**वाराणसी।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि नियमित व्यायाम से सभी प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है और यह शरीर में पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है। व्यायाम से शरीर में लहू का संचार बेहतर होता है, जिससे शरीर मजबूत और सक्रिय रहता है। राज्यपाल ने युवाओं से अपील की कि वे प्रतिदिन खेलों में भाग लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान में मोटापे के प्रति जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं । उन्होंने खाने के तेल के सेवन को 10 प्रतिशत तक कम करने पर जोर दिया, जिससे लोग अधिक



स्वस्थ जीवन जी सकें। राज्यपाल अपने वाराणसी दौरे के दूसरे और अन्तिम दिन मंगलवार को बड़ालालपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित जनपद स्तरीय पीएम श्री वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता को सम्बोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से कहा कि खेलते रहिए, खिलते रहिए, जो खेलेगा वह खिलेगा। उन्होंने स्कूलों में बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि मजबूत बच्चियां ही समाज में सशक्त भूमिका निभा सकती हैं।

इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को टीमवर्क की भावना से कार्य करने की सलाह दी, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें और खेल के क्षेत्र में नये नवाचार कर सकें। उन्होंने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि बचपन में वह 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़ में अव्वल रहती थीं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छुट्टियों के दौरान वे खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षण लें। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कंपोजिट विद्यालय पिंडरा ने पहले स्थान, कंपोजिट विद्यालय सेवापुरी ने दूसरे स्थान और कंपोजिट विद्यालय सारनाथ ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया। 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में शुभम पटेल और महिला वर्ग में शील यादव ने पहले स्थान पर स्थान पाया।

## बेटी दुआ को लेकर फोन में क्या सर्च करती रहती हैं

# दीपिका पादुकोण



## खुद किया खुलासा

**दीपिका पादुकोण ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने मां बनने की जर्नी के बारे में शेयर किया है. उन्होंने बताया कि वो छुट्टियों में अपनी बेटी के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताती हैं. इसके साथ ही उन्होंने अपनी मेंटल हेल्थ की बीमारियों के बारे में भी बात की हैं.**

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपनी कमाल की फिल्मों के जरिए लोगों के बीच हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं. फिल्मों की बात करें, तो पिछली बार वो फिल्म सिंघम अगेन में नजर आए थी. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल की कमाई की थी. हालांकि, उसके बाद से एक्ट्रेस ने बेबी गर्ल का वेलकम किया, जिसके बाद से वो किसी भी फिल्मों में नजर नहीं आई हैं. फिलहाल वो अपनी बेटी दुआ को अपना पूरा वक्त दे रही हैं.हाल ही में एक्ट्रेस अबू धाबी में फोर्ब्स ग्लोबल समिट का हिस्सा बनी थीं. इस दौरान उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही साथ पर्सनल लाइफ के बारे में बात की. दीपिका ने इस दौरान अपने मेंटल हेल्थ की बीमारियों के बारे में भी कई बातें की हैं. उन्होंने कहा कि मेंटल हेल्थ की बीमारी से पीड़ित होने के नाते, मेरे लिए हमेशा मन की शांति का होना एक जरूरी मुद्दा रहा है. इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा जरूरी और कुछ भी नहीं है. आगे एक्ट्रेस ने कहा कि ये बात कहना जितना आसान है करना उतना आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए काम करना पड़ता है.



**अपने मां बनने की बताई जर्नी**

इसके साथ ही दीपिका ने मां बनने की अपनी जर्नी के बारे में भी बात की है. उन्होंने बताया कि उनके दिमाग में हमेशा ही बेटी का ख्याल मंडराता रहता है. बेटी का जिक्र छिड़ते ही जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने आखिरी बार गूगल पर क्या सर्च किया था. इस सवाल पर एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने पैरेंटिंग से जुड़ा सवाल सर्च किया था. एक्ट्रेस ने बताया कि हाल में उन्होंने सर्च किया था कि 'उनकी बेटी थूकना कब बंद करेगी' एक्ट्रेस ने 8 सितंबर, 2024 को बेटी को जन्म दिया था. जिसका नाम उन्होंने दुआ रखा है. उन्होंने साल 2018 में रणवीर सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी थी.

**बेटी के साथ बिताती हैं वक्त**

एक्ट्रेस ने बताया कि वो फिलहाल छुट्टियों में अपनी बेटी के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताती हैं. उन्होंने खुलासा किया कि वो इस दौरान अपनी नींद पूरी करती हैं. फिल्मी करियर की बात करें, तो पिछले साल वो दो फिल्मों में नजर आई थीं, जिनमें से एक कल्कि 2898 एडी और दूसरा अजय देवगन की सिंघम अगेन थी. हालांकि, फिल्म के रिलीज होने के बाद से ही डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन में दीपिका के कैरेक्टर पर एक अलग से फिल्म बनाने की बात कही थी.

## ईद ही नहीं सलमान ने होली भी स्पेशल कर दी, लेकर आए सिकंदर का गाना



ईद के मौके पर 'सिकंदर' के नाम से सलमान खान की एक फिल्म आ रही है. पर ईद से पहले उन्होंने अपने चाहने वालों की होली स्पेशल कर दी है. उन्होंने इस फिल्म का एक गाना रिलीज किया है, जो कि होली सॉन्ग है. गाने का नाम है 'बम बम भोले'. इस गाने में सलमान भी होली के रंग में रंगे दिख रहे हैं.जो वीडियो सामने आया है उसमें हर तरफ लोगों के ऊपर होली का खुमार दिख रहा है. भाईजान के ऊपर भी रंगों के त्योहार का खुमार चढ़ा हुआ है. इस गाने में उनका स्वैग भरा अंदाज भी देखने को मिल रहा है. ये इस फिल्म का दूसरा गाना है. कुछ दिन पहले भी वो एक गाना लेकर आए थे, जिसका टाइटल था 'जोहरा जबीं'. उस गाने की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई थी. अब लगता है कि होली के मौके पर उनका ये नया सॉन्ग छाने वाला है.

'सिकंदर' इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है. जल्द ही इस फिल्म का इंतजार पूरा होने वाला है. मेकर्स ने ये पहले ही बता दिया है कि ये फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी. हालांकि, अभी डेट नहीं बताया है. सलमान के फैंस उनकी इस फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड हैं. इसमें उनका एक्शन अवतार दिखने वाला है. उनके अपोजिट इस फिल्म में रश्मिका मंदाना है.

**साजिद नाडियाडवाला ने बनाई है 'सिकंदर'**

नाडियाडवाला ग्रैंडसन प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को साजिड नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है और एआर मुरुगदास डायरेक्टर हैं. मुरुगदास वही शख्स हैं, जिन्होंने आमिर खान की फिल्म 'गजनी' डायरेक्टर की थी. आमिर की वो फिल्म खूब सफल हुई थी. ऐसे में सलमान की 'सिकंदर' से भी बेहतर परफॉर्म करने की उम्मीदें लगाई जा रही हैं. इस फिल्म सत्यराज भी हैं, जिन्होंने प्रभास की फिल्म 'बाहुबली' में कटप्पा का किरदार निभाया था. उन्हें इस पिक्चर में मेन विलेन के तौर पर कास्ट किया गया है.

## अयोध्या में अमिताभ बच्चन ने फिर खरीदी जमीन, राम मंदिर से इतनी दूरी पर बनाएंगे ये खास चीज



'सदी के महानायक', 'बॉलीवुड के शहंशाह' 'एंग्री यंगमैन' और 'बिग बी' जैसे नामों से खास पहचान रखने वाले इंडियन सिनेमा के लेजेंड अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के सबसे रईस कलाकारों में से एक हैं. फिल्मों और टीवी शो के अलावा उनकी कमाई के और भी कई जरिए हैं. उन्होंने कई प्रॉपर्टी में भी इन्वेस्ट किया है और अब एक्टर ने भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में एक बार फिर से जमीन खरीदी है.

साल 2024 में ही उन्होंने अयोध्या में 4.54 करोड़ रुपये कीमत की जमीन खरीदी थी और अब एक बार फिर से दिग्गज एक्टर ने यहां बड़ी डील की है. बताया जा रहा है कि ये डील अमिताभ बच्चन और बिग बी के पिता हरिवंश राय बच्चन के नाम पर रखे गए ट्रस्ट की ओर से राजेश ऋषिकेश यादव ने की है. ये जमीन भगवान राम के मंदिर से 10 किलोमीटर की दूरी पर तिहुरा मांझा इलाके में है जो कि 54,454 स्क्वायर फीट में फैली हुई है.

**अमिताभ के पिता के नाम पर बनेगा मेमोरियल**

इस जमीन के लिए 86 लाख रुपये का भुगतान किया गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ ने ये जमीन ना ही अपनी पत्नी और ना ही बच्चों बल्कि अपने दिवंगत पिता और मशहूर कवि हरिवंश राय बच्चन के लिए खरीदी है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इस जमीन पर बिग बी हरिवंश राय बच्चन का मेमोरियल बनाने वाले हैं. लेकिन इसे लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. जबकि ये भी जानकारी सामने आ रही है कि इस जमीन का इस्तेमाल सामाजिक या धार्मिक कार्य के लिए भी किया जा सकता है.

अयोध्या के स्टैंप और रजिस्ट्रेशन विभाग के असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल प्रताप सिंह ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में कहा, फिलहाल बिक्री के काम पूरे किए जा चुके हैं. जब स्थानीय विकास प्राधिकरण से बिल्डिंग प्लान को मंजूरी दे दी जाएगी तो इस बात की जानकारी सामने आ जाएगी कि जमीन किस उद्देश्यस से खरीदी गई है.

**2013 में हुई थी हरिवंश राय बच्चन मेमोरियल ट्रस्ट की शुरुआत**

अमिताभ बच्चन ने अपने पिता की याद में साल 2013 में हरिवंश राय बच्चन मेमोरियल ट्रस्ट की शुरुआत की थी. तब उन्होंने बताया था कि ये ट्रस्ट धार्मिक कार्यों के लिए धन एकत्रित करने के काम करेगा. बिग बी के पिता एक मशहूर कवि थे. उनका 18 जनवरी 2003 को मुंबई में निधन हो गया था.



# देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा

## पर जब भारी पड़ गया देसी अंदाज, हाथ से निकल गई थी बड़ी हॉलीवुड फिल्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अब अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं. एक्ट्रेस इस सिलसिले में भारत में हैं और अब वे ओडिशा पहुंच गई हैं. प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ समय से मीडिया से मुखातिब भी हो रही हैं और अपकमिंग फिल्मों को लेकर रिएक्ट भी कर रही हैं. अब एक्ट्रेस ने पुराने दिनों को याद किया है और बताया है कि आखिर कैसे एक दफा उन्हें ज्यादा एथनिक लगने का हवाला देकर एक बड़ी हॉलीवुड फिल्म से निकाल दिया गया था.एक पुराने इंटरव्यू में प्रियंका चोपड़ा ने इस बारे में बताया था. एक्ट्रेस ने कहा कि- एक दफा मुझे फिल्म से सिर्फ ये कह कर निकालने को कहा गया कि मैं काफी ज्यादा एथनिक हूं. लेकिन मेरे हिसाब से तो हर एक इंसान में एथनिसिटी होती है. यहां तक कि गोरे लोगों का भी अपना कल्चर है. अपने एथिक्स हैं. लेकिन जिस हॉलीवुड फिल्म के लिए मुझे लिया जाना था उस पार्ट के लिए मैं ज्यादा ही एथनिक थी. वो मेनस्ट्रीम अमेरिकन सिनेमा का कोई पार्ट था. इस वजह से मुझे उस फिल्म से निकाल दिया गया था. लेकिन मेरा एजेंट ये बात मुझे बताने में असहज महसूस कर रहा था.

**इन हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स का रहीं हिस्सा**

प्रियंका चोपड़ा की बात करें तो कभी देसी गर्ल के तौर पर भारत में मशहूर रहीं एक्ट्रेस आज हॉलीवुड में खूब नाम कमा रही हैं. वे इजेन्ट इट रोमांटिक, अ किड लाइक जैक, वी कैन बी हीरोज, बेवॉच, द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स और सिटाडेल जैसे हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुकी हैं. एक्ट्रेस अब बॉलीवुड



कमबैक को तैयार हैं. एक्ट्रेस एस एस राजामौली और महेश बाबू की फिल्म स्स्स्ब29 का हिस्सा हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म 1200 करोड़ के बजट में बन रही है और इसके लिए प्रियंका जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं. इसके पहले एक्ट्रेस द व्हाइट टाइगर में नजर आई थीं. वे इस फिल्म की प्रोड्यूसर भी थीं.

## राजधानी दिल्ली में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री का भव्य आगाज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 की शानदार शुरुआत हुई। इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 20 देशों के 280 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं, जो अगले तीन दिनों में 98 प्रतिस्पर्धाओं में अपना कौशल दिखाएंगे। इन प्रतिभागियों में 195 पुरुष और 85 महिला एथलीट शामिल हैं, जो इसे वैश्विक पैरा एथलेटिक्स कैलेंडर की एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता बनाते हैं।

**खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने किया उद्घाटनः** उद्घाटन समारोह में भारत सरकार की खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने इस आयोजन को भारत में पैरा खेलों के विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है और समर गेम्स 2036 की तैयारियों के तहत ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएसआर सुब्रमणि, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के प्रतिस्पर्धा प्रमुख मार्टिन चॉर्ली, एशियन पैरालंपिक कमेटी के अध्यक्ष माजिद राशिद,के महासचिव जयवंत जीएच और प्रतियोगिता निदेशक डॉ. सत्यपाल शामिल थे।

## लावण्या ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी के छठे चरण में बढ़त बनाई

**गुरुग्राम।** डेब्यू सीज़न खेल रही लावण्या जादोन ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण के पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-अंडर 70 का स्कोर किया और एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब के गैरी प्लेयर डिज़ाइन कोर्स पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में लावण्या ने पांच बर्डी और तीन बोगी खेलीं। हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहीं स्नेहा सिंह ने शानदार शुरुआत की थी और वह 13 होल के बाद 4-अंडर पर थीं। हालांकि, 14वें से 17वें होल तक लगातार चार बोगी करने के कारण उनका स्कोर गिर गया। 18वें होल पर बर्डी लगाने से उन्होंने 1-अंडर 71 का स्कोर किया और वह अन्वी दहिया के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। अन्वी दहिया, जो एक उभरती हुई अमेचर खिलाड़ी हैं, ने भी प्रभावित किया और 1-अंडर 71 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी और चार बोगी खेलीं। पिछले दो टूर्नामेंट जीत चुकीं वाणी कपूर ने 72 का स्कोर किया और चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने नौवें और 14वें होल पर बर्डी लगाई, लेकिन आठवें और 18वें होल पर बोगी की वजह से स्कोर बराबर रहा।

## चोटों के कारण न्यूजीलैंड महिला टीम को बड़ा झटका, श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से तीन खिलाड़ी बाहर

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर इसाबेला गेज, तेज गेंदबाज हेले जेन्सन और बल्लेबाज बेला जेम्स चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो गई हैं। इनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज पॉली इंग्लिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका महिला टीम इन दिनों न्यूजीलैंड दौरे पर है, जहां वह वनडे और टी-20 सीरीज खेल रही है। न्यूजीलैंड ने पहले ही वनडे सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया था। वनडे सीरीज में पॉली इंग्लिस और ब्री इलिंग ने डेब्यू किया था, जबकि फ्लोरा डेवोनशायर को अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका नहीं मिला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक, हेले जेन्सन और बेला जेम्स पहले ही वनडे सीरीज से बाहर हो चुकी थीं और अब तक फिट नहीं हो पाई हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक बयान में कहा, हम सभी इसाबेला, हेले और बेला के लिए दुखी हैं। यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है, लेकिन हम जानते हैं कि ये तीनों मजबूती से वापसी करेंगी।

## ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2025: चुनौतियों से जूझते भारतीय शटलरों के लिए कठिन परीक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए इस बार का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप बेहद कठिन साबित हो सकता है। चोटों, फिटनेस समस्याओं और खराब फॉर्म के कारण भारतीय शटलरों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) की ऐतिहासिक जीत के बाद से अब तक कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित खिताब को नहीं जीत पाया है। हालांकि, पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे दिग्गजों ने विश्व स्तर पर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ऑल इंग्लैंड ओपन का ताज अब भी भारतीयों की पहुंच से दूर बना हुआ है। इस साल भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पी. वी. सिंधु चोट से उबरकर वापसी कर रही हैं। एच. एस. प्रणय चिकनगुनिया के कारण लय में नहीं हैं।

# आयरलैंड के व्यस्त क्रिकेट समर का शेड्यूल जारी, अफगानिस्तान सीरीज रद्द

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिकेट आयरलैंड ने मंगलवार (11 मार्च) को घोषणा की कि इस गर्मी में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे महिला और पाकिस्तान महिला टीम आयरलैंड का दौरा करेंगी। इसके अलावा, आयरलैंड की महिला टीम अगले महीने पाकिस्तान में 4 अप्रैल से 19 अप्रैल तक होने वाले वनडे विश्व कप क्वालीफायर में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, थाईलैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलेगी। आयरलैंड वॉल्व्स की टीम 7 अप्रैल से 25 अप्रैल तक यूएई में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी, जिसमें अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए भी शामिल होंगी। इसके बाद, आयरलैंड की पुरुष टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी, जो 21 मई से 25 मई तक क्लॉनटर्फ में आयोजित होंगे। फिर, 12 जून से 15 जून तक क्लॉनटर्फ में ही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज




खेली जाएगी। इसके बाद, जुलाई और अगस्त के बीच 15 जुलाई से 18 अगस्त तक यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग आयरलैंड में होगी, जिसमें आयरलैंड के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसी दौरान, 20 जुलाई से 28 जुलाई तक जिम्बाब्वे महिला टीम के खिलाफ पेमब्रोक और स्टॉर्मोंट में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद, 7 अगस्त से 11 अगस्त तक स्टॉर्मोंट में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज होगी। सितंबर में, इंग्लैंड पहली बार आयरलैंड के खिलाफ एक द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगा, जो 17 सितंबर से 21 सितंबर तक मलाहाइड में होगी। हालांकि, इस व्यस्त कार्यक्रम के बीच, क्रिकेट आयरलैंड ने यह भी स्पष्ट किया कि अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला अब नहीं होगी। यह श्रृंखला इस वर्ष एक बहु-फॉर्मेट सीरीज के रूप में आयोजित होनी थी, लेकिन इसे रद्द कर दिया गया है। भले ही आईसीसी पर अफगानिस्तान को लेकर कार्रवाई करने का दबाव बढ़ रहा है, लेकिन क्रिकेट आयरलैंड ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने यह निर्णय केवल वित्तीय कारणों से लिया है। क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वॉरेन ड्यूट्रोम ने कहा, हम हमेशा कहते हैं कि गर्मी का मौसम है तो क्रिकेट जरूर होगा। इस बार आयरिश प्रशंसक दुनिया के कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों को अपने देश में खेलते हुए देख पाएंगे।

## केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मंडाविया ने ईरान को हरा एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2025 जीतने वाली भारतीय टीम को किया सम्मानित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने तेहरान में 6 से 8 मार्च 2025 तक आयोजित छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेते हुए शनिवार को मेजबान ईरान को 32-25 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। यह कबड्डी टूर्नामेंट 8 साल के अंतराल के बाद वापस आया था। पिछला संस्करण 2017 में ईरान में आयोजित किया गया था, जहाँ भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकर ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के बाद टीम वापस लौटी और उनकी इस सफलता परभारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने उसे सम्मानित किया। पांचवीं बार ट्रॉफी जीतने पर माननीय मंत्री ने टीम को 67,50,000 रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। सम्मान समारोह के बाद मंत्री ने कहा, हम अपनी महिला एथलीटों को समर्थन देने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। पुरुषों की लीग की तरह हम महिलाओं को अधिक अवसर देने के लिए महिला कबड्डी लीग भी शुरू करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि हमारी लड़कियों को विकसित भारत के विकास में समान अवसर मिलें।

उन्होंने आगे कहा, हैदराबाद में चिंतन शिविर में हमने कॉरपोरेट क्षेत्र से एक खेल अपनाने और सर्वश्रेष्ठ वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। साथ ही ऐसे अकादमियाँ खोलने का भी निर्णय लिया जहाँ एथलीटों को अच्छे कोच मिलें और वे अच्छी कोचिंग दें। हम सरकार की ओर से कबड्डी सहित स्वदेशी खेलों के लिए भी यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## टाइगर वुड्स की हुई एकिलीज टेंडन सर्जरी, वापसी को लेकर अनिश्चितता बरकरार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ी टाइगर वुड्स को एक और झटका लगा है। उन्होंने अपने बाएं एकिलीज़ टेंडन की सर्जरी करवाई, जिससे उनकी वापसी पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। वुड्स ने बताया कि यह चोट फ्लोरिडा के जुपिटर में घर पर ट्रेनिंग के दौरान लगी। वुड्स ने सोशल मीडिया पर कहा, जैसे ही मैंने अपनी ट्रेनिंग और प्रैक्टिस बढ़ाई, मुझे बाएं एकिलीज़ में तेज दर्द महसूस हुआ। जांच में पता चला कि यह पूरी तरह से फट चुका है। आज सुबह वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा के 'हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी' में डॉ. चार्लटन स्टकन ने मेरी सर्जरी की, जो सफल रही। डॉ. स्टकन ने भी पुष्टि की कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, लेकिन वुड्स की वापसी को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं दी गई है।

वुड्स 15 बार के मेजर चैंपियन हैं और लगातार चोटों और सर्जरी से जूझ रहे हैं। पिछले साल



उन्होंने अपनी छठी पीठ की सर्जरी करवाई थी और वह अब भी 2021 की कार दुर्घटना के प्रभावों से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी यह ताजा सर्जरी अगले महीने होने वाले प्रतिष्ठित 'मास्टर्स' टूर्नामेंट से बाहर कर सकती है, जिससे उनके करियर पर और असर पड़ सकता है। वुड्स ने इस सप्ताह टीपीसी सॉग्रास में 'द प्लेयर्स चैंपियनशिप' में हिस्सा नहीं लिया था। इसके पीछे उन्होंने हाल ही में अपनी मां के निधन और अभ्यास की कमी को वजह बताया था। उनका आखिरी आधिकारिक टूर्नामेंट '2024 ओपन चैंपियनशिप' था, जहां वह कट में जगह नहीं बना सके थे। इसके अलावा, वह इस सीजन में ञतरु इवेंट्स में भी खेल चुके हैं। सर्जरी के बाद वुड्स ने कहा, अब मैं घर लौट आया हूं।

## इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** पौलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने खेले गए मुकाबले में चेक गणराज्य की कैरोलीना मुचोवा को 6-1, 6-1 से करारी शिकस्त देकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियाटेक ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने दबदबे को और मजबूत कर लिया है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में केवल छह गेम गंवाए हैं और अपने शानदार प्रदर्शन से लगातार आगे बढ़ रही हैं। बारिश की वजह से मुकाबले में देरी हुई, लेकिन खेल शुरू होते ही स्वियाटेक ने जोरदार लय पकड़ ली। उन्होंने शुरुआती चार गेम तेजी से अपने नाम किए और पहले सेट में अपनी पहली सर्व पर एक भी अंक नहीं गंवाया। दूसरी ओर, मुचोवा, जो पिछले साल कलाई की सर्जरी से उबरने के बाद यूएस ओपन के




सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, इस मुकाबले में अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं। दूसरे सेट में उनकी गलतियां और ज्यादा बढ़ गईं, जिससे स्वियाटेक ने आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। स्वियाटेक ने केवल 57 मिनट में मैच खत्म किया और एक शानदार सर्व के साथ जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन या यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा। मैच के बाद स्वियाटेक ने कहा, शुरुआत से ही मुझे लगा कि मैं बढ़त बना सकती हूं। मैंने शुरू में कम गलतियां कीं, जिससे मुझे फायदा मिला। मेरा ध्यान यही था कि कैरोलीना को उनके खेल में वापसी का मौका न दूं और मैं खुश हूं कि मैंने इसे अंत तक बरकरार रखा।

## न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया

**एजेंसी**

**लंदन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया है। वह टीम के दूसरे काउंटी चैंपियनशिप मैच से पहले इंग्लैंड पहुंचेंगे, जो हेडिंग्ले में वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ खेला जाएगा।27 वर्षीय सियर्स अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए अपने एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में उन्होंने 4 विकेट के बदले 90 रन देकर प्रभावित किया था। उन्होंने 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

बेन सियर्स के साथ न्यूजीलैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के भी यॉर्कशायर टीम में शामिल होंगे, जो इस साल के टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में खेलेंगे। वहीं,



क्लब ने सियर्स की तुलना न्यूजीलैंड के पूर्व यॉर्कशायर खिलाड़ी लॉकी फर्ग्यूसन से भी की है। बेन सियर्स ने अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा,मैं हेडिंग्ले पहुंचने और टीम के साथ खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। क्लब ने कुछ शानदार साइनिंग्स की हैं और मैं इसमें अपना योगदान देने के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा,सीजन की अच्छी शुरुआत करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हमारे शुरुआती चरण में कुछ बड़े मुकाबले हैं, और मैं टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैक्ग्रा ने कहा,बेन एक शानदार प्रतिभा हैं, जो अपनी गेंदबाजी में अतिरिक्त उछाल ला सकते हैं। सीजन की शुरुआत में जब पिचें हरी या धीमी हो सकती हैं, तब वह विरोधी टीम के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। मैं उनके आने और उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। वहीं, क्लब के जनरल मैनेजर गेविन हैमिल्टन ने कहा,बेन जैसे प्रतिभाशाली गेंदबाज को क्लब में शामिल करना यह दर्शाता है कि यॉर्कशायर का आकर्षण दुनियाभर के खिलाड़ियों के लिए बना हुआ है। वह एक रोमांचक प्रतिभा हैं और इस सीजन में टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। हम उन्हें अप्रैल में हेडिंग्ले में देखने के लिए उत्सुक हैं।

## आईपीएल :पंजाब किंग्स के खिलाड़ी दोबारा धर्मशाला में करेंगे चार दिन का अभ्यास



**एजेंसी**

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स की टीम इस बार आईपीएल के 18वें सीजन में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयारी में कोई कसर नहीं रखना चाहती है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह पांच दिनों तक अपने होम ग्रांउड धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद अब एक बार फिर से पूरी टीम चार दिनों के अभ्यास कैंप के लिए धर्मशाला पंहुच रही है। इसके लिए पंजाब किंग्स की टीम बुधवार को धर्मशाला पहुंचेगी। जबकि अभ्यास सत्र में वीरवार से टीम भाग लेगी। इस बार पंजाब किंग्स की पूरी टीम तैयारियों को लेकर पसीना बहाएगी। इतना ही नहीं इस बार टीम के कोच रिकी पोंटिंग की अगुवाई में कैप्टन श्रेयस अय्यर भी अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे। श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे और धर्मशाला में अभ्यास सत्र के लिए बुधवार को नहीं पहुंच पाएंगे। हालांकि वीरवार को धर्मशाला पहुंचकर टीम के साथ जुड़ जाएंगे। इसके साथ ही चैंपियन ट्राफी में भारतीय स्कवायड का हिस्सा रहे अर्शदीप सिंह सहित अन्य खिलाड़ी युजवेंद्र चहल, ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंगलिश, शशांक सिंह व अन्य खिलाड़ी बुधवार को धर्मशाला पहुंच जाएंगे।

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025: आर्मी के जवानों का दबदबा, हिमाचल प्रदेश ने पदक तालिका में ली बढ़त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया विंटर गेम्स के दूसरे और अंतिम चरण के तीसरे दिन भारतीय सेना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। आर्मी की चौकड़ी - नरसिंह थापा, राजेश्वर सिंह, सुनील राय और विशाल चंदल ने 49ः58.1 के समय के साथ पुरुषों की स्की माउंटेनियरिंग रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं।

उत्तराखंड की टीम - हिमांशु सिंह, हिमांशु कावन, सुनील राय और विशाल चंदल ने 52:50.97 समय के साथ रजत पदक जीता। राजेश्वर सिंह, जो पिछले तीन वर्षों से स्की माउंटेनियरिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं, ने इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर खुशी जाहिर की। उन्होंने इससे पहले स्की माउंटेनियरिंग स्प्रिंट स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।



राजेश्वर, जो इस समय गुलमर्ग स्थित हाई-एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में तैनात हैं, ने कहा, आर्मी ने मुझे हमेशा समर्थन दिया है और मेरे वरिष्ठों ने मुझे खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। गुलमर्ग में तैनात होने से मुझे यहां की परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। मैं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं और खेलो इंडिया ने हमारे जैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच दिया है।

भारतीय सेना ने नॉर्डिक स्कीइंग पुरुषों की 15 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। आर्मी के सनी सिंह ने 41:04.54 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि स्टैंजिन (41:20.70) ने रजत और थुपस्तान (41:51.38) ने कांस्य पदक जीता। हिमाचल प्रदेश ने अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पदक तालिका में जबरदस्त बढ़त बनाई। राज्य ने अल्पाइन स्कीइंग महिला स्लालम स्पर्धा में स्वर्ण, रजत और कांस्य तीनों पदक अपने नाम किए। अंचल ठाकुर (स्वर्ण), तनुजा ठाकुर (रजत) और प्रमिला ठाकुर (कांस्य) ने अपनी श्रेष्ठता साबित की। स्नोबोर्डिंग महिला स्लालम में भी हिमाचल प्रदेश का दबदबा रहा। प्रीति ठाकुर ने स्वर्ण और प्रकृति ठाकुर ने रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की उर्मिला पाबले ने कांस्य पदक जीता।

## आईपीएल 2025 से पहले कोलकाता पहुंचे नाइट राइडर्स

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले अपने अंतिम प्री-सीजन कैंप की शुरुआत करने के लिए सिटी ऑफ जॉय पहुंचे। 12 मार्च से प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में होने वाला यह कैंप सीजन ओपनर से पहले टीम की तैयारी का आखिरी चरण होगा।

प्री-सीजन कैंप में नए कप्तान और मजबूत कोचिंग स्टाफ के नेतृत्व में रणनीति को बेहतर बनाने और टीम के तालमेल को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। हेड कोच चंद्रकांत पंडित के नेतृत्व में, सहायक कोच के रूप में ओटिस गिब्सन और टीम के मेंटर के रूप में डीजे ब्रावो के शामिल होने से कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल 2025 अभियान में नई ऊर्जा आएगी। गत चैंपियन 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेंगे।

## ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन: शी युकी और ली शिफेंग दूसरे दौर में

**एजेंसी**

**लंदन।** चीन के शीर्ष वरीय शी युकी ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो को सीधे सेटों में 21-13, 21-8 से हराया।

शी (29) का मुकाबले से पहले वार्डोयो के खिलाफ 4-0 का सिर-से-सिर रिकॉर्ड था और उन्होंने केवल 34 मिनट में विश्व नंबर 34 वार्डोयो (26) को पराजित कर दिया।

शी, जो वर्तमान में विश्व नंबर 1 हैं, अब प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के चाउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। चाउ (विश्व नंबर 9) ने फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21-10, 21-12 से मात दी।

शी के हमवतन ली शिफेंग, जिन्होंने दो साल पहले ऑल इंग्लैंड खिताब जीता था, ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-11, 18-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब वह टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में



बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां शीर्ष वरीय डेनमार्क की जोड़ी किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन पहले ही दौर में बाहर हो गई। उन्हें इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और डेनियल मार्टिन की जोड़ी ने 22-20, 21-18 से हराया। महिला एकल वर्ग में शीर्ष दो वरीय, दक्षिण कोरिया की आन से-यंग और चीन की वांग झीयी, बुधवार को अपने-अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। वहीं, तीसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची ने पहले दौर में वियतनाम की नगुएन थुई लिन्ह को 21-19, 21-12 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

# बार्सिलोना ने बेनफिका को 3-1 से हराकर चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने खेले गए यूईएफए चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ़ 16 के दूसरे चरण में बेनफिका को 3-1 से हराकर कुल 4-1 के अंतर से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। कैम्प नू में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजीलियाई फारवर्ड राफिन्हा ने दो गोल दागे, जबकि युवा खिलाड़ी लामिन यामाल ने शानदार गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अब बार्सिलोना क्वार्टरफाइनल में लिले और बोरुसिया डॉर्टमुंड के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेगा।

**यामाल का जलवा, बेनफिका बेबस**

17 वर्षीय स्पेनिश विंगर लामिन यामाल पूरे मैच में बेनफिका के डिफेंस के लिए सिरदर्द बने रहे। उन्होंने 11वें मिनट में शानदार व्यक्तिगत कौशल दिखाते हुए दो डिफेंडरों को छकाया और राफिन्हा को बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर उन्होंने करीब से वॉली मारकर गोल कर दिया। हालांकि, बेनफिका ने तुरंत वापसी करते हुए निकोलस ओटामेंडी के हेडर से दो मिनट बाद ही बराबरी कर ली। लेकिन बार्सिलोना ने हमलों की झड़ी लगा दी। यामाल ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और डैनी ओल्मो के लिए मौके बनाए और खुद भी बॉक्स के किनारे से एक शॉट लिया जो लक्ष्य से थोड़ा चूक गया। आखिरकार, 28वें मिनट में यामाल ने कमाल का गोल दागा। उन्होंने बेनफिका के डिफेंडर सैमुएल डाहल को चकमा देकर बाएं पैर से शानदार शॉट लगाया, जो सीधा गोलकीपर अनातोली ट्रूबिन के टॉप-राइट कॉर्नर में जाकर लगा।

इस गोल के साथ, 17 साल और 241 दिन की उम्र में, यामाल चैंपियंस लीग में एक ही मैच में गोल और असिस्ट करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने बेसल के लिए 2014 में ब्रील एंबोलो द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को 22 दिनों से तोड़ दिया।

**राफिन्हा का दम, ब्राजीलियाई रिकॉर्ड ध्वस्त**

बार्सिलोना ने 42वें मिनट में एक त्वरित काउंटर-अटैक के जरिए अपनी बढ़त को 3-1 कर लिया, जब राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। इस गोल के साथ, उन्होंने इस सत्र में 11 गोल कर चैंपियंस लीग के टॉप स्कोरर बन गए।

28 वर्षीय राफिन्हा एक ही चैंपियंस लीग सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने वाले ब्राजीलियाई खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने 10 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए जैर्डेल, रिवाल्डो, काका, नेमार और फिरमिनो को पीछे छोड़ दिया।

**दूसरे हाफ में नियंत्रण, बार्सिलोना की शानदार फॉर्म बरकरार**

दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने आसानी से खेल को नियंत्रित किया, जबकि बेनफिका के पास वापसी करने की ताकत और इच्छाशक्ति नहीं दिखी। मैच के अंतिम क्षण एक ट्रेनिंग सेशन जैसे लगने लगे।

बार्सिलोना इस समय शानदार फॉर्म में है और सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 17 मैचों से अजेय बना हुआ है। टीम ला लीगा में शीर्ष पर है और कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, जहां उसे एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ 2 अप्रैल को दूसरा चरण खेलना है।

**राफिन्हा बोले - 'हम हर खिताब के प्रबल दावेदार'**

मैच के बाद राफिन्हा ने कहा, हम हर टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार हैं। हमें पता था कि बेनफिका मजबूत टीम है, लेकिन हम पूरी तरह तैयार थे। हमने पहले हाफ में शानदार खेल दिखाया। यामाल का गोल अद्भुत था। वह बेहतरीन क्वालिटी वाले खिलाड़ी हैं और उनके साथ हम कोई भी ट्रॉफी जीत सकते हैं।

# विदेशों में होली के दिलचस्प रंग



**रंगों का रंगीला पर्व होली केवल हमारे देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी मनाया जाता है। हां, विदेशों में होली मनाने के रंग-ढंग हमसे कुछ भिन्न जरूर हैं, किन्तु वहां पर भी उसी उत्साह और उमंग से होली मनाई जाती है। होली के शुभअवसर पर क्यों न विश्व के विभिन्न दे शों में होली मनाने का जायजा लिया जाए और देखें कि वहां कैसे मनाई जाती है होली**

**अमेरिका** में एक त्योहार मनाया जाता है 'होबो'। होबो के दिन दुनिया भर के फूहड़पन अमेरिका में देखा जा सकता है। उस दिन होबो बने लेगों की एक सभा होती है। उस सभा में जाने के लिए जो पोशाक पहनी जाती है, उसमें किसी के पतलून की एक टांग गायब होती है तो कोई शर्ट के बटन वाला भाग पीठ की ओर करके पहने होता है। किसी के एक पैर में जूता होता है, तो दूसरे पैर में चप्पल। चेहरे पर ऐ सा मेकअप किया जाता है कि खुद होबो के घर वाले भी पहचान न पाएं। इस सभा में जो सर्वाधिक बेहूदगी करता है, उसकी प्रशंसा की जाती है और उसे अन्य होबोओं द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। अमेरिका में 31 अक्टूबर को 'हेलाइन' नाम से रंगों का त्योहार भी पूरे उत्साह और उल्लास से मनाया जाता है।

**इटली** : यहां होली का प्रतिरूप त्योहार 'बेलियाकोनोन्स' के नाम से मनाया जाता है। इस दिन छोटे-बड़े सभी एक दूसरे पर सुगन्धित जल छिड़कते हैं और उन्हें घास के बने आभूषण भेंट करते हैं। यहां पर होली काफी शालीनता से मनाई जाती है। अन्न की देवी 'फ्लोर' को खुश करने के वास्ते तथा खेती की उन्नति के लिए शाम को बिल्कुल भारत की तरह इटली के लोग लकड़ियां एकत्र कर जलाते हैं और अग्नि के आसपास नाचते-कूदते हैं। इस मौके पर आतिशबाजी करने की प्रथा भी यहां प्रचलित है।

**फ्रांस** : यहां लोग बेहद उत्साह से होली मनाते हैं। इस दिन फ्रांसीसी लोग काफी हुड़दंग मनाते हैं और एक-दूसरे पर रंग-बिरंगे गुलाल और रंग मलते हैं। हर साल 13 अप्रैल को मनाए जाने वाले इस त्योहार को फ्रांस में 'मूर्ख का त्योहार' कहा जाता है। वहां जो भी होली के हुड़दंग से बचने की कोशिश करता है, उसका मुंह सभी हुड़दंगी मिलकर काला कर देते हैं और उसके सिर पर सींग लगाकर उसे भैंस की आकृति दी जाती है। फिर उसे सारे बाजार में घुमाया जाता है। इससे एक दिन पहले घास-फूस की बनी मूर्तियों को सारे नगर में घुमाकर शाम को उन्हें जला दिया जाता है।

**अफ्रीका** : मार्च-अप्रैल के मध्य मनाया जाने वाला त्योहार 'औमेना वैका' भारतीय होली का मिलता-जुलता रूप है। यहां पर 'वौंगा' नामक एक अत्याचारी राजा का पुतला जलाया जाता है। इस संबंध में यह मान्यता प्रचलित है कि 'वौंगा' नामक एक अत्याचारी राजा को प्रजा ने जलाकर मार डाला था। तब से प्रतिवर्ष उसी ढंग से 'वौंगा' का पुतला जलाकर यह त्योहार मनाया जाता है और खुशियां मनाई जाती है। दूसरे दिन कुछ अफ्रीकी क्षेत्रों में एक दूसरे पर रंग भी छिड़कते हैं।

**रूस** : 31 मार्च के दिन हर साल 'हास्य पर्व' मनाया जाता है। इस दिन यहां भारत सरीखे महामूर्ख सम्मेलन इत्यादि आयोजन किये जाते हैं। भारत के पड़ोसी देश बर्मा में होली को 'तेच्या' कहा जाता है। यहां यह पर्व चार दिन तक मनाया जाता है। इन चार दिनों में बच्चे-बड़े सभी राह चलते लोगों पर पिचकारियों से रंग फेंकते हैं। इस पर्व के अवसर पर एक दिन का राष्ट्रीय अवकाश भी होता है।

**श्रीलंका**: यहां भी भारत के तौर-तरीकों से होली मनाई जाती है। वहां के लोग इस पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश भी मनाते हैं। श्रीलंका में रात्रि को 'होलिका दहन' करते हैं और दूसरे दिन रंग-गुलाल भी खेलते है।

**चीन**: यहां लोकप्रिय पर्व 'च्वेजे' के दिन से एक पखवारे तक खुशियां मनाई जाती है और रंगों से खेला जाता है। यहां यह पर्व वसंत के बाद प्रारंभ होता है और हर चीनी इसमें बहुत उमंग के साथ हिस्सा लेता है । थाईलैंड में इसे 'सांगक्रान' कहा जाता है। अप्रैल माह में मनाये जाने वाले इस त्योहार में लोग एक-दूसरे पर सुगंधित जल डालते हैं और बौद्ध भिक्षुओं को भिक्षा देते हैं।

**चेकोस्लोवाकिया** : यहां होली को 'बेलिया कोनोन्से' के नाम से मनाया जाता है। यहां पर इस दिन लोग भारत की भांति एक दूसरे पर रंग छिड़कते हैं और गुलाल मलते हैं। इस मौके पर नाच-गाना भी होता है। यूनान में 'मैपोल' नाम से एक त्योहार मनाया जाता है। इस उत्सव में एक खंभा गाड़ा जाता है और उसके आसपास ढेरों लकड़ियां एकत्र कर रात के समय आग लगा दी जाती है। इस दिन लोग अपने देवता 'डोयनोसिय' की पूजा कर शराब पीते हैं।

**मिस** : यहां मार्च महीने में होली की तरह ही एक पर्व मनाया जाता है, जिसमें रंगों का भरपूर उपयोग होता है। यहां इसे 'फलिका' नाम से जाना जाता है।

**पोलैंड** के लोग 'आरशिना' नामक त्योहार होली की भांति मनाते हैं। यहां लोगों की टोलियां इस दिन एक दूसरे पर फूलों से निर्मित रंग डालते हैं और आपस में गले मिलते हैं।

**जापान** में यह पर्व वसंत के आगमन तथा नई फसल की खुशी में मनाया जाता है। मार्च महीने में होने वाले इस उत्सव में नाच-गाने तथा विविध प्रकार के मनोरजंक कार्यक्रमों की भरमार होती है। बेल्जियम में 'मूर्ख दिवस' के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व पर लोग अपने पुराने जूते जलाते हैं तथा नाचते-गाते और हंसी-मजाक करते हैं। जो लोग इस उत्सव में शामिल नहीं होते, उनका चेहरा काले रंग से पोत कर उन्हें गधे की पीठ पर बैठा कर जुलूस निकालते हैं।

**हंगरी** देश का ईस्टर त्योहार भारत के होली पर्व जैसा ही है। लड़के-लड़कियां आपस में रंग छिड़कते हैं तथा मिठाई बांटते हैं। इस दिन नाच-गाकर लोग आनंद मनाते हैं।

**जर्मनी** में ईस्टर के दिन लकड़ियां एकत्र कर उसमें आग लगा देते है। बच्चे और युवक आपस में रंग खेलते हैं। साइबेरिया में घास-फूस तथा जलाने की लकड़ी घर-घर संग्रह की जाती है। पुरु ष तथा महिलाएं मिलकर होली जलाते हैं। इन देशों के अलावा विश्व के अन्य देशों में भी अलग-अलग अंदाज में होली मनाई जाती है। इसमें संदेह नहीं कि होली एक अंतरराष्ट्रीय त्योहार है।'



# बनी रहे रंगपर्व की गरिमा

रंगों का त्योहार होली एक अनूठा पर्व है। एक अलग ही छटा लिए है यह उत्सव। इसकी पौराणिक मान्यता तो है ही सामाजिक महत्व भी बड़ा अर्थपूर्ण है। शांति और सद्भाव का संदेश देने वाला यह त्योहार भेदभाव और ऊंच नीच को भुलाकर एक हो जाने का दिन है। यह त्योहार उदारता और सहिष्णुता की सीख देता है। इसीलिए हमें याद रखना होगा कि होली में अमर्यादित मौज मस्ती से कहीं अधिक मायने रखता है। रंगों की आभा से मन -जीवन को रंगना और हर उस रिश्ते को जीवंत बना लेना जिसके बिना जिंदगी बेरंग है। साथ ही संयमित और सधे ढंग से उल्लास और हर्ष की अभिव्यक्ति करना ताकि हमारा व्यवहार खुशियों के रंग बिखेरे न कि किसी के दिल को ठेस पहुंचाये।

### मस्ती की धुन में गरिमामयी व्यवहार

होली मस्ती और धमाल का त्योहार है पर इस मस्ती में कई बार त्योहार की गरिमा ही खो जाती है। मन क्षुब्ध हो जाता है जब होली के हुड़दंग के नाम पर हर साल कई जानें जाती हैं। जोश में होश खो देने वाले युवा सड़क हादसों के शिकार बनते हैं। महिलाओं और बुजुगरे के साथ अभद्रता का व्यवहार होता है। इतना ही नहीं, विदेशों से हमारी सांस्कृतिक विरासत की सतरंगी छटा देखने और भारत आकर इस त्योहार को मनाने वाले पर्यटकों के साथ होने वाली बदसलूकी भी अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। अक्सर देखने में आता है कि ऐसे हुड़दंग और असभ्य व्यवहार में युवाओं की भगीदारी सबसे ज्यादा होती है। ऐसा असामाजिक व्यवहार करने वाले युवा अन्य लोगों के साथ ही पुलिस प्रशासन के लिए भी समस्या बनते हैं। कई बार तो इन गतिविधियों में स्वयं उनका जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। ऐसा हुड़दंग हमारी संस्कृति और इन सांस्कृतिक पर्व की गरिमामयी छवि क ठेस पहुंचाता है। आनं द और रंगों की उमं गों के बीच व्यवहार और विचार की नकारात्मकतालिए यूं मानवीय गुणों को ताक पर रखना इस पर्व की गरिमा को धूमिल करता है।



### समझिए उल्लास और उन्माद का अंतर

कोई भी त्योहार जब उसकी मूल भावना को भुलाकर उन्मादी ढंग से मनाया जाता है, तो पूरे समाज को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। आज के दौर में नशा और उदंडता भरा विवेकहीन व्यवहार हमारे त्योहारों का रूप विकृत कर रहे हैं। आज के युवा भूलने लगे हैं कि सामाजिक समरसता पैदा करने वाले इस रंगों के उत्सव को मनाने के लिए मर्यादाओं को भू लना इसके स्वरूप को ही विकृत कर रहा है । होली उल्लास का उत्सव है। जीवन में सतरंगी मिठास घोलने का मौका है न कि किसी की जिंदगी के रंग छीनने या उसे बेरंग कर देने का। इसीलिए जरूरी है कि उल्लास को उदंडता न बनने दें । इस पर्व के आध्यात्मिक और सामाजिक भावों को समझते हुए जीवन में खुशियों के रंग भरने की कोशिश हो न कि मस्ती और धमाल के नाम पर अराजक व्यवहार को अपनाया जाए। त्योहार को ऊर्जावान और जीवंत व्यवहार के साथ मनाएं, लेकिन दुस्साहसी न बनें। एडवेंचर के नाम पर हमारी उत्सवधर्मिता बदरंग न हो। इसका ख्याल रखना हमारा कर्त्तव्य भी है और जिम्मेदारी भी।

### संवेदनाओं-परंपराओं को पोषित करें

हमारे पर्व-त्योहार हमारी संवेदनाओं और परंपराओं का जीवंत रूप हैं जिन्हें मनाना या यूं कहें की बार-बार मनाना, हर साल मनाना हर भारतीय को अच्छा लगता है। पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है जहां मौसम के बदलाव की सूचना भी त्यहारों से मिलती है। इन मान्यताओं, परंपराओं और विचारों में हमारी सभ्यता और संस्कृति के अनगिनत सरोकार छुपे हैं। जीवन के अनोखे रंग समेटे हमारे जीवन में रंग भरने वाली हमारी उत्सवधर्मिता की सोच मन में उमंग और उत्साह के नये प्रवाह को जन्म देती है। हमारा मन और जीवन दोनों ही उत्सवधर्मी है। मेले और मदनोत्सव के इस देश में होली जैसा उत्सव हमारे मन में संस्कृतिबद्ध उपजाता है। ऐसी उत्सवधर्मिता परिवार और समाज को एक सूत्र में बांधती है। संगठित होकर जीना सिखाती है। सहभागिता और आपसी समन्वय की सौगात देती है। होली का सतरंगी पर्व तो इस उत्सवधर्मिता को सही अर्थों में साकार करता है। ऊंच-नीच से परे सबको एक कर देने का भाव लिए। आज के आपाधापी भरे तनावपूर्ण जीवन में रंगों की बौछार लिए होली का पर्व हमें नये रंग में रंग जाता है। ऐसे में मस्ती के नाम पर की गई गलती या गैर जिम्मेदार बर्ताव के चलते किसी का जीवन बेरंग ना हो जाए, ये ख्याल मन में होना जरूरी है।

## रासायनिक रंगों के साथ

# भांग का सेवन भी एक खतरा

हेल्थ

**भांग का सेवन बहुत ज्यादा खतरनाक होता है। भांग का सेवन करने वालों में यूफोरिया, एंजाइटी, याददाश्त का असंतुलित होना, साइकोमोटर परफॉर्मेंस जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। एक शोध के अनुसार यदि कोई व्यक्ति 15 वर्ष से भांग का सेवन करने लगता है तो 26 वर्ष तक की आयु में उसमें मानसिक विकार होने की संभावना 4 गुना ज्यादा बढ़ जाती है**

महिलाओं में भांग के सेवन से उनके मां बनने की छमता पर बहुत बुरा असर पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाओं द्वारा भांग का सेवन करने से इसका असर भ्रूण पर पड़ता है। भांग का उपयोग करने से भूख में कमी, नींद आने में दिक्कत, वजन घटना, चिड़चिड़ापन, आक्रामकता, बेचैनी और क्रोध बढ़ना जैसे लक्षण शुरू हो जाते हैं। भांग का सेवन करने से हृदय गति, ब्लड प्रेशर में बदलाव के हृदय संबंधी बीमारी के गंभीर परिणाम सामने आते हैं। इसका क्रोनिक प्रभाव दिमाग पर पड़ने के साथ ही ड्रग की तरह लत भी लग सकती है। भांग से यूटेरो में उल्टा असर हो सकता है और इसकी वजह से मस्तिष्क के विकास में गड़बड़ी संभव है। भांग के परिणाम धूम्रपान की तरह ही होते हैं जो तंबाकू को धूम्रपान के तौर पर लेते हैं, इसलिए इससे परहेज करना चाहिए। कम उम्र के लोगों में इसका असर वयस्कों की तुलना में कहीं ज्यादा होता है। भांग के रासायनिक यौगिक आंख, कान, त्वचा और पेट को प्रभावित करते हैं।

### भांग के सेवन से दुष्प्रभाव

- भांग के सेवन के बाद एक ही व्यक्ति को अपने मन की स्थितियों या परिस्थितियों के अनुसार प्रिय या अप्रिय प्रभाव महसूस हो सकते हैं।
- छात्रों द्वारा प्रयोग करने पर पढ़ाई के दौरान ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत महसूस होती है।
- काम के दौरान भांग का सेवन करने से दिन में सपने देखने की संभावना ज्यादा होती है, जिससे कामकाज पर प्रभाव पड़ता है।
- भांग के नियमित उपयोग से साइकोटिक एपिसोड या सीजोफेनिया (मनोभाजन) होने का खतरा दोगुना हो सकता है।
- यदि कोई व्यक्ति 15 वर्ष से भांग का सेवन करने लगता है तो 26 वर्ष तक की आयु में उसमें मानसिक विकार होने की संभावना 4 गुना ज्यादा बढ़ जाती है।
- भांग का आदी होने पर आदमी अन्य सभी चीजों में रुचि लेना बंद कर देता है और अपनी अन्य जरूरतों को पूरा नहीं कर पाता।
- भांग के सेवन से घबराहट, अत्यधिक चिंता, उल्टी और अधिक खाने की इच्छा भी हो सकती है।

(कॉस्मेटिक स्किन एंड होम्योक्लीनिक की कॉस्मेटोलॉजिस्ट व होम्योफिजीशियन करुणा मल्होत्रा से बातचीत पर आधारित)

